■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 289
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
24 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1837 :** कनाडा में अश्वेत नागरिकों को वोट डालने का अधिकार दिया गया।

**1855 :** कोलकाता से आगरा के बीच पहली बार टेलीग्राफ से लंबी दूरी का संदेश प्रेषित किया गया।

**1855 :** ब्रिटिश कैबिनेट मिशन भारत पहुंचा।

**1932 :** अमेरिका में पहली बार चलती ट्रेन से रेडियो प्रसारण किया गया।

**बीता हुआ कल बदला नहीं जा सकता, लेकिन आने वाला कल हमेशा आपके हाथ में होता है।**

# निर्वाचन आयोग ने शुरू की विधानसभा चुनाव की तैयारी

## आयोग ने 25 मार्च को बुलाई महत्वपूर्ण बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार की सियासत गरमाई हुई है। सभी पार्टियों के द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जा रही है और उस रणनीति को जमीनी स्तर पर उतारने की भी कोशिश की जा रही है। वहीं दूसरी ओर निर्वाचन आयोग ने भी बिहार में चुनाव की तैयारी शुरु कर दी है। इसको लेकर विभाग ने अपनी पहली बैठक भी बुला ली है। इस बैठक में निर्वाचन विभाग कई अहम फैसले लेगा। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में कम मतदान वाले बूथों पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

**25 मार्च को होगी अहम बैठक**

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर 25 मार्च को निर्वाचन विभाग में पहली अहम बैठक होगी। यह बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इसमें जिलास्तरीय स्वीप नोडल अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में चुनाव में मतदाता सहभागिता बढ़ाने और जागरूकता अभियान चलाने को लेकर चर्चा की जाएगी। इस संबंध में निर्वाचन विभाग के अवर सचिव प्रमोद कुमार ने सभी जिलों के डीएम को पत्र भेजा है।

**कम मतदान वाले बूथों पर विशेष रणनीति**

चुनाव में कम मतदान वाले बूथों पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष रणनीति बनाई जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक बूथों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। मतदान प्रतिशत के हिस्सा से बूथों तो तीन श्रेणियों में बांटा जाएगा। पहले श्रेणी में उन बूथों को रखा जाएगा, जहां वोटिंग प्रतिशत अधिक है। वहीं दूसरे श्रेणी में उन बूथों को शामिल किया जाएगा, जहां मतदान प्रतिशत सबसे कम है। तीसरे श्रेणी में वैसे बूथ होंगे जहां मतदान प्रतिशत मध्यम है।

**तीन श्रेणी में बंटेगा बूथ**

इ श्रेणीः सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले बूथ, उ श्रेणीः सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ और ए श्रेणीः मध्यम मतदान प्रतिशत वाले बूथ। हर श्रेणी के लिए अलग-अलग तरीके से जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। फिलहाल, निर्वाचन विभाग मतदाता सूची तैयार करने, संशोधन करने और नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया में जुटा है। 1 जनवरी, 2025 की अहर्ता तिथि के आधार पर अंतिम मतदाता सूची जारी की गई है।

**राष्ट्रीय औसत से अधिक मतदान का लक्ष्य**

बिहार में मतदान प्रतिशत को राष्ट्रीय औसत से ऊपर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों के अनुसार, 2020 के विधानसभा चुनाव में बिहार में 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ था। 2024 के लोकसभा चुनाव में यह घटकर 56.28 प्रतिशत रह गया। 2019 के लोकसभा चुनाव का राष्ट्रीय औसत मतदान प्रतिशत 67.40 था, जबकि 2024 में यह घटकर 66.10 प्रतिशत हो गया। निर्वाचन विभाग का प्रयास है कि बिहार में मतदान प्रतिशत को बढ़ाकर राष्ट्रीय औसत के करीब या उससे अधिक पहुंचाया जाए।

## लोहरदगा : सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** झारखंड जिले के लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा हुआ है। सड़क हादसे में तीन युवकों की जान चली गयी है। कैमो महुआ टोली के समीप बॉक्साइट लदे ट्रक की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उन्हें नहीं बचाया जा सका। सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है। रविवार की शाम को बॉक्साइट लदे ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक की चपेट में आये युवकों को स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक और खलासी मौके से फरार हो गए।

## सीएम की इफ्तार पार्टी में जुटे बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान के मौके पर रविवार को अपने आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। दरअसल, हर साल रमज़ान के दौरान बिहार में मुख्यमंत्री आवास पर भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है, जिसमें मुस्लिम समाज के बड़े-बड़े रहनुमा, उलेमा, बुद्धिजीवी और राजनीतिक चेहरे शामिल होते रहे हैं लेकिन इस साल कुछ मुस्लिम संगठनों ने इसका बहिष्कार का ऐलान किया था। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि आज भी मुसलमानों का जितना भरोसा जदयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर है, उतना दूसरे दलों पर नहीं है। उन्होंने कहा कि दूसरे दल सिर्फ मुसलमानों का यूज करते हैं जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुसलमान के विकास और हित के लिए काफी काम किए हैं। उन्होंने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव को स्थायी रूप से बिहार की जनता घर बैठा देगी। राजनीति अब उनके लिए दूसरी वस्तु बन जाएगी। वहीं इस मामले में भाजपा प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने मुसलमानों को राजद से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने मुस्लिम संगठनों से अपील की है कि राजद के कारगुजारियों से दूर हैं, वे लोग एमवाई को अपना बपौती समझते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सबका साथ सबका विकास के साथ बिहार का विकास और आपसी सद्भाव के साथ चल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हॉस्टल के कमरे में मिला छात्रा का शव

**शिवहर (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के शिवहर जिले के गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार देर शाम एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब फाइनल ईयर की छात्रा आकांक्षा शाही का शव हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया गया। छात्रा मुजफ्फरपुर जिले की निवासी थी और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। इस घटना से पूरे कॉलेज में हड़कंप मच गया। छात्रा के कमरे से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर साथी छात्र-छात्राओं ने हॉस्टल प्रशासन को सूचना दी। दरवाजा खोले जाने पर आकांक्षा का शव पंखे से लटका हुआ मिला। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

### लापता युवक की मिली लाश

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** समस्तीपुर के मुसरीघरारी थानाक्षेत्र के बथुआ बुजुर्ग गांव स्थित मक्का के खेत में रविवार को एक युवक का शव मिला। मृतक के जेब में सल्फास की गोली का खाली रैपर मिला है। जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि युवक ने आत्महत्या की है। युवक की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के जितवारपुर कुम्हिरा गांव के वार्ड 5 निवासी यशवंत चौघरी के 25 वर्षीय बेटे मनीष चौघरी के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। मृतक के चाचा दीपक कुमार चौधरी ने कहा कि भतीजा मनीष गुजरात के अहमदाबाद में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। 6 महीने पहले शादी हुई थी। पारिवारिक परेशानी के कारण परेशान था। 13 दिन पहले गुजरात से गांव लौटा था।

### फंदे से लटका मिला फल व्यवसायी का शव

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** भागलपुर में फंदे से लटका फल व्यवसायी विक्की कुमार (35) का शव बरामद हुआ है। घटना जिले के जोकसर थाना क्षेत्र की है, जहां गमछे से लटका हुआ शव मिला है। दरअसल, विक्की बड़ी पोस्ट ऑफिस के पीछे वाली गली में डॉ. उदयकांत शाह के बेटे के मकान में रहता था। वहां ही फल का गोदाम बनाए हुए था। विक्की घंटाघर चौक पर फुटपाथ की दुकान लगाकर फल बेचता था। हालांकि कुछ दिनों से विक्की फल का थोक विक्रेता बन गया था। वहीं कमरे से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, हालांकि लोगों का कहना है कि हैंडराइटिंग उसकी नहीं है।

## बेरोजगारों से ठगी करने वाले पांच साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** हाजीपुर में नौकरी के नाम पर बेरोजगार युवाओं से ठगी करने वाले पांच साइबर फ्रॉड को महुआ थाना के नारंगी उर्फ मारगी गांव से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मोबाइल, फर्जी सिम कार्ड, बाइक, कार व मादक पदार्थ बरामद हुए हैं। यह जानकारी रविवार को महुआ एसडीपीओ दुर्गाशक्ति ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मारगी गांव की एक दुकान में कुछ साइबर फ्रॉड नशा करते कर रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही महुआ थाना की पुलिस ने मारगी गांव में प्रमोद कुमार की दुकान में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने पांच लोगों को पकड़ा और उनकी तलाशी ली। तलाशी के क्रम में उन लोगों के पास से मोबाइल, फर्जी सिम कार्ड, बाइक, कार व मादक पदार्थ बरामद किये गये। सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि ये सभी खुद को कंपनी का मैनेजर और सुपरवाइजर बताकर लोगों को नौकरी का झांसा देते थे। साथ ही बेरोजगार युवाओं से धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठते थे। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल की जांच की तो लेन-देन से जुड़े अहम साक्ष्य मिले।

## भीषण सड़क हादसे में चार बारातियों की मौत

■ **लौटने के क्रम में हुई दुर्घटना, पांच की हालत नाजुक**


दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में सड़क हादसा हुआ है। जिले के लाखो थाना क्षेत्र के एनएच 31 स्थित खातोपुर के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में चार लोगो की मौके पर मौत हो गई है, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाले सभी लोग लोहिया नगर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 27 पहाड़चक के रहने वाले हैं।

**डिवाइडर से टकरायी स्कॉर्पियो :**

परिजनों के मुताबिक सभी लोग बारात से लौट रहे थे, अहले सुबह खातोपुर के पास यह हादसा हुआ। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के डिवाइडर से टकराने के कारण यह घटना घटी है। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो का चक्का पंचर हो जाने से स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। गाड़ी में कुल 9 लोग सवार थे। हादसे में 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**बाराती से लौट रहे थे सभी :**

बाराती में शामिल शत्रुघ्न कुमार ने बताया कि वे लोग साहेबपुर कमाल प्रखंड क्षेत्र से एक बाराती में शामिल होकर लौट रहे थे। हालांकि वह दूसरी गाड़ी से पीछे-पीछे आ रहे थे। खातोपुर चौक के पास एक्सीडेंट के बाद सभी लोग सड़क पर गिरे पड़े थे। चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। बाराती शत्रुघ्न कुमार ने बताया कि हम दूसरी गाड़ी में थे। सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचे तो देखे कि स्कॉर्पियो का एक्सीडेंट हुआ है। उस गाड़ी में 10-11 लोग थे। 4 लोग डेथ कर गए हैं, बाकी लोग घायल हुए हैं। सभी लोग बाराती से लौट रहे थे। घटना के संबंध में सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि सभी लोग स्कॉर्पियो पर सवार होकर बारात से लौट रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई। मौके पर चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल हैं। उन्होंने बताया कि मरने वाले सभी लोग पहाड़चक के रहने वाले है। हादसे की वजह के बारे में डीएसपी ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि स्कॉर्पियो का चक्का पंचर हो जाने के कारण यह हादसा हुआ है।

## नक्सलियों के खिलाफ अभियान लगातार रहेगा जारी : हेमंत

### नक्सली हमले में मारे गये शहीद सब इंस्पेक्टर सुनील मण्डल को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के द्वारा जमीन के नीचे बिछाए गए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ 193 बटालियन के शहीद सब इंस्पेक्टर सुनील मण्डल को रांची स्थित सीआरपीएफ कैंप में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनका ढाढ़स बंधाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के परिवार के साथ सरकार का साथ हमेशा रहेगा। शहीद सब इंस्पेक्टर को झारखंड के मुख्य सचिव, डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ आईजी अभियान, आईजी सीआरपीएफ, आईजी रांची, डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद सब इंस्पेक्टर को श्रद्धांजलि देने के बाद सीएम हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। ऑपरेशन से नक्सली हताश हैं। पुलिस पर हमला इसी हताशा का परिणाम है। सीएम ने शहीद सब इंस्पेक्टर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नक्सलियों का खिलाफ अभियान जारी रहेगा। बता दें कि झारखंड में नक्सलियों से लोहा लेते हुए शनिवार सब इंस्पेक्टर सुनील मण्डल वीरगति को प्राप्त हुए थे। सीआरपीएफ 193 बटालियन के सब इंस्पेक्टर जीडी सुनील कुमार मंडल अपनी टीम के साथ नक्सलियों के खिलाफ अभियान में निकले हुए थे। इसी दौरान चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा पहले से लगाए गए आईडी को विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल और सीआरपीएफ जवान जीडी पार्थ घायल हो गए।

## सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले में रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हैदराबाद।** दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के कथित आत्महत्या मामले में सेंट्रल एजेंसी ने बिहार पुलिस से जांच अपने हाथ में ले ली थी, जिसमें उनके पिता के के सिंह द्वारा पटना में दर्ज कराई गई शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। फोरेंसिक रिपोर्ट में सुशांत को जहर देने और गला घोंटने वाले दावों को खारिज कर दिया गया था। सीबीआई ने सुशांत की रुमर्ड गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती और उनके करीबी लोगों के बयान दर्ज किए थे और एक्टर के मेडिकल रिकॉर्ड की भी जांच की थी। अब चार साल बाद सीबीआई ने इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। सुशांत को राजपूत को 14 जून, 2020 को मुंबई के बांद्रा में उनके अपार्टमेंट की छत से लटका पाया गया था। वह (34) वर्ष के थे। सीबीआई ने बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के कथित आत्महत्या मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने मुंबई की स्पेशल अदालत के सामने अपनी रिपोर्ट पेश की जो अब तय करेगी कि रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या एजेंसी द्वारा आगे की जांच का आदेश दिया जाए।

## नीतीश सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए किये कई कार्य : डॉ. निर्मल कुशवाहा

■ **डॉ. कुशवाहा ने किया भव्य इफ्तार का आयोजन, दिया सौहार्द और भाईचारे का संदेश**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ने हमेशा सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखा है और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। हमारी सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा समाज में शांति और भाईचारे को प्राथमिकता देती है। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी समाज के हर तबके की बेहतरी के लिए कार्य करती रहेगी। यह बात पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता और औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रभारी डॉ. निर्मल कुशवाहा ने चंद्राराज वाटिका नील कोठी में एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन करते हुए कही। उनके इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों और राजनीतिक दलों से जुड़े कई गणमान्य लोग शामिल हुए। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने इस अवसर पर रोज़ेदारों के साथ इफ्तार किया और रमज़ान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमज़ान केवल उपवास रखने का नाम नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, इबादत और परोपकार का संदेश देता है। यह महीना हमें धैर्य, आत्मशुद्धि और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। रमजान में किए गए अच्छे कार्यों का सत्तर गुना पुण्य प्राप्त होता है, इसलिए सभी को जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. कुशवाहा ने इफ्तार के दौरान कहा कि रमजान समाज में समानता और भाईचारे की भावना को मज़बूत करता है, रमज़ान का असली मकसद समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा देना है। हमें जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए ताकि वे भी अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। इस आयोजन में विभिन्न धर्मों, समुदायों और राजनीतिक दलों के लोग एकजुट हुए और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उपस्थित गणमान्य लोगों ने समाज में प्रेम, भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अंसार कांफ्रेंस के अध्यक्ष मुमताज अंसारी, जावेद अंसारी, एकराम अंसारी, तौकीर अंसारी, जावेद, अनवर अनवर, आज़ाद हुसैन, अख्तर अंसारी, मो. तस्लीम उल हक, इशा अंसारी, वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मटूर पांडेय, असलम कुरैशी, जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, पार्षद मुजीब अंसारी, काली बाबू, लल्लू चौधरी, अरुण शर्मा, विनय चंचल, सरफुद्दीन अंसारी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी और अंगेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने रमज़ान की बधाई दी और सभी धर्मों एवं वर्गों के लोगों से सौहार्द और भाईचारे के साथ रहने की अपील की।

# 20 साल से बिहार को मिला धोखा : पवन खेड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार की समस्याओं का समाधान कांग्रेस ही करेगी। ''सरकार बदलो, बिहार बदलो'' के नारे के साथ कांग्रेस पार्टी बिहार की वास्तविक स्थिति जनता के सामने रखेगी और ठोस समाधान पेश करेगी। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (इऋएए) के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार, जो सत्याग्रह और क्रांति की भूमि रहा है, आज खुद बदलाव की राह देख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 20 वर्षों में बिहार को केवल धोखा मिला है। उन्होंने कहा, ''बिहार के लोगों को पलायन के लिए मजबूर किया गया। यहां प्रतिभा की कोई कमी नहीं, लेकिन सरकार ने इसका सही उपयोग नहीं किया।'' खेड़ा ने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इसमें राज्य की बदहाली का खुलासा हुआ है, लेकिन न तो संसद में इस पर चर्चा हो रही है और न ही विधानसभा में। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य की चिंता सभी को है, लेकिन बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था की चिंता किसी को नहीं। उन्होंने बताया कि बिहार के 86% विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है, अस्पतालों में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं और बच्चों में कुपोषण तथा किशोरियों में एनीमिया की समस्या गंभीर बनी हुई है। उन्होंने जाति जनगणना को लेकर भी सरकार पर हमला बोला और कहा कि तेलंगाना की तरह बिहार में इसे लागू करने में सरकार ने जानबूझकर देरी की। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि बिहार सरकार जातिगत सर्वेक्षण का तो ढिंढोरा पीटती है, लेकिन आज तक इसका सही लाभ लोगों तक नहीं पहुंचाया गया।

बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस बिहार में सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए राहुल गांधी के विजन को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि 'प्रदेश में दलितों और गरीबों को उनका हक दिलाने का काम कांग्रेस करेगी।' उन्होंने कांग्रेस के सुनहरे अतीत का जिक्र करते हुए कहा कि ''1990 के दौर की कांग्रेस को फिर से मजबूत किया जाएगा और संगठन को पुनर्गठित कर बिहार की राजनीति में कांग्रेस की अहम भूमिका तय की जाएगी। संवाददाता सम्मेलन में बिहार सह प्रभारी सुशील कुमार पासी, राष्ट्रीय मीडिया कॉर्डिनेटर अभय दुबे, बिहार कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय उपाध्याय, टीना कर्मवीर, ऋतु सिंह, अजय चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता आनंद माधव, डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, ज्ञान रंजन, पंकज चौधरी, प्रियंका गुप्ता और ज्योति सिंह आदि थे।

# पटना में 24 मार्च को होगा जिलास्तरीय युवा संसद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। मौलाना मजहरुल हक़ अरबी-फारसी विश्वविद्यालय में 24 मार्च को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पटना नोडल ज़िला स्तरीय युवा संसद-2025 का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मो. आलमगीर, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के क्षेत्रीय निदेशक गिरधर उपाध्याय, और नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता के लिए पटना, नालंदा और अरवल ज़िलों से सैकड़ों प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 95 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। एनएसएस समन्वयक डॉ. निखिल आनंद गिरि ने बताया कि मार्च का महीना महिलाओं को समर्पित है और इस वर्ष चयनित प्रतिभागियों में छात्राओं की संख्या अधिक है। ज़िला स्तरीय युवा संसद में प्रतिभागी ''एक राष्ट्र, एक चुनाव : विकसित भारत के पथ पर'' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। ज़िला स्तर पर सफल 10 प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर मौका मिलेगा, जहां से चयनित तीन वक्ताओं को भारतीय संसद में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। यह पहल 'विकसित भारत अ 2047' विज़न के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नीति-निर्माण और नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करना है।

## एक नजर

### अतिपिछड़ा माता-बहन के अधिकार की लड़ाई लड़ेगी आम आवाम पार्टी राष्ट्रीय

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आम जनता पार्टी राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यापति चंद्रवंशी का अतिपिछड़ा माता - बहन संवाद यात्रा के तहत मसौढी विधानसभा में स्थित तारेगना डीह मैदान में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में छात्राओं और महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अतिपिछड़ा समाज की महिलाओं को आज तक सिर्फ वोट बैंक के रूप में सभी दलों ने इस्तेमाल किया है। अतिपिछड़ा माता - बहन संवाद यात्रा समाज की बहनों और माताओं को प्रेरित करेगी कि अपने अधिकार को संघर्ष करके प्राप्त करना है, सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे मिले, इस पर भी उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अतिपिछड़ा माता-बहन के संपर्क में रहने को कहा। इस मौके पर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि वात्सायन ने कहा कि आगामी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में अतिपिछड़ा समाज को एकजुट होकर आम जनता पार्टी राष्ट्रीय के प्रत्याशी को वोट करना है।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बिहार रेखा कुमारी, प्रधान राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद परवेज खान, राष्ट्रीय महासचिव शिवनाथ, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुदर्शन सिंह, राष्ट्रीय सचिव राम किशोर सिंह, कार्यक्रम समिति के संयोजक दिनेश प्रसाद एवं रामनाथ चंद्रवंशी मनीष कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, विजय कुमार चंद्रवंशी सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### पुनपुन शाखा नहर परियोजना का बदला स्वरूप

**मसौढी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी के किसान गत कई वर्षों से प्रस्तावित पुनपुन शाख नहर परियोजना के खिलाफ संघर्ष चला रहे थे, इस परियोजना के लिए पटना जिला के पालीगंज, मसौढ़ी और पुनपुन प्रखंड में 276 मीटर चौड़ी पट्टी कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जाना था जबकि यह नहर परियोजना हमीदनगर (औरंगाबाद) पुनपुन बराज से निकलना था जबकि मसौढ़ी के किसान लंबे समय से पुनपुन नदी की तीसखोरा में बांध कर आहार पाइन से सिंचाई का प्रबंध करने की मांग करते आ रहे है लेकिन सरकार की नींद नहीं खुल रही है। किसान अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में 2011से ही इसके खिलाफ संघर्षरत थे। बिहार सरकार ने पुनपुन शाख नहर परियोजना का स्वरूप बदलते हुए यह घोषणा की कि अब जमीन अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। यह संघर्षरत किसानों की भारी जीत है। मुख्य अतिथि उमेश सिंह को जनकदेव सिंह ने अंगवस्त्र और माला पहना कर स्वागत किया। पटना जिला सचिव कृपा नारायण सिंह, मसौढी प्रखंड के सचिव शशि यादव ,अध्यक्ष भगवान सिंह को भी अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार ने बिहार विधानसभा के समक्ष 24 -25-26 मार्च 2025 को तीन दिवसीय किसानों का राज्यस्तरीय महापड़ाव कार्यक्रम करने जा रहे है।

# नुक्कड़ नाटक और लोकगीतों के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

## स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लें सभी पटनावासी : मेयर सीता साहू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार दिवस समारोह के तहत पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता टीम ने रविवार को गांधी मैदान में नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया। यह आयोजन पटना नगर निगम आयुक्त अनिमेष पाराशर के निर्देश पर किया गया, जिसमें शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पटना की मेयर सीता साहू, अपर नगर आयुक्त राजन सिन्हा, प्रवीण कुमार सिंह, उप नगर आयुक्त रामाशीष तिवारी, डॉ. दया निधि और आरिफ ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता भास्कर और प्रिया ने किया। पटना की मेयर सीता साहू ने कहा, 'स्वच्छता के लिए पटना नगर निगम संकल्पित है। सभी लोग आगे आएं और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दें।' उन्होंने बिहार दिवस के अवसर पर ''स्वच्छ पटना, स्वच्छ बिहार'' का आह्वान करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में अधिक से अधिक भागीदारी करने की अपील की। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक, लोक नृत्य और बिहार के पारंपरिक गीतों के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक का मंचन चंदन उगना के निर्देशन में हुआ, जिसमें निराला, साहिल सम्राट, शुभम मिश्रा, रणवीर कुमार, अभिनव पांडे, सोनू कुमार, गुड्डू कुमार और आलोक कुमार ने भाग लिया। नाटक के माध्यम से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने तथा स्वच्छताग्रहियों को सही तरीके से सौंपने का संदेश दिया गया।

कलाकारों ने बताया कि अगर अलग-अलग कचरे को अलग-अलग रखा जाए, तो उसकी प्रोसेसिंग आसान हो जाती है और कचरा भी उपयोगी बन सकता है। लेकिन सभी प्रकार के कचरे को एक साथ मिलाने से यह प्रक्रिया मुश्किल हो जाती है।

कार्यक्रम में आकाश कुमार, नंदन कुमार, मानसी कुमारी, खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी, रश्मि कुमारी, आकांक्षी, प्रियम सिंह, सौम्या रानी और आरव ने लोक नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।

लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने ''सबसे बड़ा है गहना, साफ रहना'', ''उत्तम दवा है सफाई बापू का कहना'', ''मिलजुल कर हम काम करेंगे, पटना शहर को साफ करेंगे'', जैसे गीतों के जरिए स्वच्छता की अलख जगाई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में अमरनाथ कुमार (ढोलक), अभिषेक कुमार (पैड), संजय कुमार (कीबोर्ड) ने संगत की, जबकि दिव्याश्री, माहिका और चंदन उगना ने भी स्वच्छता पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किए।

यह कार्यक्रम न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास था, बल्कि इसमें बिहार की सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाया गया। उपस्थित जनसमूह ने पूरे उत्साह से इस कार्यक्रम का आनंद लिया और स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी का संकल्प लिया।

# बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने संभाला पदभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधायक राजेश कुमार ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने औपचारिक रूप से निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह से पदभार ग्रहण किया।

**सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे**

पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर राजेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान मिलेगा और सभी नेताओं के सहयोग से पार्टी को और मजबूत किया जाएगा।' उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन को सशक्त बनाने के लिए अपेक्षित सहयोग की अपील की।

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में रहे शामिल**

इस महत्वपूर्ण अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मोतीलाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, बंटी चौधरी, प्रवीण सिंह कुशवाहा, अजय चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजेश कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस बिहार में संगठन को और मजबूती देने तथा आगामी चुनावों की तैयारी में जुटने की रणनीति पर काम करेगी।

# गांवों में चला जनसंपर्क अभियान

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** आगामी 13 अप्रैल को मसौढी मे क्षत्रिय समाज की ओर से भव्य क्षत्रिय रैली का आयोजन किया जाना है, जिसकी तैयारी को लेकर गांव गांव मे जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह उज्जैन ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना का आगमन होने जा रहा है। हमसबों की सात सूत्री मांगे है जिसमें बिहटा एयरपोर्ट का नाम बाबू वीर कुंवर सिंह के नाम से हो। क्षेत्रिय कल्याण बोर्ड का गठन किया जाय। पटना में क्षत्रिय छात्रावास के लिए जमीन आवंटित किया जाय। भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाय। इसके अलावा बाबू वीर कुंवर सिंह को भारत रत्न दिया जाये।

# गड़ेरिया समाज ने उठाई राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग

## बिहार चुनाव से पहले तेज हुई गतिविधियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच जातीय और सामाजिक संगठनों की सक्रियता बढ़ने लगी है। इसी क्रम में बिहार गड़ेरिया मोर्चा ने राजधानी पटना के मिलर स्कूल मैदान में एक विशाल रैली का आयोजन किया, जिसमें समाज के हजारों लोगों ने भाग लिया। रैली को संबोधित करते हुए गड़ेरिया मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष पाल ने समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर अपनी मांगें स्पष्ट रूप से रखीं। उन्होंने कहा, ''हमारा समाज वर्षों से उपेक्षित रहा है। अब समय आ गया है कि राजनीतिक दल हमें हमारे अधिकार दें। जो भी दल हमें उचित प्रतिनिधित्व देगा, हम उसे समर्थन देंगे।' संतोष पाल ने यह भी घोषणा की कि गड़ेरिया समाज बिहार में कम से कम पांच सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगा और समाज की मजबूती को दर्शाएगा। रैली में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी समाज को संगठित करने, राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने और जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया। बिहार में आगामी चुनावों के मद्देनजर यह रैली राजनीतिक दलों के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि गड़ेरिया समाज निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन-सा दल इस समुदाय को अपने पाले में करने के लिए आगे आता है।

# बिहार दिवस पर साइबर फ्रॉड और सुरक्षा उपायों पर जागरूकता व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सभागार में शनिवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ए.आई.सी.-बी.वी. फाउंडेशन और साइबर फ्रॉड एंड सेफ्टी मेजर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे से लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में साइबर लॉ विशेषज्ञ अंतरा झा ने साइबर अपराध से बचाव के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने साइबर क्राइम के प्रकार, ऑनलाइन स्कैम, साइबर पुलिस की भूमिका और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने आम जनता को साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने और डिजिटल सुरक्षा मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का उद्घाटन विजय प्रकाश (भा.प्र.से., सेवानिवृत्त, अध्यक्ष - बिहार विद्यापीठ), डॉ. राणा अवधेश (सचिव), डॉ. पूनम वर्मा (प्राचार्य, डी. आर.पी. एस.पी.एस. महाविद्यालय), नीरज सिंह (वित्त मंत्री), श्यामा नंद चौधरी (अपर सचिव) और प्रमोद कर्ण (सी.ओ.ओ., ए.आई.सी.-बी.वी.एफ.) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगीत प्राध्यापिका कंचन कुमारी के नेतृत्व में डी.एल.एड और बी.एड के प्रशिक्षुओं ने बिहार गीत और बिहार विद्यापीठ गीत की संगीतमय प्रस्तुति दी, जिसने माहौल को भावनात्मक और उत्साहपूर्ण बना दिया। इस विशेष अवसर पर बिहार विद्यापीठ के शिक्षक, प्रशिक्षु और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के लिए उपयोगी जानकारियां प्रदान कीं।

# मद्य निषेध कार्यालय का भवन निर्माण का रास्ता हुआ साफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी मेन रोड स्थित थाना से सटे पिछले कई महीनो से चल रहे नगर परिषद और मध निषेध कार्यालय के दावेदारी बीच अब रास्ता साफ हो गया है, अब उक्त भूमी खंड पर मद्य निषेध कार्यालय का भवन निर्माण कराया जाएगा, दरअसल बिहार सरकार के उप सचिव कामेश्वर मिश्रा ने बजट योजना 4/2025 के तहत कार्यपालक अभियंता, सेंट्रल डिविजन भवन प्रमंडल को मसौढ़ी उत्पाद कार्यालय भवन, बैरक, हाजत, मालखाना के साथ साथ 10 बेडेड महिला बैरक निर्माण हेतु स्थल ले-आउट प्लान एवं तकनीकि रूप से अनुमोदित प्राक्कलन भवन निर्माण विभाग के लिए अंचलाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, एवं अनुमंडल पदाधिकारी, मसौढ़ी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में मद्यनिषेध कार्यालय भवन, के निर्माण हेतु मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना को भूमि निःशुल्क हस्तांतरण की स्वीकृति दे दी है। समाहर्त्ता, पटना के द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि की विवरणी खाता संख्या 172, खेसरा संख्या 883, रकवा 16.244 डिसमिल है।ऐसे में अविलंब स्थल जॉच कर स्थलानुरूप स्थल ले आउट प्लान एवं तकनीकि रूप से अनुमोदित प्राक्कलन तैयार कर भवन निर्माण विभाग प्रक्रिया मे जुट गई है। गौरतलब की एक्साईज सुपरीटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि उक्त भूमि खंड पर जब मध निषेध कार्यालय का भवन निर्माण की बात चली थी तब नगर परिषद उस जमीन पर दावा किया था, तब अंचलाधिकारी के पत्रांक 272 और भूमि सुधार उपसमाहर्ता के पत्रांक 2863 के आलोक में अपर मुख्य सचिव राजस्व शाखा को स्वीकृति के लिए भेजी गई थी जहां से आदेश आ गया है।

# लल्लू मुखिया को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है : राजू प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बाढ़।** गौरक्षणी स्थित भागिरथी पेट्रोल पंप के परिसर में महान समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया की जयंती समारोह मनायी गयी। इस अवसर पर लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजू प्रसाद चंद्रवंशी ने अपने पदाधिकारियों एवं समर्थकों के साथ राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित की। इस अवसर पर लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण वीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया और पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह यादव उपस्थित नहीं थे। इस अवसर पर उन्होंने एक सांसद तथा स्थानीय प्रशासन पर लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव को झूठे मुकदमे में फसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिस मुकदमे में राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण वीर अंग यादव को फंसाया गया है उससे उनका दूर दूर तक नाता नहीं है। बाढ़ विधानसभा में उनकी बढ़ती लोकप्रियता से घबड़ा कर उन्होंने ऐसा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि 2024 और 2025 चुनावी वर्ष है जिसमे 2024 चला गया और 2025 में चुनाव होना है और यही मुख्य वजह है कि उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने प्रशासन को भी झूठे मुकदमे में शामिल होने का आरोप लगाया है और उन्हें प्राइवेट कंपनी की तरह काम करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन न्याय दिलाने वाला होता है लेकिन जाती विशेष के कुछ पुलिस पदाधिकारी किसी के कहने पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पटना की कुछ वरीय पुलिस पदाधिकारी से मिलकर न्याय की मांग की है। बता दें कि नवनिर्मित पार्टी लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव पर एससी एक्ट एवं अन्य कुछ धाराओं में उनपर मुकदमा किया गया है। इस मौके पर प्रभात रंजन, संजय कुमार, राम अनुज पहलवान, एड संजय यादव कि लोग मौजूद थे।

# एलन प्रारंभ कॅरियर काउंसलिंग फेयर में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** दसवीं बोर्ड परीक्षाओं के बाद एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, पटना द्वारा आयोजित एलन प्रारंभ कॅरियर काउंसलिंग फ़ेयर में 500 से अधिक स्टूडेंट्स और उनके अभिभावक पहुंचे। आशियाना-दीघा रोड स्थित वाउज स्प्रिंग्स ब्लॉक-ए कैंपस में आयोजित इस फ़ेयर में स्टूडेंट्स को उनके कॅरियर से जुड़े विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई।

**मेडिकल और इंजीनियरिंग कॅरियर की दी गई जानकारी**

एलन के पीएनसीएफ हेड विशाल केजरीवाल ने बताया कि यह फ़ेयर कक्षा 10वीं उत्तीर्ण कर 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जो शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक चला। फ़ेयर में मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। एलन के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स को मल्टीपल कॅरियर ऑप्शंस के बारे में अवगत कराया और इंजीनियरिंग, एमबीबीएस व चिकित्सा सेवा क्षेत्र में संभावनाओं को समझाया।

**गेम्स, एक्टिविटीज और कम्पीटिशन में दिखा उत्साह**

फेयर के दौरान स्टूडेंट्स और अभिभावकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बैलून शूटिंग, जंपिंग, गेम्स और फूड स्टॉल्स पर छात्रों ने आनंद लिया। कई तरह के कम्पीटिशन भी कराए गए, जिनमें प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम दिए गए।

**तनावमुक्त होकर चुनें कॅरियर की राह : एलन**

एलन के सेंटर हेड चेतन शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के बाद एक खुला मंच देना और तनावमुक्त माहौल में उन्हें कॅरियर की सही राह चुनने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स और पेरेंट्स दोनों को रुचि एवं सहमति से कॅरियर चुनना चाहिए, ताकि सफलता सुनिश्चित हो सके।

# कैमूर की बहू प्रोफेसर सावित्री का प्रिंसिपल पद पर चयन

**बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा किया गया चयन**

**उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं ने किया जिले का नाम रौशन**



**भभुआ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा जिले की महिला प्रोफेसर का चयन प्रिंसिपल के पद पर हुआ है। प्रिंसिपल के पद पर चयन से महिलाओं ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जिले का नाम रौशन किया है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा प्रिंसिपल के कुल 173 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था, जिसमें 116 का चयन किया गया है। 116 में कैमूर जिला की प्रोफेसर सावित्री सिंह शामिल हैं। सावित्री सिंह रोहतास जिला के रोहतास महिला कॉलेज सासाराम में संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं।प्रोफेसर सावित्री सिंह भभुआ अंचल के शिवपुर गाँव की हैं और कलेक्ट्रेट भभुआ में कार्यरत श्री ज्ञानेंद्र सिंह के परिवार की बहू हैं।शिक्षाविदों का कहना है कि शिक्षा में छात्राओं की भागीदारी बढ़ने से महिला विभिन्न क्षेत्रों में छोटे व बड़े पदों पर काबिज हैं। महिलाओं में बेहतर करने की जज्बा बढ़ती जा रही है, जिससे महिला सशक्तिकरण को काफी बल मिल रहा है।

# जदयू जिला अध्यक्ष बने अजय कुमार पटेल, कार्यकर्ताओं में ख़ुशी की लहर



**रामपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जदयू कैमूर के नये जिला अध्यक्ष श्री अजय कुमार पटेल के बनने पर जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है।जिला अध्यक्ष को बधाई देने लिए कार्यकर्ताओं का तांता लगा हुआ है वहीं देर शाम अतुल पटेल, सुशील जयसवाल, राकेश पटेल, उपेंद्र कुमार द्वारा उनके गांव दतियाव जाकर अंग वस्त्र भेंट कर जनता दल यूनाइटेड कैमूर का जिला अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वही आज जदयु कार्यालय पर राज्य परिषद सदस्य सुरेन्द्र त्यागी के अध्यक्षता में एक बैठक आहुत की गई जिसका संचालन राम नारायण राम ने किया। वही बैठक सर्वप्रथम भगत सिंह, सुख देव, राजगुरु तीनों वीर सपूतों को उनके शहादत दिवस पर उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया।साथ ही शपथ लिया गया की भारत की गरिमा हम सदा बनाए रखेंगे एवं उनके मार्ग का अनुवायी बनेंगे। वही कैमूर जिला के नव मनोनीत जिला जदयु अध्यक्ष श्री अजय कुमार पटेल को प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुमार कुशवाहा के पत्रांक 108/2025 के द्वारा मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाई दिया गया। साथ ही कहा गया की कैमूर के संगठन में गतिशीलता आएगी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार के लक्ष्य को 2025 में 225 विधायक बिहार से जीतायेंगे का संकल्प पूरा करेंगे इस मौके पर उपस्थित जितेन्द्र कुमार सिंह, अमर जी, शशि कुमार, आलोक शर्मा, किरन सिंह, उज्जवल शर्मा, अनिल श्रीवास्तव , रवि कांत, आर्यन पटेल, बिनोद शर्मा, द्वारा काहार, शिवपरसन प्रजापति ।

## संक्षिप्त समाचार

### 21 रमजान उल मुबारक को अंजुमन ने हैदरी कमेटी की ओर से रखी इफ्तार पार्टी

**अकबरपुर (रोहतास)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत के अकबरपुर के दादा टोली इमाम चौक के पास अंजुमन ने हैदरी कमेटी की जानिब से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सभी लोगों



ने शामिल होकर भाईचारा अमन का मिसाल काम किया। वही इफ्तार के बाद नमाज अदा की गई जिसमें सभी लोगों ने भाईचारा अमन के लिए दुआ की लोगों ने कहा कि यह स्टार पार्टी अमन भाईचारा को बनाए रखने के लिए रखी गई थी जिसमें सभी लोगों शामिल हुए। सभी लोगों ने एक साथ इफ्तार की वही अल्लाह से दुआ मांगी के मेरे नगर पंचायत में अमन कायम रख सभी में भाईचारा बना रहे। मौके पर उपस्थित दिखे सोनू खान नफीस अहमद खान सैन अली सादिक इमाम बाबा खान जीशान खान संतोष कुमार भोला के साथ-साथ हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ इफ्तार की।

### वृक्ष ही जीवन दाता है : पूनम देवी

**डेहरी ओन सोन रोहतास/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार दिवस के शुभ अवसर प्रखंड डेहरी पंचायत चकनवां में मुखिया पूनम देवी के द्वारा अपने पंचायत भवन चकनवां व चकनवा आंगनबाड़ी केंद्र पर शिवपुरी आंगनबाड़ी



केंद्र पर और नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन पर फलदार एवं छायादार पौधा लगाया गया । मुखिया पूनम देवी ने कहा कि वृक्ष ही जीवन दाता है। वृक्षारोपण से ही पर्यावरण को बल मिलेगा। प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर चन्दन कुमार, पंकज कुमार, मंटू कुमार ,सुरेंद्र चौधरी , आनंद कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, राम दुलार सिंह, इंद्रदेव सिंह ,ममता देवी, आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी, अंजू देवी, आदि मौजूद रहे। मुखिया द्वारा आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया गया और ग्राम बुधन बिगहा में जनता लोगों से मिलकर समस्याओं को सुना गया ताकि उसका निपटरा कर सके ।

### स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की योजना से छात्रों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने को लेकर सेमिनार आयोजित

**सासाराम/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोहतास जिला के सासाराम की एक निजी परिसर में बिहार सरकार के द्वारा चलाए जा रहे स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को लाभ दिलाने के उद्देश्य से एक निजी संस्था के द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सासाराम के अयोध्या पैलेस में पूजा एजुकेशन नामक संस्था के द्वारा चैनल प्रमोटर ओरिएंटल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है तथा ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सरकार के योजना से लाभान्वित होने में मदद पहुंचाती है। इस सेमिनार में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े लोगों के अलावा छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक भी शामिल हुए। संस्थान के निदेशक राकेश तिवारी ने बताया कि बिहार सरकार शिक्षा के विकास के लिए कई योजनाएं चल रही है। लेकिन उसका क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो रहा है। योजना का अधिक से अधिक लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है। ऐसे में खासकर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को सजग करने तथा उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह ओरिएंटल प्रोग्राम आयोजित किया गया।

# कैमूर के अमरेंद्र पांडेय को मिला पत्रकारिता भूषण सम्मान

**निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए विश्व हिंदी शोध-संवर्धन अकादमी और बीएचयू ने किया सम्मानित**



**रामपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कैमूर जिले के पत्रकार अमरेंद्र पांडेय को देश की वरिष्ठ संस्था विश्व हिंदी शोध-संवर्धन अकादमी, पिताम्बरा और बीएचयू के हिंदी विभाग की ओर से प्रतिष्ठित 'पत्रकारिता भूषण सम्मान' से सम्मानित किया गया। लंबे समय से ईमानदारी और निर्भिकता के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अमरेंद्र पांडेय को यह सम्मान शनिवार को बीएचयू हिंदी विभाग के आचार्य रामचंद्र शुक्ल सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान संपूणार्नंद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.राजाराम शुक्ल, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.वशिष्ठ अनूप, वरिष्ठ साहित्यकार हीरालाल मिश्र मधुकर, प्रो.रामसुधार सिंह और केशव जालान ने प्रदान किया। कैमूर जिले के रामपुर प्रखंड के खजुरा गांव निवासी स्व.पं.वशिष्ठ पांडेय के पुत्र अमरेंद्र पांडेय पिछले 13 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। वे देश के प्रतिष्ठित अखबार में ब्यूरो चीफ के पद पर कार्यरत हैं। अमरेंद्र पांडेय ने मध्य विद्यालय खजुरा से प्रारंभिक शिक्षा और नेहरू उच्च विद्यालय नौहट्टा से हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वाराणसी के क्वींस इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट और काशी हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातक और पत्रकारिता में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद पत्रकारिता में सक्रिय हो गए। पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें पहले भी कई सम्मान से नवाजा गया है। सम्मान मिलने के बाद अमरेंद्र पांडेय ने कहा कि जिस संस्था से मैने पत्रकारिता का ककहरा सीखा वहीं पत्रकारिता के लिए सम्मान मिलना गर्व का विषय है।

# केंद्र और राज्य सरकार साम्राज्यवाद की दलाली कर रही है : अशोक बैठा

**सासाराम/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहीद ए आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव के 94 शहादत दिवस पर ऑल इंडिया छात्र नौजवान संघ अक्र ड संबंधित भगत सिंह छात्र नौजवान सभा द्वारा जनसभा का आयोजन कामरेड राहुल दुसाध के अध्यक्षता में द्वारा किया गया। शाहिद ए आजम वीर भगत सिंह राजगुरु सुखदेव अमर हैं अमर हैं इंकलाब जिंदाबाद साम्राज्यवाद सामंतवाद दलाल नौकरशाह पूंजीपति वर्ग को उखाड फेंको का नारा लगा रहे थे। भारत की मुक्ति साम्राज्यवाद से भारतीय जनता की मुक्ति सामंतवाद नौकरशाह दलाल पूंजी पतियों से सभा को संबोधित कामरेड अशोक बैठा द्वारा कहा गया कि आज भारत की प्रकृति संसाधन खनिज को लूटने की साजिश साम्राज्यवादी पूंजीवादी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किया जा रहा है भारत की सता पर बैठी केंद्र और राज्य सरकार साम्राज्यवाद की दलाली कर रही हैं यह बात साबित हो गया कि यह 1947 की आजादी नहीं अंग्रेजों के साथ समझौता है 78 वर्षों की आजादी में देश और देश की जनता को लूट कर बेबस और लाचार बना दिया है विश्व बैंक अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर लेकर भारत की जीडीपी के करीब पहुंचा दिया है कुछ दिनों में इससे भी अधिक हो जाएगा दूसरे तरफ बहुराष्ट्रीय और देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों के हाथों देश की खनिज और कृषि व्यापार बाजार एवं निर्माण कार्य का ठेका देखकर देश की संपत्ति को लूटा जा रहा है महंगाई बेरोजगारी को बढ़ाकर जनता को जीना मुश्किल कर दिया है शिक्षा चिकित्सा सहित जनता की बुनियादी जरूरत की सभी सामान को मंगा कर लोगों को बद हाल कर दिया है सरकारी नौकरी को कांटेक्ट ठेकेदारी और अनुबंध पर करके पढ़े-लिखे प्रशिक्षित नौजवानों का शोषण खुलेआम सरकार द्वारा किया जा रहा है कम वेतन ज्यादा काम और इसके खिलाफ आवाज उठाने पर नौकरी से बाहर करने की व्यवस्था सरकार स्थापित कर रही है शिक्षा को बहुत ही मांगा किया जा रहा है सरकार में रिक्त पदों की भरती के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है और जो भी परीक्षाएं कराई जा रही है उसमें शिक्षा माफियाओं से गटजोड़ कर पदों को बेचा जा रहा है पढ़े-लिखे बेरोजगार नौजवानों द्वारा अपनी बातों को रखने का अधिकार भी छीना जा रहा है उल्टा उन पर लाठी चार्ज और वाटर कैनन से पानी बरसाया जा रहा है बिहार सरकार द्वारा आयोजित स्त्र२ ी७ ताजा उदाहरण है डबल इंजन की सरकार द्वारा कॉपी किताब पर जीएसटी लगाकर शिक्षा का बाजारु करण किया जा रहा है साल दर साल बेरोजगारों की तादाद बढ़ते जा रही है और सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है आने वाले वर्षों में और भी भयावह स्थिति हो जाएगी बेरोजगारों की संख्या बढ़ जाएगी और शिक्षित नौजवानों को मजदूरों की तरह काम लिया जाएगा साथियों आज जरूरत है एक जूट होकर इस साम्राज्यवादी सामंतवादी दलाल नौकरशाह पूंजी पतियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर इनको जड़ से उखाड़ महा समुंदर में फेंक दिया जाए और पूर्ण स्वराज भारत का सपना जो हमारे शाहिद ए आजम भगत सिंह ने देखा था उसको साकार करने में अपना योगदान कर भारत राष्ट्र को साम्राज्यवाद सामंतवाद दलाल नौकरशाह पूंजीपति वर्गो से मुक्ति दिलाए इस सभा में कमरा राहुल निषाद सोनू दबंग राजेश शाह अरुण पासवान समोसा रविंद्र मोर बाबू धन अभिषेक बैठा रंजन बैठा प्रकाश पासवान सुनील कुमार निरंजन पाल उड़ान कुमार श्याम सुंदर पाल जयप्रकाश राम सुभाष प्रजापति सुभाष चौधरी राजेश्वर सिंह दिनेश पाल साजन सिंह कमलेश पाल अजय पाल लक्ष्मण राम नवरंग पासवान गब्बर पासवान जग्गू चंद्रवंशी प्रभु सोनकर प्रमोद सिंह रानी पासवान धनंजय पासवान चंदन कुमार गंगा पासवान रामदयाल पासवान विनोद पाल राजेश पासवान चंद्र माधव सिंह दुकान पासवान किशोर सिंह मुन्ना पासवान मुन्ना गोल्ड वीरेंद्र पासवान मुन्ना पासवान राजेश सिंह मनोज राम मिथिलेश सुरेंद्र राम मोटू पासवान अर्जुन कुमार राजा बाबू कुमार संजय बिन बंसी राम राजू कुमार सुभाष प्रजापति जयराम जयप्रकाश राम नंद चौधरी मनोज राम विजय बैठा अजय पासवान नागेश्वर मुकुल बैठा सहित सैकड़ों साथी उपस्थित थे।

# प्रख्यात श्रमिक नेता बसावन सिंह की मनाई गई जयंती

**डेहरी आन सोन रोहतास/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डालमियानगर स्थित श्रमिक सदन में प्रख्यात समाजवादी व श्रमिक नेता बसावन सिंह की 116 वी जयंती पर उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रविवार को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । हिंद मजदूर सभा द्वारा आयोजित जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बीरेंद्र कुमार सिंह ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते कहा कि वे जीवन पर्यंत एवं मजदूरों के हक के लिए लड़ाई लड़ते रहे ।

आजादी के पूर्व पहली बार उन्होंने श्रमिकों की हक की लड़ाई लड़ी और उनके काम का वास्तविक मजदूरी दिलाई। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई 1935 में वे पहली बार जेल गए ।1942 और 1976 मैं भी उन्होंने जेल यात्रा की ।वे तीन बार बिहार के श्रम मंत्री रहे । हिंदू मजदूर सभा के नेता नागेश्वर ने कहा कि श्रमिकों के वे भीष्म पितामह रहे ।देश के 106 श्रमिक संगठनों के अलावा हिंद मजदूर सभा के जीवनपर्यंत अध्यक्ष रहे। प्रो अजीत सिंह ने कहा कि क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी व प्रख्यात मजदूर नेता बसावन सिंह 1929 में तिरहुत व लाहौर षड्यंत्र केश से सम्बद्ध थे । तिरहुत केश जब उन्हें गिरफ्तार कर पटना बांकीपुर जेल में रखा तो वे फरार हो गए ।सीपीआई नेता ब्रज मोहन सिंह ने कहा कि डालमियानगर में 1936 -1937 में मजदूर आंदोलन का सूत्रपात किया ।उनका जीवन पर्यंत यही कार्य छेत्र रहा ।1942 के आंदोलन में इनके मजदूर संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओ के गिरफ्तार व फरार हो जाने की स्थिति में गोरी सरकार ने इनके मजदूर संघ के समस्त कागजातों कोजप्त कर लिया गया था । समाजसेवी ई विनय चंचल ने कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय रक्षा कानून के तहत बासवान बाबू को गिरफ्तार किया। इस कानून के तहत गिरफ्तार होने वाले वे प्रथम बिहारी थे 1932 में भागलपुर जेल में पैरों में बेड़ी डालकर सेल में रखे जाने के विरुद्ध 57 दिनों तक व अनशन पर रहे अंग्रेज सरकार ने उनका अनशन तुड़वाने के लिए इनकी मां को जेल में ही लाया था किंतु इनकी मां ने भी इनकी साधना में व्यवधान डालना उचित नहीं समझा ।बसावन बाबू को 8 वर्षों तक बंदी जीवन की यातनाएं झेलनी पड़ी थी । अध्यक्षता कर रहे हिंदू मजदूर सभा के प्रदेश महासचिव नागेश्वर ने कहा कि श्रमिकों के वे भीष्म पितामह रहे ।देश के 106 श्रमिक संगठनों के अलावा हिंद मजदूर सभा के जीवनपर्यंत अध्यक्ष रहे। मौके पर प्रमोद सिंह,भूपेंद्र सिंह,अरुण शर्मा,सुनील उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# 7 वर्ष की आयात हैदर नामक बच्ची ने इस बार 'रोजा' रखकर सबको चौंकाया

**डेहरी ओन सोन रोहतास/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खुदा की इबादत के लिए रमजान का महीना सबसे पवित्र माना गया है। इसमें लोग अपने पैगंबर की शान में इबादत करते हैं। ज्यादातर मुस्लिम धर्मावलंबी रोजा रखकर अल्लाह पाक का इबादत करते हैं। ऐसे में सासाराम के चौखंडी मोहल्ले की रहने वाली 7 वर्ष की आयात हैदर नामक बच्ची ने इस बार 'रोजा' रखकर सबको चौंका दिया। अपने अभिभावक के मना करने के बावजूद सात साल की आयात हैदर ने रमजान के पाक महीने में रोजा रखा है तथा अपने परिजन के साथ नमाज तथा कुरान की तिलावत भी कर रही है। छोटे-छोटे बच्चों को रोजा रखने के लिए दवाब नहीं देना है। इसके बावजूद अपने रहनुमा के लिए आयात हैदर ने रोजा रखा एवं सजदा करने में मशगुल है। सात साल की बच्ची आयात हैदर की मां वसीम हैदर रहती है कि बच्ची ने काफी ज़िद किया। तब जाकर उसे रोजा रखने की परमिशन दी गई है। उसके पिता हैदर अली का कहना है कि रमजान के महीने में अल्लाह पाक की इबादत से किसी को रोका नहीं जा सकता है। अगर बच्ची ने इच्छा जाहिर की है तो हम लोगों ने उसे पूरा होने दिया है। लेकिन बच्ची के हालात एवं स्वास्थ्य पर वह खुद निगरानी रखे हैं। बता दे की 7 वर्षीय बच्ची के रोजा रखने पर इलाके में चर्चा हो रही है। बड़ी बात यह है कि वह रमजान के महीने में विशेष नवाज अता करती है। साथ ही अपने परिजन के साथ कुरान की आयतों के तिलावत भी करती देखी जा रही है। नन्हीं बच्ची आयात रहती है कि रोजा रखने से अल्लाह पाक खुश होते हैं।

# पासी हुंकार महासम्मेलन का आयोजन

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के आजाद पार्क में रविवार को पासी हुंकार महासम्मेलन का आयोजन किया गया।बतौर मुख्य अतिथि सूबे के मंत्री डॉ. अशोक कुमार चौधरी शामिल हुए।वक्ताओं ने कहा कि गया जिला में पासी जाति की आबादी करीब तीन लाख से भी अधिक है।बावजूद लोकसभा या जिले के 10 विधानसभा में कहीं भी राजनीतिक प्रतिनिधि नहीं दिया जाता है।जबकि सभी राजनीतिक दल वाले हमारा वोट लेते हैं।वे लोग हमारे वोट से सत्ता के सिंहासन पर जब बैठ जाते हैं।सत्ता पर काबिज होते ही वही नेता हमारे समाज को नजर अंदाज कर देते हैं।समाज आज उपेक्षित है।इसके बाद पासी समाज की ओर से मंत्री के समक्ष पांच मांगे रखीं गयी। मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने सभी पांच सूत्री मांगों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर सभी मांगो को निराकरण करने का आश्वासन दिया।सम्मेलन में गया के साथ आसपास के जिलों से भारी संख्या में पासी समाज के लोग पहुंचे।संयोजक डॉ. शंकर चौधरी ने मंत्री को सम्मानित किया।मंच का संचालन समाज के महासचिव राम विलास चौधरी अधिवक्ता व धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन प्रभारी प्रमोद चौधरी ने किया।

# सीयूएसबी के शिक्षण विभाग के चतुर्थ दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान आयोजित

**टिकारी(गया)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आप ज्ञान की गहराई में जाएँ और स्वेच्छा से दूसरों के साथ साझा करें या एक से दूसरे को हस्तांतरित करें।आप किसी विशिष्ट विषय में विशेषज्ञ के रूप में खुद को विकसित करें और जीवन भर ज्ञान की खोज जारी रखें।उक्त वक्तव्य हैदराबाद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग और शिक्षा प्रौद्योगिकी विभाग के डीन प्रोफेसर मधुसूदन जे.वी. ने दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के शिक्षक शिक्षा विभाग चतुर्थ दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष व्याख्यान में दिया।कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर मधुसूदन ने सभागार में उपस्थित छात्रों से अपने पेशेवर सफर के बारे में जानकारी साझा की और शिक्षक शिक्षा छेत्र में करियर के बारे में बहुमूल्य सलाह दी। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों से विश्वविद्यालय को अपने घर की तरह मानने, विभाग से जुड़े रहने और हमारे विभाग और विश्वविद्यालय के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रमुख और डीन प्रो. रविकांत के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के विकास और प्रगति में पूर्ववर्ती छात्रों के महत्व पर प्रकाश डाला।शिक्षक शिक्षा विभाग के पीएचडी छात्र डॉ अमित शंकर ने विश्वविद्यालय परिसर में अपने परिवर्तनकारी अनुभव साझा किए।सीयूएसबी की अन्य पूर्ववर्ती छात्रा अपूर्वा शाह जो वर्तमान में बीएचयू, वाराणसी के शिक्षक शिक्षा विभाग में पीएचडी कर रही उन्होंने यूजी कोर्स की अपनी यात्रा को साझा किया।कार्यक्रम में कई अन्य पूर्ववर्ती छात्रों और छात्राओं ने भी अपने पूर्व अनुभव साझा किये।कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापकगण क्रमशः डॉ. मितांजलि साहू, डॉ. रिंकी, डॉ. मोहम्मद मुजम्मिल हसन, डॉ. तरुण कुमार त्यागी, डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, डॉ. नृपेंद्र वीर सिंह, डॉ. स्वाति गुप्ता और डॉ. समरेश भारती मौजूद थे।अंत में डॉ. चंद्र प्रभा पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# महान स्वतंत्रता सेनानी वीर बसावन बाबू की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डालमियानगर।** आज डालमियानगर स्थित हिंद मजदूर सभा के कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर बसावन बाबू की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता मजदूर नेता नागेश्वर जी तथा संचालन विनय बाबा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह, भूपेंद्र नारायण सिंह, रामप्रसाद सिंह, रामनाथ सिंह, विनय चंचल, बिंदा चंद्रवंशी, अरुण कुमार शर्मा, बृज किशोर सिंह, ललन सिंह, प्रमोद सिंह, जयप्रकाश सिंह, बाघा जी आदि ने बारीझबारी से वीर बसावन बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मजदूर नेता नागेश्वर जी ने कहा कि बसावन सिंह वो नेता थे जो आजादी के बाद मजदूरों के हक के लिए लड़े और उन्हीं के कारण डालमियानगर के लगभग 3,600 मजदूरों की नौकरी बहाल हुई थी। आजादी की लड़ाई में जेल के भीतर सबसे अधिक दिनों तक भूख हड़ताल करने वाले स्वतंत्रता सेनानी बसावन सिंह ही थे। वहीं नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस के साथ बसावन बाबू मजदूर आंदोलन से जुड़े। रेलवे कर्मचारी यूनियन के ये उपाध्यक्ष थे। इन्होंने जपला सीमेंट फैक्ट्री और डालमियानगर मिल मजदूरों को संगठित कर हिन्द मजदूर सभा का अखिल भारतीय संगठन खड़ा किया। आजादी के बाद 1948 में इन्होंने प्रजा सोसलिस्ट पार्टी की स्थापना की। बसावन बाबू आजादी के आंदोलन में अपना अमूल्य जीवन का 15 बर्ष अंग्रेजो की जेल में बिताया।



# इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल ने धूमधाम एवं सांस्कृतिक भव्यता के साथ मनाया बिहार दिवस

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडियन पीपल्स फोरम (आईपीएफ) बिहार काउंसिल ने होटल क्रिस्टल प्लाजा, शारजाह, यूएई में बिहार दिवस का भव्य आयोजन किया, जिसमें मुख्य रूप से यूएई में रहने वाले बिहारी प्रवासियों की बड़ी संख्या ने भाग लिया। यह आयोजन बिहार की गौरवशाली विरासत, संस्कृति और भारत तथा विश्व में उसके योगदान को समर्पित था। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जिनमें आर.के. महतो (आईपीएफ बिहार काउंसिल के संयोजक एवं एनआरआई उद्योगपति),` मनीष सिन्हा (बीजेपी बिहार एनआरआई सेल के संयोजक), शिल्पा नायर (आईपीएफ केंद्रीय समिति की उपाध्यक्ष) और सुल्ताना फारूक काज़िम (एक अमीराती अंतरराष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता) शामिल थे। सभी ने प्रेरणादायक भाषण दिए और बिहार के ऐतिहासिक महत्व, सामाजिक-आर्थिक प्रगति, और बिहार के विकास में प्रवासी बिहारी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण कलारंजनी ग्रुप का सांस्कृतिक प्रदर्शन रहा, जिसमें भोजपुरी, मैथिली और मगही लोकगीतों की मधुर प्रस्तुति दी गई। उनके भावपूर्ण गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और बिहार की समृद्ध संगीत परंपरा का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया, जिससे प्रवासी बिहारी समुदाय में उत्साह` एवं गर्व की भावना जाग्रत हुई। बिहार के कई सम्मानित राजनेताओं ने ऑनलाइन वीडियो संदेश के माध्यम से बिहार दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की और बिहार तथा उसके लोगों के योगदान को सराहा। संदेश देने वालों में शामिल थे : सम्राट चौधरी झ उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री, बिहार सरकार, नितिन नवीन झ पथ निर्माण मंत्री, बिहार सरकार, दिलीप जायसवाल झ अध्यक्ष, बीजेपी बिहार इकाई रवि शंकर प्रसाद झ पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार एवं संसद सदस्य, अश्विनी कुमार चौबे झ पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार, डॉ. संजय जायसवाल झ संसद सदस्य, जनार्दन सिकरवार झ संसद सदस्य एवं चंदन तिवारी झ बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका सभी ने प्रवासी बिहारी समुदाय को शुभकामनाएं दीं और आईपीएफ बिहार काउंसिल द्वारा बिहार की विरासत को विदेशों में जीवंत बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की। आईपीएफ बिहार काउंसिल की मुख्य टीम, जिसमें संजीत झा, विकास सिंह, शैलेश पांडेय, अतुल कुमार, डॉ. उपेंद्र यादव, अमृता सिंह, और मानस पांडेय शामिल थे, ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और यह सुनिश्चित किया कि सभी अतिथियों के लिए यह एक यादगार अनुभव बने। इस भव्य आयोजन के माध्यम से आईपीएफ बिहार काउंसिल ने बिहार की विरासत को संरक्षित और प्रचारित करने तथा वैश्विक बिहारी समुदाय में एक मजबूत जुड़ाव स्थापित करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।



# ग्रामीण विकास मंत्री ने चार विकास योजनाओं का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार को हिलसा प्रखंड में चार विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं में सड़क, नाली एवं भवन निर्माण कार्य शामिल हैं, जिनकी कुल लागत लाखों रुपये है। मंत्री ने सबसे पहले आषाढ़ी पंचायत के चंदू बिगहा में ?6 लाख की लागत से चंद्रवंशी टोला से श्रवण राम के भराव होते हुए विन्दूराम, रामाशीष राम और अखिलेश राम के घर तक नाली, ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया। इसके बाद भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, उप-जिला शाखा हिलसा में विधायक निधि से ?5 लाख की लागत से कार्यालय परिसर में ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया गया। साथ ही नगर परिषद द्वारा 7,63,923 की लागत से सोसाइटी कार्यालय की चारदीवारी की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इसके अलावा, मंत्री ने हिलसा शहर के सरदार पटेल कॉलेज में मुख्य द्वार से जिम तक 5 लाख की लागत से ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया। वहीं, रेडी पंचायत के पेंदापुर में 11 लाख की लागत से मुन्ना महतो के खेत से प्रभु मिस्त्री, जगदीश प्रसाद और लोहा सिंह के घर तक नाली, ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया गया। हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने बताया कि ये सभी योजनाएं बिहार सरकार की योजना एवं विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत मंजूर की गई हैं। इस मौके पर नगर परिषद के मुख्य पार्षद घनजंय कुमार, जदयू के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार उर्फ राजू, युवा जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुमार, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजय कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।



**उद्घाटन समारोह में नगर परिषद के मुख्य पार्षद, जदयू और भाजपा के कई नेता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।**

**मंत्री श्रवण कुमार ने हिलसा प्रखंड में चार विकास योजनाओं का उद्घाटन किया।**

# 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** जिले के टॉप-टेन में शामिल 50 हजार का इनामी अपराधी को जिले के वारिसलीगंज थाना की पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अपराधी वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर शेखपुरवा गांव निवासी नवल यादव का पुत्र राहुल कुमार उर्फ राजा कुमार उर्फ साईको राजा है। शनिवार को पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी ने वारिसलीगंज थाना में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली की थाना कांड संख्या-47/25 के अभियुक्त राहुल वारिसलीगंज आ रहा है। सूचना बाद थानाध्यक्ष ने अपराधी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और उसे वारिसलीगंज-खर्राट रोड पर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक मोड़ के पास एक मोबाइल के साथ दबोच लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी अपने गिरोह के सदस्यों के साथ 23 जनवरी 2025 को थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास नवादा से अपने घर वापस लौट रहे चैनपुरा गांव निवासी संजय सिंह का पुत्र रौशन कुमार को पिस्टल का भय दिखाकर गले में रहे सोने का चैन, मोबाइल तथा 15 हजार रूपये लूट लिया था। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व इस लूट कांड में शामिल रहे 2 अपराधियों को लूटी गई मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा इस घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार राहुल का पूर्व से ही अपराधिक इतिहास रहा है, उसके विरूद्ध वारिसलीगंज थाना कांड संख्या-498/24 दर्ज है। मौके पर वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा तथा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।




**मुर्गियाचक मोड़ के पास अपराधी को किया गिरफ्तार**

## एक नजर

## खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवादा।** मिर्जापुर के कृष्ण प्रसाद खेल मैदान में आयोजन हुआ। महिला वर्ग के 400 मीटर दौड़ में श्रुति कुमारी प्रथम स्थान, सुरभि कुमारी द्वितीय, मनीषा कुमारी तृतीय प्राप्त की। वही हाई जंप में काजल कुमारी प्रथम, काजल कुमारी द्वितीय, सुषमा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। महिला वर्ग के लंबी कूद में ट्विंकल कुमारी प्रथम, वैशाली कुमारी द्वितीय, ज्योति एवं विभा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त की। वही गोला फ़ेक में मनीषा कुमारी प्रथम, काजल कुमारी द्वितीय, दौलती कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। पुरुष वर्ग में 400 मीटर दौड़ में संतोष कुमार प्रथम स्थान, आशीष कुमार द्वितीय स्थान, रोहित कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही लंबी कूद में संतोष कुमार प्रथम, रौशन कुमार दूतीय, अफरोज आलम तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही हाई जंप में नितिश कुमार प्रथम, संतोष कुमार द्वितीय स्थान और सनी राज तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेक में सचिन कुमार प्रथम स्थान राहुल कुमार द्वितीय स्थान सोनू कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूरे प्रतियोगिता का आयोजन जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विक्रम कुमार, कीर्ति डिफेंस अकादमी के कोच कीर्ति रंजन, शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा, राहुल कुमार आदि लोगों के द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण में अतिथि के रूप में पीएमसीएच पटना के डॉक्टर राघव राज, ऑडियोलॉजिस्ट अजीत शंकर, राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी गुलशन कुमार, प्रेम शंकर कुमार आदि लोग संयुक्त रूप से सभी विजेता उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को शील्ड एवं मैडल देकर सम्मानित किया।

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने रामनवमी शोभायात्रा निकालने हेतु किया चर्चा

## अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रजौली (नवादा)।** नगर पंचायत मुख्यालय स्थित राजशिवाला में 23 मार्च दिन रविवार को शहादत दिवस के अवसर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए जान देने वाले महापुरुष भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान हो जाने पर नम आंखों से श्रद्धांजलि दिया गया। तत्पश्चात विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा रामनवमी विराट शोभायात्रा निकालने हेतु विश्व हिंदू परिषद नगर उपाध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक प्रारंभ किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया की विराट शोभायात्रा 7 अप्रैल दिन सोमवार को दोपहर 11:00 बजे निकाली जाएगी। इस बार रामनवमी शोभायात्रा में सहयोग के लिए 11 सदस्य की टीम बनाई गई है।जिनके द्वारा शोभायात्रा का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में हर संभव मदद किया जाएगा। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक पिंटू वर्मा ने बताया कि रामनवमी शोभायात्रा समापन के बाद दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति संगठन का गठन किया जाएगा। प्रखंड संयोजक ने तमाम रजौली की माता एवं बहनो से अपील किया कि हो शोभायात्रा में शामिल होकर अपनी नारी शक्ति का परिचय दें। उन्होंने कहा कि इस बार शोभायात्रा में लगभग डेढ़ से दो लाख रूपये खर्च होने की संभावना है। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने फोन कर श्री रामनवमी शोभायात्रा की कमिटी के नये सदस्य को बहुत-बहुत बधाई दिए और और बताया कि इस बार श्री रामनवमी शोभायात्रा बहुत ही विराट तरीके से निकल जाएगी, पूरा रजौली श्री राम के जयकारों से गूंजेगा।जिले से आये विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सुबोध लाल ने बताया की इस बार जिला जिला की टीम रजौली शोभायात्रा में शामिल होंगे और बहुत ही धूमधाम से मनाने का आग्रह किया।

## 26 मार्च को हिसुआ आएंगे प्रशांत किशोर



**नवादा।** जनसुराज पार्टी के सुत्रधार प्रशांत किशोर आगामी 26 मार्च को हसुआ चौक के समीप एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसुराज के प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पी.के.के नवादा दौरे में आंशिक संशोधन किया गया है और अब वे पटना से फोर लाइन होते हुए नवादा के सद्भावना चौक,पुलिस लाइन, महानंदपुर, बड़ैल, ख़ानपुर, सिराज नगर, सकरा मोड़, धमौल, बलियारी, उड़सा और हसुआ बाजार होते हुए तीन बजे हसुआ में स्थित स्टेट बैंक औफ इंडिया के निकट बनाये गये सभा मंच पर पहुंचेगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। वे हसुआ की जन सभा के पश्चात नवादा पहुंचेंगें और नवादा के संकट मोचन मंदिर के समीप आर.एल.होटल में 6 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और 7 बजे से बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों और समजिक कार्यकर्ताओं से भेंट और विचार-विमर्श करेंगे।

## नूतन उदया फाउंडेशन ने मनाया बिहार दिवस



**नवादा।** 22 मार्च बिहार स्थापना दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम के साथ ही महिलाओं की संस्था नूतन उदया की सदस्यों ने बिहार दिवस मनाया । महावीर मार्किट स्थित कार्यालय में संस्था की निदेशक प्रगति श्रीवास्तव व सह निदेशक नूतन सिन्हा की देखरेख में केक काटकर बिहार का 113 वां स्थापना दिवस मनाया गया। विगत 113 वर्षो में बिहार में हुए बदलाव की चर्चा की गई। महिलाओं ने कहा कि हमसबों को गर्व है कि हम बिहार के निवासी हैं। एक बिहारी सौ पर भारी वाली कहावत बोलते हुए महिलाओं ने कहा कि बिहार का डंका देश ही नहीं विदेशों में भी गूंजता है। कार्यक्रम के दौरान प्रगति श्रीवास्तव, नूतन बिहारी, राखी गुप्ता, राखी बरनवाल, संध्या सिंह, रेशम सिन्हा, सरिता बरनवाल, मधु बरनवाल, रेखा, डॉक्टर आशा, आराधना, भारती, ममता, पुनीता नेहा, अनीता समता, संगीता, स्नेहा, सुमन, अपर्णा, सुषमा, बबीता, भवानी, हेमलता, तरुण संगीता, सोनी, वीना, बबली, उषा, किरण, कनक, कशिश, बिन्नी प्रसाद, डॉ नीतिश्री सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

# श्रवण कुमार ने की मां मथुरासिनी की पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार शनिवार की देर शाम मथुरासिनी पूजा में परवलपुर स्थित माहुरी मंडल धर्मशाला में पहुंचे और माता की पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद मंत्री श्रवण कुमार ने मथुरासिनी पूजा के अवसर पर समाज के लोगों में आपसी भाईचारा, प्रेम, नफरत की भावना समाप्त करने, आपसी मेलजोल बढ़ाने को ध्यान में रखते हुए समाज के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का संकल्प लेने की बातें कही। उन्होंने कहा कि धर्मशाला परिसर का सारा माहौल भक्तिमय एवं देवी देवता के प्रति आस्था और समर्पण लगता है। उन्होंने कहा कि माहुरी मंडल का समाज हो चाहे किसी अन्य समाज हो सभी लोग अपनी कुल देवता का पूजन करते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। जो समाज अपने कुल देवता को भूल जाता है वह समाज तरक्की नहीं करता है। आज जो सनातन धर्म को मानने वाले लोग हैं वह आज पूरे देश व दुनिया में पूजा आराधना में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि माता की ही आशीर्वाद की वजह से मैं सात बार विधायक बना और छह बार बिहार के मंत्री भी बना। इसके पूर्व समाज के लोगों ने मंत्री श्रवण कुमार को वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर संतोष कुमार उर्फ छोटेलाल, रोशन कुमार, अर्चना कुमारी, जया रानी, वंदना कुमारी, प्राची रानी, नीलू देवी, अक्षिता कुमारी, रीना देवी सहित दर्जनों समाज के महिला व पुरुष उपस्थित थे।



# बिहार दिवस पर बच्चियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय आरडीएच उच्च विद्यालय के सभागार में बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को विभिन्न विद्यालयों के बच्चियों ने शानदार प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यालय में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय राजगीर, राष्ट्रीय जैन संत कमल मुनि कमलेश विद्यालय, डीपीएस राजगीर, डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, आर. डी. एच. उच्च विद्यालय, आदर्श मध्य विद्यालय राजगीर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आदि के बच्चियों ने बिहार पर आधारित गीत के अलावे अन्य तरह के गीतों पर नृत्य कर दर्शकों को अपने ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चियों द्वारा बहुत ही अच्छे प्रदर्शन किया जा रहा है। इस तरह की प्रस्तुति करने से बच्चों को कला की जानकारी अलावे बिहार के बारे में भी जानकारी मिल रहा है। वरीय बीआरपी कुमार महेश प्रसाद सिंह गहलौत ने कहा कि हमलोगों के लिए गौरव की बात है कि हम लोग बिहार के रहने वाले हैं। कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों को विकसित बिहार के बारे में भी जानकारी मिल रहा है।




# महिलाओं के सौंदर्य को मिलेगा आकर्षक और मॉडलिंग लुक : प्रियंका सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** हिसुआ स्थित अंदर बाजार नाला के समीप खुला प्रियंका मेकओवर ब्यूटी पार्लर एण्ड ट्रेनिंग एकादमी, जहां महिलाओं के सौंदर्य का विशेष ख्याल रखा जाएगा। संचालिका ब्यूटीशियन प्रियंका सिन्हा ने कहा बड़े -बड़े शहरों के सारे व्यवस्था अब हिसुआ में उपलब्ध हो गया है। अब महिलाओं को अपने रूप और सौंदर्य के साथ -साथ हेयर स्टाईल का फिक्र करने की जरूरत नहीं है। पटना और दिल्ली, मुंबई जैसी सुविधा अब हिसुआ में उपलब्ध करा दिया गया है। जहां कुशल और प्रोफेशनल महिलाओं द्वारा सौंदर्य सेवा प्रदान किया जाएगा। ब्यूटीशियन ईशा सिन्हा ने बताया बेहतरीन एयरकंडीशन व लक्जरी सुविधायुक्त यह पार्लर है, जिसमें अनुभवी फीमेल वर्कर्स सर्विस दे रहे हैं। हमारी विशेषता हेयर सर्विसेस, स्किन सर्विसेस, ब्राइडल मेकअप, केराटिन ट्रीटमेंट एवं हेयर स्पा, हाईड्रा फ़ेशियल, हेयर बूटॉक, हेयर ड्राय, पार्टी मेकअप लुक, हेयर वाश, बलो ड्राय, नेल आर्ट, ब्राइडल मेंहदी, हेयर बटरफ्लाई कटिंग, ब्लीचिंग, फेशियल, आईब्रो समेत तमाम सुविधा प्रदान किया जाता है। अब आधुनिकता और मॉडलिंग का जमाना है जिसके लिए लोग अत्यधिक रुपए खर्च कर बिहार से बाहर जाकर लोग विभिन्न सुविधाओं का लाभ लेते थे लेकिन अब वह सारी सुविधा सामान्य दर पर हिसुआ जैसे शहर में हो गया। इससे हिसुआ एवं आस पास की महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा। हमारे महिला वर्कर्स घर जाकर भी दुल्हन सजाने का काम करती है। यहां पार्लर की हर प्रकार की ट्रेनिंग दिया जाता है। अजय कुमार सिन्हा ने कहा पहले यह प्रियंका ब्यूटी पार्लर के नाम से संचालित था लेकिन बढ़ते आधुनिकता को देखते हुए सुविधा और व्यवस्था बढ़ाकर इसका नाम प्रियंका मेकओवर कर संचालन किया गया।




## सड़क दुर्घटना में सरपंच की पत्नी जख्मी

**काशीचक(नवादा)।** प्रखंड के खखरी पंचायत के सरपंच दयानंद साव की पत्नी रंजू देवी 40 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बताया जाता है कि सरपंच दयानंद साव मोटरसाइकिल से काशीचक स्टेशन पत्नी को लेकर जा रहे थे। इसी क्रम में साड़ी का पल्लू मोटरसाइकिल के चक्का में फंस गया और साड़ी खींचने से गिर कर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पटना पीएमसीएच में भर्ती हैं।

**मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की मांगी जानकारी**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मिसिन्दर पासवान ने मतदान केंद्रों वाले विद्यालयों के प्रधानों से मतदान केंद्र पर उपलब्ध व्हील चेयर की संख्या की जानकारी मांगी है। विद्यालयों के प्रधानों को जल्द ही इसकी जानकारी देने को कहा गया है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ने विहित प्रपत्र में इसे देने को कहा है।

# वामदल ने शहीदे आजम भगत सिंह की शहादत पर माल्यार्पण कर लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शहीदे आजम भगत सिंह के 94वा शहादत दिवस पर वामदलों ने मनाया। माकपा जिला सचिव कॉम नरेशचंद्र शर्मा, भाकपा माले जिला सचिव कॉम भोला राम, माले नेता कॉम अजीत कुमार मेहता, माकपा नेता कॉम मुकलेश कुमार, फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता कॉम नरेशचंद्र विद्यार्थी भगत सिंह चौक पहुंच कर बने स्मारक पर माल्यार्पण किया व एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, फासीवाद मुर्दाबाद भगत सिंह अमर रहे के नारा बुलंद किया। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए वाम नेताओं ने कहा भगत सिंह देश को चेताया था काले अंग्रेजों के जगह गोरे अंग्रेज ना ले ले। इससे सावधान रहने पर जोर दिया था। आज वह दिन देख रहे है। संघ भाजपा द्वारा असहमति की आवाज को दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। ब्रिटिश हुकूमत की याद ताजा करती है मोदी सरकार, संविधान ओर लोकतंत्र को खत्म करने में लगे है। भगत सिंह आज जिंदा होते तो वह भी आज देशद्रोही होते, फासीवादी ताकतों के खिलाफ चौतरफा आंदोलन छेड़ना आज वक्त की मांग बन गई है इन ताकतों को उखाड़ फेंकना ही भगत सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



# 324 बोतल शराब जब्त, एक तस्कर एवं तीन बस स्टाफ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बिहारी-झारखण्ड के सीमावर्ती चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने ईद को लेकर शराब के भंडारण के विरुद्ध एक बस की छत पर लदे 24 कार्टूनों में रहे 324 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया है।वहीं एक शराब तस्कर के साथ तीन बस स्टाफ को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध एवं त्यौहार को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल के नेतृत्व में जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच किया जाता है। जांच के क्रम में रविवार की अहले सुबह कलकत्ता से आ रही अर्चना बस की जांच की गई। जांच के दौरान बस की छत से बोरा में पैक किया हुआ रॉयल स्टैग प्रीमियम ग्रेन व्हिस्की के 24 कार्टून में रहे कुल 324 बोतल शराब बरामद किया गया। बरामद शराब में रॉयल स्टैग के 750 एमएल के 252 बोतल एवं 375 एमएल के 72 बोतल शामिल है, जिसकी कुल मात्रा 216 लीटर है।वहीं जब्त शराब का बाजार मूल्य दो लाख रुपए से अधिक आंकी जा रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के गोंदापुर निवासी मो. कमालुद्दीन के पुत्र मो. इबरार आलम के रूप में हुई है। वहीं गिरफ्तार बस चालक की पहचान नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के भदौनी निवासी मो. सत्तार के पुत्र मो. अरमान,खलासी भदौनी निवासी मरहूम मोईन खान के पुत्र मो. नौशाद एवं उपचालक रोह थाना क्षेत्र के मरूई गांव निवासी मो. मुस्लिम अंसारी के पुत्र मो. इस्लाम अंसारी के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं बस के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार लोगों से आवश्यक पूछताछ के बाद अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



# दीपक के शतक के बावजूद नालंदा की जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में नवादा के सिरदला के लोन्द में बीसीए मेंस अंडर 23 वन डे ट्रॉफी के मगध जोन का आज का मुकाबला नवादा एवं नालंदा के बीच खेला गया सुबह नवादा के कप्तान दीपक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया एवं पहले बल्लेबाजी करती हुई नवादा की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 361 रनों के पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया जिसमें कप्तान दीपक ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 127 रनों की पारी खेली जबकि योगेश पटेल ने 60 रन कुमार सौरभ ने 32 रन रोहित ने 34 रन का योगदान दिया नालंदा की ओर से गेंदबाजी मे आदित्य ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके जबकि नमन गौरव ने दो विकेट झटके। बड़े स्कोर के पीछा करने उतरी नालंदा की टीम ने अर्णव के 76 रनों की तेज तर्रार पारी से नालंदा टीम को एक शानदार शुरुआत दी और उनका बखूबी साथ नमन गौरव ने शानदार शतकीय पारी नाबाद 166 बनाकर नालंदा को दो विकेट से शानदार जीत दर्ज करवाई। बल्लेबाजी में आदित्य ने भी 47 रनों का बहुमूल्य योगदान दिया। नमन गौरव के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी एवं सचिव मनीष आनंद ने संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया। इस मैच के अंपायर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पैनल अंपायर राजीव कमल मिश्रा एवं राजीव नंदन थे जबकि तीसरे अंपायर के रूप में अजय कुमार थे।

# हलवाई समाज ने धूमधाम से मनाया सती माता मंदिर का वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** हिसुआ में कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समाज के द्वारा माता सती स्थान मंदिर का वार्षिकोत्सव पूजा मनाया गया। हिसुआ के रेलवे क्रासिंग के समीप बने माता सती स्थान मंदिर में पूजा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष विजय प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, सचिव अमरनाथ गुप्ता, उपसचिव ईश्वरी प्रसाद गुप्ता आदि पूजा के यजमान बने थे। सनोज कुमार पांडे द्वारा वार्षिकोत्सव पूजा कराया गया। मंगलवार की सुबह विभिन्न प्रखंडों के हलवाई समाज के लोग पूजा की तैयारी में लगे हुए थे। पूजा से पूर्व मंदिर की साफ -सफाई कर फूलों से सजाया गया। सुबह पूजा के बाद प्रसाद वितरण एवं समाज के बीच भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर कोषाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, दीपू कुमार, राजीव कुमार, संटू कुमार, संतोष कुमार, ध्रुव कुमार, रंजीत कुमार, टिंकू, विनय गुप्ता, रवि गुप्ता, शुभम गुप्ता, भारती गुप्ता, वंदना गुप्ता, मंजू देवी, मुन्नी देवी, सुमन गुप्ता, सरोज देवी, विभा गुप्ता, गणेश कुमार समेत समाज के हजारों लोग मौजूद थे।



## फसल भरी ट्राली में आग लगने से हजारों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसी डिहरा गांव के पास खेराड़ी के ढ़ंगा से भरी ट्रैक्टर ट्राली में अचानक आग लग गई। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश पासवान ने बताया कि इन दिनों मसूरी, सरसों, खेराड़ी की फसल की कटाई की जा रही है। रविवार की सुबह डीहरा गांव के खंधे ट्रैक्टर ट्रॉली के द्वारा खेराड़ी के ढ़ंगा ले जाने के दौरान बिजली की शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग लगी में ट्रैक्टर मालिक प्रमोद राम और किसान मुकेश राम को भारी नुकसान पहुंचा है। आग लगी में करीब हजारों रुपए की नुकसान हुई है। अगलगी की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई घटनास्थल पर पहुंची दमकल विभाग के कर्मी ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटे दरी के बाद आज पर काबू पाया गया जब तक ट्रैक्टर ट्राली और ढंगा जलकर राख हो गया।

# धूमधाम से निकली मां मथुरासिनी की शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हिसुआ में धूमधाम से माहुरी समाज की कूल देवी मां मथुरासिनी की पूजा अर्चना किया गया एवं पुरे धूमधाम माहुरी मंडल धर्मशाला से शहर में निकाला गया शोभायात्रा। सामूहिक रूप से शोभायात्रा निकालने के बाद कूल देवी की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। शोभा यात्रा नगर भ्रमण के दौरान अंदर बाजार से नवादा रोड पीएनबी के पास और पुनः विश्वशांति चौक से अंदर बाजार होते माहुरी मंडल तक निकाला गया। जिसमें डीजे और भक्ति गीतों पर समाज के लोग झूमे। माहुरी मंडल सेवा समिति के राजकिशोर प्रसाद एवं नीरज प्रकाश लाल ने बताया कि मथुरासिनी पूजा प्रति वर्ष समाज के लोगों द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। जिसमें समाज के लोग एकत्रित होकर सामूहिक रुप से हिस्सा लेते हैं। इस बार भी हिसुआ समेत अन्य जगहों से समाज के लोगों ने कूल देवी के पूजा में शरीक हुए। पूजा के बाद समाज उत्थान एवं समाजिक सरोकार की चर्चा किया गया। पूजा उपरांत रात्रि में सहभोज की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम की सफलता में समाज के प्रीति भदानी, रश्मि बरहपूरिया, पूनम कुमारी, पंकज कुमार, सत्येंद्र कुमार, टुन्ना मिस्त्री, मुन्ना कंधवे, प्रमोद कुमार,अंटू कुमार, बबलू कुमार, पवन कुमार, रिशु कन्धवे, कन्हैया कुमार, जॉनी कुमार, ईश्वर कुमार, गोपाल कुमार, अरविंद गांधी, विकास कुमार, मंटू कन्धवे, मुकेश लोहानी, नंदू कुमार, हिमांशु कुमार, लालो, अजय कुमार आदि लोग लगे थे।



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने सिलौन्धा में की कुर्की जप्ती

**कुदरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के सिलौन्धा गांव में रविवार को चुनमुन यादव पिता डिग्री यादव के घर कुर्की जब्ती किया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ न्यायालय से कुर्की वारंट निर्गत हुआ था। कुर्की जब्ती के दौरान कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### शहीद दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को किया नमन

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को याद किया।इस मौके पर रविवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य लोगों ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव केवल नाम नहीं, बल्कि विचारधारा हैं जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है।मात्र 23 वर्ष की आयु में भगत सिंह ने जो बलिदान दिया, वह हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है।उनके साथ राजगुरु और सुखदेव ने भी स्वतंत्रता की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर कर दिए।उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को इन अमर बलिदानियों के विचारों को अपनाने और राष्ट्र सेवा में योगदान देने की आवश्यकता है।इस अवसर पर उपस्थित पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने भी देशभक्ति के नारों के साथ इन अमर शहीदों को नमन किया।अंत में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह, सुनील बंबईया, महेश यादव, बबलू गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

### महिला ने की आत्महत्या, पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया शव

**कोंच/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आंती थाना क्षेत्र के चबुरा गांव में एक महिला की आत्महत्या कर लेने का मामला रविवार के दोपहर एक बजे प्रकाश में आया है। जानकारी देते हुए आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि दोपहर में दूरभाष से सूचना मिली कि ग्राम चबूरा निवासी शोभी कुमारी उम्र 23 वर्ष पति सुनील ठाकुर ने आत्महत्या कर ली है। सूचना उपरांत जब उक्त स्थल पर पहुंचे तो देखा कि कमरे में महिला का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज गया भेजा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि पति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

### गरीब चेतना सम्मेलन के दौरान मांझी ने दिखाई ताकत

**शेरघाटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री सह हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर) के संस्थापक जीतन राम मांझी ने रविवार को शाम4 बजे शेरघाटी में आयोजित गरीब चेतना सम्मेलन के दौरान अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में शेरघाटी थाना अध्यक्ष अजित कुमार, बीडीओ स्नेहील आनंद, सीओ विक्रम सिंह समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद दिखे। कार्यक्रम में हम पार्टी के कार्यकताओं ने अपने नेता जीतन राम मांझी का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में 20 सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने गरीबों, दलितों और पिछड़ों के अधिकारों की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हम पार्टी के समर्थक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

### हत्या के मामले में डीएसपी के नेतृत्व में बनी विशेष टीम

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के अतरी थाना के थानाध्यक्ष को शनिवार को मध्य रात्रि को सूचना मिली कि ग्राम टेटुटा टांड़ में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है।प्राप्त सूचना से वरीय पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष, अतरी थाना के द्वारा तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल को संरक्षित किया गया।एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा इस कांड को गंभीरता से लेते हुए एएसपी ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं डीएसपी नीमचक बथानी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन करते हुए उन्हें त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।साथ ही एफएसएल एवं तकनीकी टीम को साक्ष्य संकलन हेतु घटनास्थल पर भेजा गया है।डीएसपी नीमचक बथानी के द्वारा उक्त गठित विशेष टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा शव को अंत्यः परीक्षण हेतु ए.एन.एम.एम.सी.एच, गया भेजा गया।इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की पहचान हेतु तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना संकलन की जा रही है।जल्द ही इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इस संबंध में अतरी थानाध्यक्ष द्वारा कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### महिला पर्यवेक्षिका के निधन पर सेविकाओं ने जताया शोक

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की ओर से रविवार को महासंघ भवन में शोकसभा का आयोजन किया गया।इसमें महिला पर्यवेक्षिका सुनीता देवी के निधन पर शोक जताया गया।दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।सभा की अध्यक्षता हेमंती देवी ने की।जिला मंत्री में मंजू कुमारी ने बताया कि बैठक में फेस रिकॉर्डरमिंक सिस्टम में हो रही कठिनाइयों पर चर्चा हुई।अगली बैठक के बाद कठोर निर्णय लेकर आंदोलन की तैयारी की जाएगी।सभा में हेमंती देवी, सुनीता कुमारी, सुबह वर्मा, पुष्पा कुमारी, नगीना देवी, उर्मिला देवी, रेणु कुमारी, रघुवीर पाठक, कंचन कुमारी, श्याम सुंदर यादव, कौशल किशोर, विनोद कुमार व शोभा सिंहा आदि रहीं।

### गया जंक्शन के 8 नंबर प्लेटफॉर्म का निरीक्षण

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गया जंक्शन पर नए सत्र से निर्माण कराए जा रहे आठ नम्बर प्लेटफॉर्म का कार्य तेज किया गया है।इसे अप्रैल माह में चालू करने का लक्ष्य निर्धारित है।ऐसी स्थिति को लेकर रविवार को रेल अधिकारी टीम ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।साथ ही जल्द से जल्द गुणात्मक पूर्ण स्थिति में निर्माण का काम पूरा कराने को कहा है।रेल कंट्रक्शन विभाग के अभियंता सुधीर शर्मा, कंट्रक्शन कम्पनी के अभियंता संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि आठ नंबर नया प्लेटफार्म का निर्माण कार्य अंतिम रूप में है।इसे अप्रैल माह में चालू कर दिया जाएगा।

### वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के कोंच प्रखंड स्थित बुद्धा आईडीआई कंप्युटर सेन्टर में बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बुद्धा आईडीआई कंप्युटर सेन्टर निदेशक राजीव कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ संगीता और कविता द्वारा राष्ट्र गान गा कर शुरूवात की गयी।प्रतियोगिता में अर्चना, सिंपी, मिक्की, निभा, सुगंधा, राखी, सुलेखा।उसी तरह लड़कों में क्रांति, सोनू, बिट्टू, गोलू, चमन शामिल रहे।उक्त मौके पर सौरभ कुमार, विकास कुमार, मिक्की, नम्रता, सुलेखा, रखी, बीटू, खुशी, निभा आदि उपस्थित रहे।

### वास्तु एवं ज्योतिष महासम्मेलन का केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**कहा- वास्तु एवं ज्योतिष में अध्ययन करने की है जरूरत**

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के मानपुर प्रखंड स्थित एक निजी होटल में वास्तु एवं ज्योतिष महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी शामिल हुए. जीतन राम मांझी एवं आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. यह कार्यक्रम अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ, नई दिल्ली एवं एस्ट्रोलॉजिकल पॉइंट, गया के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है. जिसमें पूरे देश से लोग शामिल हुए हैं. इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि वास्तु शास्त्र एवं ज्योतिष शास्त्र का महासम्मेलन हो रहा है, जो अपने आप में एक अच्छी बात है. देश भर से लोग इसमें शामिल हुए हैं. वास्तु शास्त्र कभी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग हुआ करता था और इसी के आधार पर भारत को जगत गुरु कहा जाता था, लेकिन धीरे-धीरे वास्तु एवं ज्योतिष के प्रति लोगों का रुझान कमता गया. लोग इसका अध्ययन ना कर दूसरे विषयों की पढ़ाई करने लगे, ताकि ज्यादा पैसा कमा सके. लेकिन हम समझते हैं कि इस सम्मेलन के माध्यम से जो बातें आएंगी, वह समाज के लिए एक अच्छा संदेश देंगी. आज वर्तमान परिवेश में यह जरूरत है कि लोग वास्तु और ज्योतिष के बारे में भी अध्ययन करें.



# पासी हुंकार महासम्मेलन में मंत्री अशोक चौधरी हुए शामिल

**समाज के लोगों ने की राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग**




**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के आजाद पार्क के प्रांगण में पासी हुंकार महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री डॉ. अशोक चौधरी शामिल हुए. इस दौरान कार्यकताओं ने मंच पर उनका जोरदार स्वागत किया. वहीं उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार बिहार का विकास हो रहा है. समाज के सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का कार्य किया जा रहा है. समाज के अंतिम वायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध है. वहीं पासी हुंकार महासम्मेलन के संयोजक शंकर चौधरी ने कहा कि राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. जिसमें गया के अलावा दूसरे जिलों से भी लोग शामिल हुए हैं. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजनीतिक राजनीतिक हिस्सेदारी लेना है. उन्होंने कहा कि गया जिले में 10 विधानसभा सीट है. जिसमें 3 अनुसूचित जाति के तहत आता है. अगर आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में इन तीन सीटों पर हमारे समाज से के लोगों को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है, तो हम लोग तीनों सीट को जीतने का कार्य करेंगे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करेंगे. वहीं उन्होंने कहा कि अगर बिहार विधानसभा चुनाव में हमारे समाज को दरकिनार किया जाता है तो सभी सीटों पर हमलोग निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे. इस मौके पर जदयू विधायक मनोरमा देवी, पूर्व विधायक कृष्णानंद प्रसाद यादव, जदयू जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, प्रमोद चौधरी सहित कई लोग शामिल थे.

## शहादत दिवस समारोह और वार्षिक सम्मेलन का हुआ आयोजन

**कोंच/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के कोराप पंचायत अंतर्गत भीखनपुर गांव में उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का संयुक्त 94 वां शहादत दिवस और वार्षिक सम्मेलन का आयोजन रविवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुनाथ सिंह व संचालन मोर्चा के सम्मानित अध्यक्ष जयनंदन शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम झंडोत्तोलन, शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित व शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं शहीदों के याद में एक मिनट का मौन से हुआ। उसके बाद स्वागत भाषण रामानंद सागर के द्वारा हुआ।सभा को संबोधित करते हुए जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि आजादी की लड़ाई में 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश हुकूमत ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दे दी, लेकिन इनका बलिदान स्वतंत्रता आंदोलन को और भी तेज कर गया। राजद प्रखंड प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार ने कहा कि 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश सरकार ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर जेल में फांसी दे दी थी। इन तीनों क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई थी और अपने साहस से पूरे भारत में क्रांति की भावना जगा दी थी। राजद नेता दारा सिंह ने कहा कि शहीद दिवस केवल भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की याद में ही नहीं, बल्कि उन सभी वीरों के सम्मान में भी मनाया जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह दिन हमें देशभक्ति, साहस और बलिदान की प्रेरणा देता है। वहीं, कार्यक्रम के बीच बीच में बिरहा गायक धनंजय यादव एवं जनवादी गायक एल के बिंदु के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। तत्पश्चात उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा का कोंच प्रखंड सम्मेलन - 2 का आयोजन किया गया और उत्तर कोयल नहर के वर्तमान स्थिति और चलाए जा रहे किसान आंदोलन पर विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर नंदलाल सिंह, पूर्व मुखिया कृष्णदेव यादव, पूर्व मुखिया बिनोद प्रसाद, सरपंच चंचल यादव, राम विजय यादव, जितेंद्र यादव, उपेन्द्र यादव, अरुण कुमार, धनेश यादव, किशोरी मोहन, सुखेंद्र यादव, अजय कुमार, विकेश यादव, मुन्ना प्रसाद, मनोज शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




## बिहार के सबसे बड़े रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी अन्तिम चरण में

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस वर्ष गया शहर बिहार के सबसे बड़े और भव्य रामनवमी शोभायात्रा का साक्षी बनेगा।इसी को लेकर रविवार को धर्म सभा भवन में श्री राम नवमी केंद्रीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शोभायात्रा की तैयारियों और आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने घोषणा की कि गया शहर में बिहार का सबसे बड़ा और भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकलेगा।

उन्होंने बताया कि यह शोभायात्रा गाजे-बाजे, भव्य झांकियों, हजारों श्रद्धालुओं और आकर्षक सजावट के साथ निकलेगी, जो पूरे राज्य के लिए आस्था और भक्ति का प्रतीक बनेगी।महामंत्री मणि लाल बारीक ने बताया कि सभी झंडा समिति के सदस्यों के साथ बैठक संपन्न हो चुकी है, जिसमें शोभायात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई।उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां आयोजन को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर समाधान के लिए जिला प्रशासन से वार्ता की जा रही है। कोषाध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि पूरे गया शहर को भगवा ध्वजों से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बनेगा।मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ने जानकारी दी कि 30 मार्च 2025, रविवार को संध्या 4 बजे धर्म सभा भवन में केंद्रीय समिति की एक और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें शोभायात्रा की अंतिम तैयारियों पर चर्चा होगी।

केंद्रीय समिति की भव्य छाकी (झांकी) मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।बैठक में समिति के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी अपनी महत्वपूर्ण राय रखी और आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की।श्री राम नवमी केंद्रीय समिति ने गया के नागरिकों, व्यापारियों और राम भक्तों से अपील की कि वे इस भव्य आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग करें और रामनवमी को ऐतिहासिक बनाएं।इस अवसर पर संरक्षक कौशलेंद्र नारायण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह, महामंत्री मणि लाल बारीक, उपाध्यक्ष चंदन भदानी, मनीष सिंह, प्रताप सिंह, हिमांशु कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन वर्मा, नगर मंत्री कमल बारीक, नवीन कुमार, विकास भदानी, मुन्ना बजरंगी, अमित मोहन मिश्र, मुन्ना सिंह, बबलू आर्य, अजय राजू, मिन्न प्रशांत कुमार, विक्रम गुर्दा, सूरज सिंह आदि प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## शहीद-ए-आजम के शहादत दिवस पर युवा हुंकार मार्च

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की शहादत दिवस के मौके पर रविवार को गया में छात्र संगठन आइसा और युवा संगठन इंकलाबी नौजवान सभा ने युवा हुंकार मार्च के रूप में मनाया।समाहरणालय से निकला मार्च दिग्घी तालाब स्थित भगत सिंह मूर्ति तक गया जहां माल्यार्पण और श्रद्धांजलि के बाद सभा किया गया।इस मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा राज्य उपाध्यक्ष तारिक अनवर ने कहा कि भगत सिंह और उनके साथी सुखदेव व राजगुरु को लाहौर जेल में फांसी दिए 94 साल हो चुके हैं।उनका और उनके साथियों का बलिदान सिर्फ.औपनिवेशिक गुलामी से मुक्त होने की जोशीली चाह तक सीमित नहीं था, बल्कि वे एक समाजवादी भारत का सपना लेकर चले थे।वहीं आइसा नेता मो. शेरजहां ने कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों ने भारत की राजनीतिक परिकल्पना और वैचारिक प्रतिबद्धता को वह दिशा दी जिसे आगे चल कर बाबासाहब अम्बेडकर के नेतृत्व में बने भारत के संविधान में सभी के लिए समग्र न्याय, स्वतंत्रता, बराबरी और भाईचारा के साथ एक सार्वभौम समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में ठोस स्वरूप मिला।हम भगत सिंह को उनके दूरदर्शी नजरिए के लिए भी याद करते हैं, जिसमें उन्होंने चेताया था कि आजादी सिर्फ. शासकों को बदलने की लड़ाई नहीं है।ऐसा न हो कि अंग्रेजों की जगह उनके देसी उत्तराधिकारी आ जाएं। उसी ने हमें 1947 में आजादी दिलाई।कार्यक्रम में तारिक अनवर, आइसा नेता मो. शेरजहां, अभिषेक राठौर, मो. नूर, फराज हाली, मो. शाकिब, नाजिश अनवर, रिपु यादव, सोनू यादव, ओम प्रकाश शर्मा समेत अन्य शामिल थे।

### शब्दवीणा बिहार प्रदेश समिति द्वारा बिहार दिवस पर परिचर्चा एवं काव्यांजलि का हुआ आयोजन

**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की बिहार प्रदेश समिति द्वारा बिहार दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित साहित्यिक परिचर्चा एवं काव्यांजलि में बिहार के गया, पटना, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, बेगूसराय, नालंदा, समस्तीपुर आदि जिलों के शब्दवीणा कवियों व साहित्यकारों ने बिहार के गौरवशाली अतीत, चुनौतियों से परिपूर्ण वर्तमान एवं स्वर्णिम भविष्य पर अपने विचार रखते हुए बिहार की शस्यश्यामला धरती को भावभीनी काव्यांजलि अर्पित की।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं शब्दवीणा गीत से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शब्दवीणा गया जिला संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामसिंहासन सिंह ने तथा संचालन शब्दवीणा की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में शब्दवीणा बिहार प्रदेश संगठन मंत्री प्रो. डॉ. दीनानाथ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो डॉ. सुनील कुमार उपाध्याय की उपस्थिति रही।

## एबीवीपी बोधगया नगर इकाई ने शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोधगया नगर इकाई द्वारा शहीद दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस मौके पर नगर मंत्री ने कहा आजकल की युवाओं का रोड मॉडल भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव नहीं है।आजकल के युवाओं का रोल मॉडल फिल्मों में काम करने वाले हीरो बन गए हैं। उन्हें उनके जैसा बनना है और हम देश को विश्व गुरु बनाने की बात करते हैं।जब तक हमारे देश के युवाओं का रोल मॉडल शाहिद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, नहीं होंगे तब तक हमारा देश विश्व गुरु नहीं बन पाएगा।इसी विचार धारा संदेश के साथ एबीवीपी बोधगया द्वारा आज बलिदान दिवस पर शाहिद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।जिला संयोजक अमन शेखर कहा कि इसी दिन सन् 1931 में युवा स्वतंत्रता सैनानियों को फांसी पर लटकाया था।देश की आजादी के लिए कुर्बान होने वाले अमर शहीदों की श्रद्धांजलि में यह दिन मनाया जाता है।वही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्ष सिंह ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की इस शहादत से देश भर में राष्ट्रवाद का मानो ज्वार आ गया था।आजादी की लड़ाई काफी तेज हो गई।इस मौके पर प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक सुमित मौर्य, अभिषेक आर्या, सौरभ स्वराज, जयकांत कुमार, निखिल राज, अमरनाथ कुमार अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लीवर कैंसर के उपचार पर शोध के लिए 92.12 लाख रुपये का मिला अनुदान

**टिकारी(गया)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लीवर कैंसर के उपचार के लिए स्टेम सेल से डिजाइनर टी कोशिकाओं के विकास पर शोध के लिए दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), भारत सरकार से 92.12 लाख रुपये का अनुसंधान अनुदान मिला है।सीयूएसबी को स्टेम सेल और इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान करने के लिए इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना और राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) हाजीपुर के सहयोग से अनुसंधान अनुदान प्राप्त हुई है।सीयूएसबी के स्कूल ऑफ अर्थ बायोलॉजिकल एंड एनवायर्नमेंटल साइंसेज के डीन प्रो. रिजवानुल हक, मुख्य अन्वेषक (पीआई) की अध्यक्षता वाली टीम में रूप में सीयूएसबी के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कृष्ण प्रकाश (सह-पीआई), आईजीआईएमएस, पटना से सह-पीआई के रूप में फामाकोलॉजी विभाग के डॉ. मरगूब अहमद और सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार सिंह, नाइपर, हाजीपुर से सह-पीआई के रूप में सहायक प्रोफेसर डॉ. मुरली कुमारसामी शामिल हैं।सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा और विभाग के अन्य संकाय सदस्यों ने प्रो. रिजवानुल हक और शोध टीम को अनुदान के लिए बधाई दी है।सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि शोध टीम को तीन साल की अवधि के लिए कुल 92.12 लाख स्वीकृत किए गए हैं जिसमें से सीयूएसबी को फंडिंग एजेंसी से 53 लाख रुपये जारी किए गए हैं।प्रो. रिजवानुल हक को स्टेम सेल तकनीक और इम्यूनोथेरेपी आधारित दवा विकास के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है।उनकी टीम में कोमल कुमारी, नंदनी कुमारी, सीमा सिंह मराबी, विकास कुमार, नैना साक्षी और सृष्टि श्रीया और रशीद लतीफ (एसआरएफ परियोजना स्टाफ) सहित युवा और उज्ज्वल शोधार्थियों की उत्कृष्ट टीम काम कर रही है।विस्तृत विवरण प्रदान करते हुए प्रो. रिजवानुल हक ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य प्रेरित प्लुरिपोटेंट स्टेम कोशिकाओं से उपन्यास डिजाइनर टी-कोशिकाओं को विकसित करना और मॉडल जीवों के खिलाफ यकृत कैंसर के खिलाफ उनकी प्रभावशीलता की जांच करना है।यह शोध मनुष्यों में यकृत कैंसर के उपचार के लिए एक नई चिकित्सीय रणनीति पर प्रकाश डालेगा और कैंसर के लिए उपलब्ध इम्यूनोथेरेपी की उन्नति में मदद करेगा।

## चोरों ने तीन दुकान व दो मकान को अपना निशाना बनाया, लाखों रुपये नगदी समेत सामान की चोरी

**टिकारी(गया)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। शनिवार की मध्य रात्रि चोरों ने तीन दुकान व दो मकान को अपना निशाना बना लाखो रुपये नगदी समेत लाखो के सामान की चोरी कर ली।घटना की जानकारी होने के उपरांत टिकारी थाना के एसआई कन्हैया कुमार व राहुल कुमार घटनास्थल पहुंच मामले की जांच की।चोरी की जानकारी सभी को रविवार की सुबह हो गई।एक-एक कर जैसे ही लोगो को चोरी की जानकारी हो गई लोगो के बीच चर्चा का विषय बन गया।चोरों ने सभी दुकान का शटर का लॉक व घर के मुख्य दरवाजा का ताला तोड़ा है।जानकारी के अनुसार सलेमपुर गांव के सिदार्थ प्रियदर्शी की बॉबी साउंड नाम की दुकान से पांच लाख के साउंड सिस्टम व 37 हजार रुपये नगदी, अमरेश कुमार के गौतम इंटरप्राइजेज नाम की दुकान से दो लाख अठहत्तर हजार नगदी व करण गुप्ता के जेनरल स्टोर से हजारों रुपये के सामान की चोरी कर ली।इसके अलावा प्रशांत किशोर व बबलू शर्मा के मकान का ताला तोड़ दिया हालांकि किसी तरह के सामान की चोरी की बात नही बताई गई।गौतम इंटरप्राइजेज में की गई चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।मामले को लेकर टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई।

## राज्य आयोगों और अधिकरणों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन

**सम्मेलन में देश के 17 विभिन्न राज्यों से लगभग 180 विशिष्ट प्रतिनिधियों ने लिया भाग**




**गया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व परिषद, बिहार एवं बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन राज्य आयोगों और अधिकरणों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियाँ का सफलतापूर्वक आयोजन रविवार को महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र, बोधगया के कन्वेंशन हॉल में संपन्न हुआ।इस सम्मेलन में देश के 17 विभिन्न राज्यों से लगभग 180 विशिष्ट प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न उच्च न्यायालयों के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीशगण, राज्य आयोगों एवं अधिकरणों के अध्यक्ष, अध्यक्षगण एवं सदस्यगण, विभिन्न राज्य सरकारों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण एवं बिहार के महाधिवक्ता पी. के. शाही शामिल थे।सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही, अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने उद्घाटन भाषण दिया।उन्होंने राज्य आयोगों और अधिकरणों के सुदृढ़ीकरण हेतु ढांचागत एवं प्रक्रिया संबंधी सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। माननीय न्यायमूर्ति डॉ. बिद्युत रंजन सारंगी, सदस्य, एनएचआरसी, माननीय न्यायमूर्ति आनंद सेन, झारखंड उच्च न्यायालय, माननीय न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय, माननीय न्यायमूर्ति डॉ. संजीव कुमार पाणिग्रही, उड़ीसा उच्च न्यायालय, माननीय न्यायमूर्ति राजेश भारद्वाज, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़, माननीय न्यायमूर्ति पूर्णंदु सिंह, न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय, माननीय न्यायमूर्ति डॉ. अंशुमान, न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय ने भी अपनी गरिमामयी अशुमान, उपस्थिति से सम्मेलन की शोभा बढ़ाई।कई उच्च न्यायालयों के विभिन्न पूर्व माननीय न्यायाधीशों ने भी सम्मेलन को प्रबुद्ध किया। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, विभिन्न अन्य न्यायाधिकरण और आयोग, राष्ट्रीय और राज्य स्तर के विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष, अध्यक्ष और सदस्य भी सम्मेलन में शामिल हुए।

**सम्मेलन में विभिन्न जिलों के एडीएम और डीसीएलआर भी उपस्थित थे**

इस अवसर पर बिपार्ड के महानिदेश के के पाठक एवं सामान्य प्रशासन विभाग के एसीएस बी राजेंद्र उपस्थित रहे।उन्होंने शासन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नीति आधारित संवाद और प्रशासनिक क्षमताओं के निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया।सम्मेलन में विभिन्न जिलों के एडीएम और डीसीएलआर भी उपस्थित थे।सम्मेलन में दो पूर्ण सत्र एवं तीन समानांतर सत्र आयोजित किए गए, जिनमें उपभोक्ता अधिकार, राजस्व परिषद की कार्यप्रणाली, मानवाधिकार, रियल एस्टेट विनियमन और विकास अधिनियम, 2016 (रेरा), और सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (आरटीआई) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने चर्चा की।इन सत्रों में लंबित मामलों की अधिकता, संसाधनों की कमी, कार्यक्षेत्र में भ्रम जैसी चुनौतियों पर विचार किया गया एवं समाधान प्रस्तुत किए गए।यह सम्मेलन बिपार्ड द्वारा हाल ही में आयोजित अन्य प्रमुख आयोजनों की श्रृंखला की अगली कड़ी है, जैसे- अक्टूबर 2024 में आयोजित डेटा ड्रिवन गवर्नेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन, नवंबर 2024 में नए आपराधिक कानूनों पर राष्ट्रीय सम्मेलन, जनवरी 2025 में विकसित भारत 2047: पूर्वी भारत की चिंताएँ पर क्षेत्रीय सम्मेलन, एवं फरवरी 2025 में न्यायिक डॉकेट्स: विस्फोट और बहिष्करण पर आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन।सम्मेलन के समापन पर प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति जताई कि इस संवाद के माध्यम से जो सुझाव और निष्कर्ष सामने आए हैं, वे राज्य आयोगों एवं अधिकरणों की कार्यक्षमता को सशक्त बनाने में सहायक होंगे, जिससे न्याय सुलभहोगा और शासन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

संपादकीय

# नागपुर दंगा : असली मास्टर माइंड कौन?

शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कट्टरपंथी मुगल सम्राट औरंगजेब और उसकी 218 साल पहले बनी कब्र देश और खासकर महाराष्ट्र में भारी साम्प्रदायिक हिंसा और राजनीति का कारण बन जाएगी। नागपुर में हुई साम्प्रदायिक दंगा, आगजनी और पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमले की गंभीर घटना के मामले में पुलिस ने एक स्थानीय मुस्लिम नेता फहीम खान और उसके लगभग सौ साथियों को गिरफ्तार किया है। फहीम समेत लोगों पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में बांग्लादेश कनेक्शन भी सामने आया है। अभी तक तस्वीर यही है कि 17 मार्च को विश्व हिंदू परिषद द्वारा खुल्दाबाद से मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन और प्रतीकात्मक कब्र जलाने के फेक वीडियो वायरल होने से मुसलमान भड़क उठे और उन्होंने भारी हिंसा की। फहीम खान से उन्हें हिंदुओं के खिलाफ भड़काने का काम किया। लेकिन अब सवाल उठ रहा है कि इस दंगे के पीछे असल मास्टर माइंड कौन है? फहीम खान तो एक मोहरा भर है। चर्चा यह है कि भाजपा की अंदरूनी राजनीति भी इस दंगे को भड़काने के पीछे बड़ा कारण है। यह आशंका इसलिए भी बलवती हो रही है, क्योंकि औरंगजेब और उनकी कब्र को लेकर भाजपा और विहिप के मातृ संगठन आरएसएस के बयान और रूख अलग-अलग हैं। बकौल संघ के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर अगर औरंगजेब आज पूरी तरह से अप्रासंगिक है तो यह सारा आंदोलन क्यों? महाराष्ट्र में यह चर्चा आम है कि नागपुर में इस हिंसा के पीछे मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की कुर्सी हिलाने की छुपी कोशिश थी। इसमें एक वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्री का नाम भी आ रहा है। हालांकि इसकी कोई पुष्टि नहीं कर रहा। लेकिन नागपुर मध्य के भाजपा विधायक और सीएम फडणवीस के खास समर्थक प्रवीण दटके ने सवाल उठाया है कि हिंसा शुरू होने के बाद पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई क्यों शुरू नहीं की? दूसरी तरफ नागपुर के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले अभी भी इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका को सही बता रहे हैं। चर्चा यह भी है कि नागपुर प्रकरण संघ और उसके अनुषांगिक संगठनों में नवहिंदुत्ववादी और पुराने हिंदुत्ववादियों की सोच में टकराव का गंभीर नतीजा है। इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री फडणवीस काफी हद तक बचाव की मुद्रा में दिखे। उन्होंने विधानसभा में कहा कि नागपुर में हिंसा फैलने के पीछे असल कारण फिल्म 'छावा' में दिखाए गए औरंगजेब के अत्याचार हैं। लेकिन 'छावा' फिल्म का महिमा मंडन और उसे टैक्स फ्री करने का काम भी भाजपा सरकारों ने ही किया। इस फिल्म में औरंगजेब को चरित्र को अत्याचारी दिखाने पर भड़के सपा विधायक अबू आजमी ने बयान किया कि औरंगजेब तो महान बादशाह था। जिससे नफरत की आग और भड़की। हालांकि इस बयान के बाद आजमी को विधानसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या नागपुर हिंसा वास्तव में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को अस्थिर करने की गुप्त योजना का परिणाम थी? वैसे नागपुर में यह साम्प्रदायिक हिंसा पहली बार नहीं हुई है। संघ की स्थापना के दो साल बाद 1927 में भी शहर में महालक्ष्मी जुलूस निकालने को लेकर साम्प्रदायिक दंगा हुआ था। इस जुलूस का मुसलमानों ने महाल इलाके से निकालने का विरोध किया था। उस दंगे में 22 लोग मारे गए थे और 100 से अधिक घायल हुए थे। हालांकि उसके बाद कोई बड़ा साम्प्रदायिक दंगा या हिंसा वहां नहीं हुई। केवल गांधी हत्या के बाद वहां ब्राह्मणों को निशाना बनाया गया था। तो क्या नागपुर में फिरकापरस्ती का वही जिन्न फिर सिर उठा रहा है? और उसका सरपरस्त कौन है?

# बलूच के रूप में क्या पाक एक बार और टूटेगा

**जब से संसार के मानचित्र पर पाकिस्तान नामक देश को जगह मिली। उसका सबसे पहला उद्देश्य येन केन प्रकारेण भारत में आतंकी गतिविधियों को बढ़ाकर अस्थिरता फैलाना रहा है। कश्मीर पर अपना हक जताने के बहाने वह कई बार भारत पर आक्रमण करने की भूल कर चुका है। वहां के राजनैतिक दल पाकिस्तानी जनता का ध्यान दैनिक जीवन की समस्याओं से इतर कश्मीर की ओर लगाए रखते हैं और उनकी वतनपरस्ती की भावनाओं का दोहन कर उन्हें भारत के विरुद्ध भड़काते रहते हैं। सन् 1965 की लड़ाई में बुरी तरह मुंह की खाने के बाद 1971 में पूर्वी पाकिस्तान खो दिया। पूर्वी पाकिस्तान खोने का बदला, वह भारत में कई अलगाववादी आंदोलनों को हवा देकर, लेने का प्रयास करता रहा। 1999 में कारगिल में फिर से मुंह की खाई। उसके पश्चात पठानकोट और उरी जैसे स्थानों पर सैनिक ठिकानों पर छिपकर आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। परन्तु बदले में उससे भी अधिक नुकसान उसे उठाना पड़ा तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष न उसे स्वीकार करते बना और न अस्वीकार बनते। आज आतंक की उसी आग में पाकिस्तान स्वयं झुलसने लगा। अभी 11 मार्च को बलूच लिबरेशन आर्मी ने जाफर एक्सप्रेस को हाइजैक कर जो संदेश दिया वह न केवल पाकिस्तान के सैन्य बलों के लिए चुनौती है, बल्कि बलूचिस्तान में दशकों से चल रहे संघर्ष की जटिलता को भी उजागर कर दिया। यह उसी आग में झुलसने का एक उदाहरण है।**

**बलदेव राज भारतीय**

जाफर एक्सप्रेस को हाइजैक करना महज एक आतंकवादी हमला नहीं थी, बल्कि एक गहरे असंतोष और विद्रोह की अभिव्यक्ति थी, जो बलूच लोगों के दर्द, उनकी उपेक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष को दर्शाती है। इसके ठीक चार दिन बाद, 15 मार्च को नोशकी में हुए एक और आत्मघाती हमले ने इस विद्रोह की आग को और भड़का दिया। बीएलए ने दावा किया कि उसने 90 पाकिस्तानी सैनिकों को मार डाला, हालांकि सरकार इस संख्या को कम बताकर अपनी हार को छिपाने की कोशिश कर रही है। इन घटनाओं ने न केवल पाकिस्तानी सेना की कमजोरियों को उजागर किया, बल्कि यह भी सवाल उठाया कि क्या बलूचिस्तान पर उसका नियंत्रण वास्तव में उतना मजबूत है, जितना वह दावा करती है?

बलूचिस्तान, पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत, सरकार द्वारा उपेक्षित, अपनी प्राकृतिक संपदा–तेल, गैस, सोना और तांबे-के लिए जाना जाता है। लेकिन यह विडंबना ही है कि इस संपदा का लाभ वहां के मूल निवासियों, बलूच लोगों को, लगभग न के बराबर मिलता है। बलूच समुदाय लंबे समय से यह आरोप लगाता रहा है कि पाकिस्तानी सरकार उनकी जमीन का शोषण तो करती है, लेकिन बदले में उन्हें विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखती है। 1948 में जब बलूचिस्तान को पाकिस्तान में शामिल किया गया, तब से ही वहां के लोग इसे एक जबरन अधिग्रहण मानते हैं। उस समय के शासक, खान ऑफ कालात मीर अहमद यार खान, ने कथित तौर पर स्वतंत्रता की मांग की थी, लेकिन सैन्य दबाव में उन्हें हार माननी पड़ी। तब से लेकर आज तक, बलूचिस्तान में असंतोष की यह आग कभी शांत नहीं हुई। बीएलए जैसे संगठन इसी असंतोष की उपज हैं। यह संगठन बलूचिस्तान की आजादी के लिए लड़ रहा है और इसे पाकिस्तान से अलग एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाना चाहता है। हालांकि इसे पाकिस्तान,



अमेरिका और कई अन्य देशों ने आतंकवादी संगठन घोषित किया है, लेकिन बलूच समुदाय के एक बड़े हिस्से के लिए यह उनकी आवाज बन गया है। जाफर एक्सप्रेस हाईजैक और नोशकी हमला इस बात का सबूत हैं कि बीएलए अब पहले से कहीं अधिक संगठित, साहसी और प्रभावशाली हो गया है। 11 मार्च को जाफर एक्सप्रेस पर हमला बीएलए के लिए एक टर्निंग पॉइंट था। यह ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी, जिसमें लगभग 500 यात्री सवार थे। बीएलए ने न केवल ट्रेन को हाईजैक किया, बल्कि उसने दावा किया कि उसने 214 बंधकों को मार डाला। एक घायल सैनिक के अनुसार बलूच आतंकियों ने पाक सैनिकों को चुन चुन कर मारा और ट्रेन को सुरंग नंबर 8 में रोककर अपनी रणनीति को अंजाम दिया। बीएलए ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था कि सरकार उनकी मांगें-बलूच राजनीतिक कैदियों और गायब लोगों की रिहाई–पूरी करे, वरना बंधकों को मार दिया जाएगा। पाकिस्तानी सेना ने इस मांग को ठुकरा दिया और जवाब में सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें उसने दावा किया कि सभी 33 हमलावर मारे गए और 346 यात्रियों को बचा लिया गया। लेकिन बीएलए का कहना है कि यह ऑपरेशन असफल रहा और उसने अपने वादे के मुताबिक बंधकों को मार डाला। इस घटना ने कई सवाल खड़े किए। पहला, क्या बीएलए वास्तव में इतना सक्षम हो गया है कि वह इतने बड़े पैमाने पर हमला कर सके? दूसरा, क्या पाकिस्तानी सेना की रणनीति बलूच विद्रोह को दबाने में विफल हो रही है? और तीसरा, क्या यह हमला बलूचिस्तान में एक बड़े विद्रोह की शुरुआत है? बीएलए के इस कदम ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदगी का सामना करने के लिए मजबूर किया। उसकी सेना, जो खुद को दक्षिण एशिया की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक मानती है, एक 'कमजोर' समझे जाने वाले संगठन के सामने बेबस नजर आई।जाफर एक्सप्रेस हाईजैक के चार दिन बाद 15 मार्च को नोशकी में हुए आत्मघाती हमले ने बीएलए की ताकत को और साबित कर दिया। इस हमले में उसने एक सैन्य काफिले को निशाना बनाया और दावा किया कि 90 सैनिक मारे गए। इन हमलों को देखते हुए एक बड़ा सवाल उठता है: क्या बीएलए का यह रास्ता उचित है? हां, बलूच लोगों के साथ अन्याय हुआ है। उनकी जमीन का शोषण, उनकी संस्कृति का दमन और उनकी आवाज को कुचलने की कोशिशें निर्विवाद हैं। मानवाधिकार संगठनों ने बार-बार बताया है कि बलूचिस्तान में हजारों लोग 'लापता' हो गए हैं, जिन्हें कथित तौर पर सुरक्षा बलों ने उठाया है। लेकिन क्या हिंसा इसका जवाब हो सकती है? जाफर एक्सप्रेस में सैकड़ों निर्दोष यात्रियों को बंधक बनाना और उनकी हत्या करना क्या बलूच लोगों के संघर्ष को न्यायसंगत बनाता है? यहां मानवता का एक गहरा संकट है। बीएलए का कहना है कि वह अपने लोगों की आजादी के लिए लड़ रहा है, लेकिन इस प्रक्रिया में वह उन लोगों की जान ले रहा है जो शायद इस संघर्ष से सीधे जुड़े भी न हों। दूसरी ओर, पाकिस्तानी सरकार और सेना की नीतियां भी इस हिंसा को बढ़ावा दे रही हैं। बलूच लोगों के साथ बातचीत करने, उनकी शिकायतों को सुनने और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की बजाय, सरकार ने सैन्य दमन को चुना है। नतीजा यह है कि दोनों पक्षों के बीच की खाई बढ़ती जा रही है, और आम लोग इसकी कीमत चुका रहे हैं। बीएलए का उदय और उसकी हालिया कार्रवाइयां इस बात का संकेत हैं कि बलूचिस्तान में स्थिति अब सरकार के नियंत्रण से बाहर हो रही है। पहले बीएलए को एक कमजोर संगठन माना जाता था, जो छिटपुट हमले ही कर सकता था। लेकिन अब वह बड़े पैमाने पर ऑपरेशन करने में सक्षम हो गया है। जाफर एक्सप्रेस हाईजैक और नोशकी हमले ने दिखाया कि उसके पास न केवल हथियार और प्रशिक्षण है, बल्कि स्थानीय समर्थन और रणनीतिक समझ भी है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि अगर पाकिस्तान ने अपनी नीति नहीं बदली, तो यह विद्रोह और बढ़ेगा। कुछ तो यह भी कहते हैं कि पाकिस्तान चार हिस्सों में बंट सकता है-पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा। यह भविष्यवाणी भले ही अतिशयोक्ति लगे, लेकिन बलूचिस्तान में बढ़ती अशांति इसे असंभव भी नहीं बनाती। बीएलए का कहना है कि वह तब तक लड़ता रहेगा, जब तक बलूचिस्तान को आजादी नहीं मिल जाती। लेकिन इस आजादी की कीमत क्या होगी? क्या यह और खूनखराबे, और तबाही के बाद हासिल होगी? पाकिस्तान के सामने अब दो रास्ते हैं, या तो वह बलूच लोगों के साथ संवाद शुरू करे, उनकी शिकायतों को सुने और उन्हें सम्मान दे, या फिर सैन्य दमन को जारी रखे और इस आग को और भड़कने दे। मानवता की जीत तभी होगी, जब दोनों पक्ष हिंसा को छोड़कर बातचीत की मेज पर आएंगे। लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए, यह उम्मीद धुंधली नजर आती है। बलूचिस्तान की यह जंग अभी खत्म होने वाली नहीं है। इसकी परिणति क्या होगी? क्या संसार का मानचित्र एक बार फिर बदलने वाला है? क्या पाकिस्तान एक बार फिर से टूटने जा रहा है? ये प्रश्न अभी काल के गर्भ में हैं। इनका उत्तर समय ही देगा।

अध्यात्म

## परोपकार सबसे बड़ा नैतिक मूल्य

एक घने जंगल में, भूरा नाम का एक बड़ा, रोएँदार भालू विनम्र जीवन व्यतीत करता था। अपने साथी भालुओं के विपरीत, भूरा अपनी मजबूत कार्य नीति के लिए जाना जाता था। हर सुबह, वह सूर्योदय से पहले उठकर अपने बगीचे में जाता था। जहाँ से वह रसदार जामुन और मीठा शहद इकट्ठा कर लाता था। इसके बाद वह पास की नदी में मछली पकड़ने, जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने और यहां तक ????कि अपने साथी वन प्राणियों को उनके कार्यों में मदद करने में दिन बिताया करता था। उसके पड़ोसियों में मिनी खरगोश और गिल्लू गिलहरी थे। भूरा सदैव उनकी भी सहायता करता था। दिन भर मेहनत एवं सहायता करते रहने के बाद भी भूरा ने कभी शिकायत नहीं की। उसे निरंतर मेहनत करना पसंद था। अपने दोस्तों को फलते-फूलते देखकर उसे खुशी मिलती थी। जैसे-जैसे बरसात का मौसम नजदीक आया, भूरे की मेहनत रंग लाई। उसकी गुफा में प्रचुर मात्रा में सूखे फल, कंद मूल, शहद उपलब्ध थे। वह बरसात के मौसम के लिए तैयार था। गुफा के सामने उसने मिट्टी और पत्थरों से मेढ़ बना दी थी जिससे कि बरसात का पानी गुफा के अंदर न भरे। परंतु, इस बार बरसात बहुत अलग थी। पहले के समान अधिक वर्षा तो हो ही रही थी। एक दिन भयंकर तूफान आ गया। बहुत से पेड़ गिर गए। कितने ही पशु पक्षियों के घर तबाह हो गए। कई जानवरों को भोजन और आश्रय खोजने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हालांकि, भूरा को अपनी मेहनत के कारण संघर्ष नही करना पड़ा। जब कि, इसी अधिक वर्षा और तूफान में, मिन्नी खरगोश और गिल्लू गिलहरी के घर भी तबाह हो गए। जंगल के इस कठिन समय मे भूरे ने अपने पड़ोसी मिन्नी खरगोश एवं गिल्लू गिलहरी के साथ साथ बहुत सारे जानवरों की मदद की। उसने अपने साथी जंगलवासियों को अपनी गुफा में आश्रय दिया। उन्हें अपने जमा किये हुए भोजन में से खाना दिया। चारा खाने वाले जानवरों के बच्चों के लिए बाहर जाकर चारा लाने में भी संकोच नही किया। लगभग एक सप्ताह में तूफान और अधिक वर्षा का प्रकोप कम होगया। जंगल मे जीवन सामान्य होने लगा। धीरे धीरे जंगल के राजा शेर सिंह को भूरे भालू के परोपकार के बारे में पता चला। वनराज शेर सिंह ने अपने दरबार मे दावत रखी। उसमे जंगल के सभी जानवरों को निमंत्रण भिजवाया। लगभग सभी जानवर आए। राजा शेर सिंह जैसे ही मंच पर पहुंचे, सारे जानवर अपने राजा के सम्मान में खड़े होगए। शेर सिंह ने मंच पर से सभी को तूफान का डट कर सामना करने की बधाई देते हुए कहा, मुझे अपने जंगलवासियों पर गर्व है जिन्होंने इतनी विषम परिस्थिति में भी हार नही मानी। सब ने एक दूसरे के जीवन एवं परिवार की रक्षा की है। एकता में बल है। परंतु, यह आयोजन मैंने इस जंगल के सबसे होनहार निवासी भूरा भालू के सम्मान में रखी है। सबको इनसे सीख लेनी चाहिए। भूरा भालू समयबद्ध तरीके से काम करते हैं। अपने साथ साथ दूसरों की मदद करते हैं। साथ ही भविष्य की भी योजना पक्की बनाते हैं।

# मी लॉर्ड, आप ही बताएं बलात्कार या उसकी मंशा कैसी होती है?

**कभी कभी लगता है कि देश आगे की तरफ़ बढ़ने के बजाए और पीछे की तरफ़ जा रहा है। लेकिन ऐसा तो शायद गुज़र ज़माने में भी नहीं होता होगा। ये उस बच्ची की किस्मत ही थी कि उसकी चीख पुकार सुनकर कुछ राहगीरों ने उसे बचा लिया, अगर वो राहगीर ना आते तो। किसी महिला के स्तन को दबाना, उसके कपड़े फाड़ना उस महिला के जिस्म पर ही नहीं उसकी रूह को भी ज़ख़्मी कर जाते हैं। इतना आसान तो नहीं ये कहना कि बलात्कार तो हुआ ही नहीं, मतलब बलात्कार हो जाने का इंतज़ार किया जाए, तब न्याय मिलेगा, फिर ऐसे न्याय का फ़ायदा ही क्या। हम अपने परिवार, समाज और आसपास की बच्चियों को जज साहब के इस फ़ैसले के बारे में क्या जबाव देंगे।**

**निदा रहमान**

हम अपने बच्चों के होश संभालने के बाद से ही गुड टच और बैड टच में फर्क समझाते हैं, उन्हें बताते हैं कि कोई उनके प्राइवेट पार्ट को छूता है तो वो बैड टच है, लेकिन यहां तो एक फ़ैसले ने ऐसी नज़ीर पेश कर दी है कि हम किस मुंह से अपने बच्चों को बेड टच के बारे में बताएंगे, कैसे हम अपनी बच्चियों को समझाएंगे कि कोई आपके प्राइवेट पार्ट को जबरन छूता है तो वो गलत है क्योंकि इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज साहब ने तो साफ़ कह दिया है कि महिला के स्तन को पकड़ना, उसके पजामे के नाड़े को तोड़ना और खींचकर कहीं ले जाने की घटना बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नही है। जज साहब का कहना है कि इन हरकतों से ये कतई नहीं माना जा सकता है कि उन्हें रेप की घटना देने के लिए अंजाम दिया गया था। अब मेरी ये समझ में नहीं आ रहा है कि इस पर क्या प्रतिक्रिया दी जाए। कभी कभी शब्द भी कम पड़ जाते हैं और जज राम मनोहर नारायण मिश्र की इस टिप्पणी ने तो दिलो ओ दिमाग को हिलाकर रख दिया है।

यह मामला यूपी के कासगंज जिले के पटियाली थाना क्षेत्र में 10 नवंबर 2021 को शाम पांच बजे हुई एक घटना से जुड़ा हुआ है। इसमें एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी 14 साल की बेटी के साथ कहीं जा रही थी। रास्ते में पवन, आकाश और अशोक नाम के तीन युवकों ने बेटी को घर छोड़ने के बहाने अपनी बाइक पर बैठा लिया. एफआईआर में कहा गया कि आरोपियों ने रास्ते में एक पुलिया के पास गाड़ी रोककर उसकी बेटी के स्तन पकड़े और पायजामे का नाड़ा तोड़ दिया। इसके बाद गलत इरादे से उसे पुलिया के नीचे खींच कर ले जाने लगे। इस बीच चीख पुकार सुनकर वहां लोगों की भीड़ छूट गई, जिसकी वजह से आरोपी उसकी बेटी को छोड़कर भाग निकले। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ आईपीसी में रेप की धारा 376 और पोक्सो एक्ट की धारा 18 यानी अपराध करने के प्रयास का केस दर्ज किया गया। निचली अदालत ने इन्हीं धाराओं में आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया. निचली अदालत के फैसले के खिलाफ आरोपियों ने पिछले साल इलाहाबाद हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन की अर्जी दाखिल की। हाईकोर्ट में इस मामले आरोपियों की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र की सिंगल बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि महिला के स्तन को पकड़ना, उसके पजामे के नाडे को तोड़ना और खींचने की घटना को कतई रेप की कोशिश का अपराध नहीं माना जा सकता। इन हरकतों से यह नहीं माना जा सकता कि इन्हें रेप की घटना को अंजाम देने के लिए ही कारित किया गया है। हालांकि ऐसे ही एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के फ़ैसले को पलट दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में कहा कि किसी बच्चे के यौन अंगों को यौन इरादे से छूना पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत यौन हिंसा माना जाएगा। इसमें चाहे त्वचा का संपर्क नहीं हुआ हो लेकिन इरादा महत्वपूर्ण है. इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की एडीशनल जज पुष्पा गनेडिवाला के अभियुक्त को बरी करने का फ़ैसला लिया था। हाईकोर्ट ने त्वचा से त्वचा का संपर्क न होने के आधार पर फैसला सुनाया था।

दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के इस बयान से एक नई बहस छिड़ गई है। ज़्यादातर लोग जज साहब के इस बयान से इत्तेफ़ाक नहीं रखते हैं और इस पर तीखी प्रतिक्रिया भी देखने को मिल रही है। बीजेपी की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भी इस फ़ैसले पर सवाल खड़े किए हैं। रेखा शर्मा ने कहाकि मुझे लगता है कि जज बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं हैं, उनको देखना चाहिए कि लोगों की मंशा क्या है, मंशा पर सज़ा मिलनी चाहिए ना कि रेप होगा तभी सज़ा होगी। रेखा शर्मा ने कहाकि जजों को रेप का इंतज़ार नहीं करना चाहिए, अगर जज ही इस तरह की असंवेदनशील बात कहेंगे तो हमारी बच्चियां कहां जाएंगी।

इस फ़ैसले के बाद हम सोच में हैं कि अब किसी बच्ची के प्राइवेट पार्ट को कोई छूता है, उसके कपड़े फाड़ देता है तो वो और उसके घरवाले कहां इंसाफ़ मांगेंगे, अब वो कहां जा कर कहेंगे कि हमारी बच्ची के साथ न्याय कीजिए क्योंकि ये टिप्पणी न्याय देने वाले न्यायाधीश ने ही तो दी है। हो सकता है कि इसमें कई पेंच हों लेकिन एक जज की ये टिप्पणी बेहद असंवेदनशील कही जा सकती है। जज साहब के बयान से इस बच्ची के साथ ना जाने कितनी पीड़िताओं और उनके परिवारों के हौसले कमज़ोर पड़ गए होंगे, उनकी हिम्मत टूटने लगी होगी और अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए होंगे। जो पीड़ित है अब उसे ही साबित करना होगा कि जिसने उसके स्तर पकड़े, उसकी शलवाल खोली उसकी मंशा बलात्कार करने की थी।

बताइए ज़रा 14 साल की बच्ची के स्तन क्यों दबाए गए होंगे, उसकी शलवार का नाड़ा क्यों तोड़ा गया होगा, उसे खींचकर पुलिया के नीचे क्यों ले जा रहा होगा ? जज साहब की टिप्पणी के बाद तो जज साहब को ही बताना चाहिए कि आरोपियों की मंशा क्या थी, कोई किसी लड़की, महिला के साथ ये क्यों करेगा, क्या ये बलात्कार की कोशिश नहीं या फिर लड़की के साथ बलात्कार हो जाता फिर कोर्ट आरोपियों को सज़ा देता। लेकिन अब तो लगता है कि बलात्कार होने के बाद भी क्या इंसाफ़ मिलने की उम्मीद लगाई जा सकती है। जब इतना सब होने के बाद भी जज साहब को लगता है कि आरोपियों की मंशा बलात्कार की नहीं तो फिर वही बता दें कि क्या मंशा रही होगी।

कभी कभी लगता है कि देश आगे की तरफ़ बढ़ने के बजाए और पीछे की तरफ़ जा रहा है। लेकिन ऐसा तो शायद गुज़र ज़माने में भी नहीं होता होगा। ये उस बच्ची की किस्मत ही थी कि उसकी चीख पुकार सुनकर कुछ राहगीरों ने उसे बचा लिया, अगर वो राहगीर ना आते तो। किसी महिला के स्तन को दबाना, उसके कपड़े फाड़ना उस महिला के जिस्म पर ही नहीं उसकी रूह को भी ज़ख़्मी कर जाते हैं।

इतना आसान तो नहीं ये कहना कि बलात्कार तो हुआ ही नहीं, मतलब बलात्कार हो जाने का इंतज़ार किया जाए, तब न्याय मिलेगा, फिर ऐसे न्याय का फ़ायदा ही क्या। हम अपने परिवार, समाज और आसपास की बच्चियों को जज साहब के इस फ़ैसले के बारे में क्या जबाव देंगे। दरअसल जवाब मांगने का काम तो सुप्रीम कोर्ट को करना चाहिए। क्योंकि हाईकोर्ट का जज होने का मतलब ये नहीं कि आप कुछ भी बेतुका बयान दे सकते हैं, इन बयानों से लंबी बहस छिड़ती है और कई सवाल भी खड़े हो जाते हैं। न्यायाधीश को अपनी कुर्सी पर बैठकर संवेदनशील भी होना चाहिए, ताकि उनके बयानों से समाज में बेहतर संदेश जाए। लेकिन अब देखा जा रहा है कि जज भी अजीबो-गरीब तरह के बयान देते हैं और उनका सबसे ज़्यादा असर महिलाओं, बच्चियों पर होता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपनी वाणी में नियन्त्रण रखने की आवश्यकता है। धैर्य में कमी होने के कारण महत्वपूर्ण अवसरों को खो सकते हैं। बच्चों की परवरिश पर ध्यान अवश्य दें।

**वृषभ**
नयी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों की राय लेने से लाभ होगा।

**मिथुन**
राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिये। समाज में मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। अपनी दिनचर्या में कुछ नयापन ला सकते हैं।

**कर्क**
आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों के साथ सन्तुलित व्यवहार रखना चाहिये। तकनीकी विषयों में आप रुचि ले सकते हैं।

**सिंह**
किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर योजना बनायेंगे। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। आपकी बुद्धिमत्ता और सूझबूझ की लोग प्रशंसा करेंगे।

**कन्या**
आप आज अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। उलझे हुये मामलों को आप सुलझाने को लेकर प्रयासरत रहेंगे। आपकी सेहत बहुत ही अच्छी रहेगी।

**तुला**
आज धन उधार देने से आपको बचना चाहिये। आपके आत्मविश्वास और मनोबल में कमी आ सकती है। तनाव आपके ऊपर काफी हावी रहेगा।

**वृश्चिक**
सभी काम आप समय पर पूरा कर लेंगे। पुराने मित्रों से अपेक्षित मदद मिलेगी। उच्च रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है।

**धनु**
आपको एक साथ अनेक कार्य करने पड़ेंगे। दूसरों की मदद करने के प्रयास में अपने हितों से समझौता न करें। आपका मोबाइल फोन खराब हो सकता है। आज नींद पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**मकर**
शेयर मार्केट में किये गये निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में विशेष उन्नति की सम्भावना बन रही है। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कुंभ**
आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है। पैतृक सम्पत्ति के लम्बित मामलों के हल हो सकते हैं। आपका बहुत सारा समय आत्ममन्थन में व्यतीत होगा।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी। आज आप गृहकार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

# बिहार दिवस पर भोजपुर में सांस्कृतिक और खेल प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक

## विभिन्न विभागों के लगाये गये स्टॉल, बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, रमना मैदान, आरा में बिहार दिवस-2025 का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी राधा चरण साह, जिप अध्यक्ष भोजपुर, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, डीएम तनय सुल्तानिया और अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ के बाद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण किया। जहां सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर



पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, जीविका, बिजली, पशुपालन, समाज कल्याण, सूचना एवं जनसंपर्क, स्वच्छता विभाग और महिला हेल्पलाइन सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गए। शिक्षा विभाग के स्टॉल पर स्कूली बच्चों द्वारा तैयार किए गए आर्ट और क्राफ्ट की अनूठी आकृतियां एवं चित्र दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने। इस अवसर पर जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ियों से परिचय सत्र का आयोजन हुआ, जहां डीएम ने उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि भोजपुर जिले की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकती हैं, बशर्ते उन्हें सही मार्गदर्शन और सुविधाएं मिलें। जिला प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करेगा ताकि खिलाड़ी अपने सपनों को साकार कर सकें। कार्यक्रम के दौरान जिले के 25 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं और स्थानीय कलाकारों ने बिहार की समृद्ध विरासत और परंपरा से जुड़ी शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा, खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बॉक्सिंग, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, कबड्डी, खो-खो और वुशु जैसे रोमांचक खेल शामिल रहे। साथ ही चित्रांकन, पेंटिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संध्या समय दीपोत्सव का आयोजन हुआ, जिसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं और स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन प्रशस्ति पत्र वितरण के साथ हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का कुशल संचालन कंचन कामिनी और धन्यवाद ज्ञापन, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने किया। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र समस्तीपुरए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंसए बाल विवाह मुक्त भारत अभियानए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन और बचपन बचाओ आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम अंतर्गत बिहार दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन समस्तीपुर द्वारा स्थानीय पटेल मैदान में आयोजित समारोह के दौरान जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के कार्यकर्ताओं द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। बिहार दिवस के मौके पर उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओंए समुदायए जन प्रतिनिधियों एवं स्कूली बच्चों को बाल विवाहए बाल श्रमए बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण के कुप्रभावोंए कुपरिणामों के बारे में




विस्तार से जानकारी दिया गया। साथ हीं इन सामाजिक बुराईयों से बचने बचाने के लिए टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1098ए 112 की जानकारी दी गई। जिला में कार्यरत चाइल्ड हेल्पलाइनए बाल कल्याण समितिए जिला बाल संरक्षण ईकाई किशोर न्याय बोर्ड और विशेष किशोर पुलिस ईकाई के बारे में बताया गया। बच्चों को गुड टचए बैड टच के बारे में समझाया गया और बाल विवाह न करनें की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता डॉण कुमारी सुचिता नें बताया कि समाज के सभी पुरुषए महिलाओंए बच्चों एवं वंचित लोगों तक न्याय तक पहुंच के मुद्दों जैसे बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण जैसे घिनौने प्रथा को नकारनें की आवश्यकता है तभी हमारे बच्चों का बचपन खुशहाल होगा। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता माजदा खातुनए रंजू कुमारीए ललिता कुमारीए बलराम चौरसियाए स्मृति कुमारीए अनिकेत कुमार नें सामुहिक रूप से बाल विवाह को समाप्त करनें के लिए जन प्रतिनिधियों, बुद्धजीवियों, शिक्षकों, सरकारी कर्मियों का आह्वान किया। लोगों को पम्पलेट देकर सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में समझाया गया और उनसे जुड़ने के संबंध में जानकारी दी। अपनें परिवार और पड़ोस के किसी भी परिवार में बाल विवाह न करनें की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपस्थित समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी और स्थानीय विधायक अख्तारुल इस्लाम शाहिन को भी बाल विवाह रोकने हेतु अपनें जनता को जागरूक करनें की अपील की गई।

## भोला टॉकीज गुमटी पर आरओबी निर्माण कार्य का उद्घाटन जनता के साथ धोखा : शाहीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि भोला टॉकीज गुमटी पर आरओबी का कार्यारंभ हेतु अब तक वर्क ऑर्डर निर्गत नहीं हुआ है। आरओबी हेतु पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं है। रैयतों से भूमि अर्जन किया जाना बाकी है अर्थात जमीन का क्लियरेंस जरूरी है, फिर भी आनन फानन एनडीए नेताओं द्वारा कार्यारंभ का प्रचार प्रसार किया जाना बेहद आश्चर्यजनक व हास्यास्पद है। एनडीए के कार्यक्रम में संबंधित अभियंता द्वारा भी स्वीकार किया गया है कि अबतक कार्यारंभ हेतु वर्क ऑर्डर नहीं मिला है। कमाल तो यह है कि कार्य आरंभ करने का उद्घाटन समारोह था मगर कार्यक्रम के समय कार्यस्थल पर गिट्टी, सीमेंट, बालू, छड़ कुछ भी नहीं था। राजद विधायक से राजद के मुख्य सचेतक अख्तरूल इस्लाम शाहीन ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा एनडीए नेताओं द्वारा जो कार्यारंभ का तमाशा किया वह समस्तीपुर जनता के साथ धोखा है। सच तो यह है कि वर्क ऑर्डर के उपरांत ही कार्यारंभ संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भोला टॉकीज गुमटी पर आरओबी हेतु उन्होंने अथक प्रयास किया है। दर्जनों बार इसका मुद्दा बिहार विधान सभा में उठाया है। विभागीय मंत्री तथा मुख्यमंत्री से मिलकर अपेक्षित पहल का आग्रह किया है। रेलवे के वरीय अधिकारियों से पत्राचार किया है, लेकिन आज कुछ लोग इसका क्रेडिट लेना चाह रहे है, जो गलत है। वर्क ऑर्डर तथा जमीन क्लियरेंस हेतु वे स्वयं पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि मैने ही इसके लिए अथक प्रयास एवं संघर्ष किया है तथा मै ही आगे भी पहल करूंगा। एनडीए नेताओं द्वारा कल का आरओबी का कार्यारंभ का समारोह किया जाना धोखा व छलावा है।

## डा जया जैन शैक्षणिक ट्रस्ट की तैयारी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** स्थानीय शहर के जेल रोड स्थित एसएस कान्वेट स्कूल परिसर में विगत तीन वर्षों से चल रहे डा जया जैन शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण ट्रस्ट के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता को लेकर आज तैयारी समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता डा जया जैन, संचालन डा विजय लक्ष्मी शर्मा ने किया। भाषण प्रतियोगिता को लेकर हुई तैयारी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से इस बार विषय रखा गया' विकसित भारत के निर्माण में जन साधारण की भूमिका'। बैठक के दौरान 12 मई बुद्ध पूर्णिमा के दिन कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया। 18 से 25 वर्ष तक आयु के छात्र-छात्राएं या अन्य इस कार्यक्रम में प्रतिभागी बन सकते है। साथ ही कई अन्य बिन्दुओं पर भी विचार-विर्मश किया गया। बैठक में शामिल लोगों में सेवानिवृत डा कमल कुमारी सिंह, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भोजपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा दिवाकर पांडेय सेवानिवृत डा (प्रो) नन्द जी दुबे, स्वर्ण क्रांतिकारी संघ की अध्यक्ष पूनम सिंह, ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के निदेशक आदित्य विजय जैन, भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह पत्रकार व ट्रस्ट के सचिव व संतोष कुमार ने बताया कि प्रतिभागी में से प्रथम स्थान पाने वाले को 25 हजार और द्वितीय स्थान पाने वाले को 11 हजार की राशि प्रदान की जाती है।

## बिहार राज्य कर्मचारी महासंघ गोपगुट की बैठक में जिला कमेटी का चुनाव संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** निगम के अस्थाई, स्थाई कर्मियों ने आरा रमना मैदान स्टेडियम परिसर में रविवार को बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता सुरेन्द्र कुमार व संचालन यदु नंदन चौधरी सम्मानित अध्यक्ष बिहार राज्य कर्मचारी महासंघ गोप गुट ने की। बैठक में जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने नगर निगम के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दैनिक मजदूर को समय से आज के महंगाई के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जाना चाहिए। सफाई कार्य एक माह तक करते हैं। लेकिन भुगतान 26 दिन का होता है। उनका इपीएफ की



कटौती किया जाय, सातवां वेतन का निर्धारण किया जाए। केन्द्रीय और राज्य कर्मियों के अनुसार सम्मानजनक मानदेय का भुगतान किया जाय, नहीं तो रणनीति बनाकर आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही निगम के अधिकारियों की होगी। सर्वसम्मति से नई कमिटि का चुनाव किया गया। अध्यक्ष यदु नंदन चौधरी, सचिव उमेश कुमार सुमन, कार्यकारी सचिव कोषाध्यक्ष सुशांत प्रधान, उपाध्यक्ष क्रमशः तरुण, शत्रुघ्न, ललिता, राजकिशोर, विनोद, संयुक्त सचिव क्रमशः सुरेन्द्र, रजनीश, अजय, किशन यादव, पूनम देवी, संघर्ष सदस्य रौशन, संदीप, राजकुमार, रूबी देवी, बबीता देवी, मंजू देवी बनी। कार्यक्रम को सुरेंद्र, पूनम, अजय, किसुन यादव, रूबी, बबीता, राजकिशोर, तरुण, सहित अन्य ने सम्बोधित किया।

## रक्तदान शिविर में डॉ. मनोज ने दी जीवन बचाने की प्रेरणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** शहीद दिवस के अवसर पर ग्रामीण रक्तदान संघ द्वारा संत कबीर कॉलेज, समस्तीपुर और सनातन रक्तदान समूह द्वारा खाटू श्याम मंदिर, समस्तीपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समस्तीपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक और श्री रामचंद्र अस्पताल के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरुआत करने और शहीदों को तैल चित्र पर पुष्प अर्पित



कर श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि रक्तदान सबसे बडा दान है। रक्त दान के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की, उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं है, बल्कि यह मानवता की सेवा और दूसरों की जान बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने शहीदों के बलिदान और वीरता को याद करते हुए कहा कि हमारे शहीदों ने अपनी जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा की। उनके द्वारा दी गई शहादत हमें यह सिखाती है कि हमें भी समाज और देश की सेवा के लिए अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए। रक्तदान इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि इससे हम जीवन को बचाने के एक छोटे, लेकिन बहुत प्रभावी तरीके से योगदान दे सकते हैं। डॉ. सिंह ने लोगों से अपील की कि वे रक्तदान को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके और शहीदों के योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके। इस मौके पर ग्रामीण रक्तदान के संरक्षक कृष्ण कुमार, अखिल भारतीय पुनर्जागरण मंच के कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, सनातन रक्तदान समूह के अध्यक्ष बादल सिंह, जिला परिषद सदस्य सत्य प्रकाश कुशवाहा सहित दर्जनों समाजसेवी और रक्तदाता उपस्थित रहे।

## देसी कट्टा के साथ बदमाश धराये

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता) ।** जगदीशपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर के वार्ड संख्या तीन पासी टोला मोहल्ला में छापेमारी कर दो बदमाशों को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों में पंकज चौधरी और सूरज कुमार शामिल हैं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि दोनों आरोपी हथियार लहरा कर दबंगई मोहल्ले में कर रहे थे, जिसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी।

## अपराध पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाए सरकार : चिराग पासवान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राज्य सरकार से अपील की कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जाए।

**अनुसूचित जाति और पासवान समुदाय को बनाया जा रहा निशाना**

दिल्ली से पटना पहुंचने पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान चिराग पासवान ने कहा कि राज्य में टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं। खासकर अनुसूचित जाति और पासवान समुदाय के लोगों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जो प्रदेश के गृह मंत्री भी हैं, से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और तत्काल ठोस कदम उठाने की अपील की।

**अपराध के पीछे राजनीतिक साजिश की आशंका**

बिहार में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि चुनावी वर्ष में इस तरह की घटनाओं के पीछे राजनीतिक साजिश हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व सरकार की छवि खराब करने के मकसद से इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

**नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर हो रही टिप्पणियों का किया विरोध**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर हो रही राजनीतिक टिप्पणियों पर चिराग पासवान ने असहमति जताई। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को मुख्यमंत्री पर व्यक्तिगत हमले करने के बजाय उनकी नीतियों पर सवाल उठाना चाहिए। कुछ मुस्लिम संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री और लोजपा (रा) की इफ्तार पार्टी के बहिष्कार पर प्रतिक्रिया देते हुए चिराग पासवान ने कहा कि ये संगठन अपनी चिंताओं के आधार पर फैसले ले रहे हैं, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि क्या वे मुस्लिम समाज के हितों की सही से रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग उनके इफ्तार में जा रहे हैं, उनसे भी पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने मुस्लिम समाज के लिए क्या किया है। चिराग पासवान ने यह भी याद दिलाया कि उनके दिवंगत पिता रामविलास पासवान ने बिहार में मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाए जाने के समर्थन में अपनी पार्टी तक कुर्बान कर दी थी, लेकिन अन्य दलों ने मुस्लिम समाज के लिए क्या किया, यह भी विचारणीय है।

## दिनेश मिश्रा को नियुक्त किया गया प्रभारी प्राचार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर नगर पंचायत स्थित श्री संत बरहाना महिला महाविद्यालय का नया प्रभारी प्राचार्य महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर दिनेश मिश्रा को नियुक्त किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नवनियुक्त प्राचार्य ने कहा कि वे कॉलेज के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कॉलेज का जो भी कार्य लंबित है, उसे ईमानदारी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा और विद्यार्थियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता कॉलेज का विकास है और मैं कॉलेज को गौरव दिलाने के लिए काम करता रहूंगा। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में हुई बैठक में विधायक राम विशुन सिंह लोहिया, जिला योजना पदाधिकारी मो. शारिक नूरुल हसन और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो. रामेश्वर सिंह की उपस्थिति में महामहिम राज्यपाल के निर्देश और विश्वविद्यालय के आदेश के अनुसार दिनेश कुमार मिश्रा को कॉलेज का प्रभारी प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है।

## एक नजर

### 25 से 27 मार्च तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर का होगा आयोजन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर के जगदीशपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में 25, 26 और 27 मार्च 2025 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का शिविर आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी बीडीओ कान्ति कुमार ने दी। उन्होंने शिविर को सफल बनाने के लिए कर्मियों की तैनाती की है। बीडीओ ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 25 मार्च को बभनियांव, बरनांव, बसौना, विचला जंगल, विमवां, चकवा, 26 मार्च को दलिपपुर, दावां, पूर्वी आयर, हरदियां, हरिगांव, हेतमपुर, ककीला, कौरा, 27 मार्च को परसियां, शिवपुर, उत्तरवारी जंगल महाल, उत्तरदाहां पश्चिमी आयर के लोगों के लिए शिविर आयोजित होंगे।

### रामनवमी को लेकर सहार में बैठक

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के सहार पैक्स कार्यालय पर रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी को लेकर पैक्स अध्यक्ष गोविंद कुमार की अध्यक्षता में रामनवमी कमेटी के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हर साल की भांति धूमधाम से राम नवमी शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया और इसे भव्य रूप से मनाने पर चर्चा किया गया। वहीं उपस्थित कमेटी सदस्य एवं ग्रामीणों से और बेहतर शोभायात्रा निकालने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में विवेक कुमार, योगेंद्र कुमार, श्याम बिहारी राय, अशोक कुमार सिंह, धीरज राय, राम सिद्ध राय, दीपक कुमार, शंभू कुमार, पवन कुमार, अमरेंद्र मिश्रा, मंटू केसरी, प्रदीप कुमार गुप्ता, पवन पासवान, गोविंद कुमार केशरी, ओम प्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### केंद्रीय जांच दल ने नगर की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**जगदीशपुर/ भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के लिए दो सदस्यीय केंद्रीय जांच टीम ने जगदीशपुर में विभिन्न व्यवसायिक, आवासीय, सार्वजनिक शौचालय, हाउस होल्डिंग, और वार्डों के सड़कों की साफ-सफाई की जांच की। यह टीम सभी वार्डों में जांच कर स्वच्छता सर्वे की रिपोर्ट केंद्र को सौंपेगी, जिसके आधार पर रैंकिंग जारी की जाएगी।।नगर पंचायत ने बेहतर रैंकिंग पाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। केंद्रीय टीम में शामिल विश्वामित्र यादव व निर्भय सिंह ने नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में स्थित सब्जी मंडी के सार्वजनिक शौचालय की जांच की और सामानों की गुणवत्ता की भी जांच की।

### फरार प्रेमी युगल रोहतास से बरामद

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने एक फरार प्रेमी युगल को बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों रोहतास के राजपुर गांव स्थित प्रेमी के घर में छुपे हुए हैं। तब छापेमारी कर पुलिस ने आरोपित विशाल साह के साथ युवती को बरामद कर थाने लेती आई। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को जेल भेजा जा रहा है। बरामद युवती को न्यायालय में बयान दर्ज कराने की तैयारी में पुलिस जुटी है। बताया जा रहा है कि बरामद युवती जगदीशपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। दिल्ली अपने माता पिता के साथ रहने के दौरान आरोपित के संपर्क में आकर फरार हो गई। जिसके बाद परिजनों ने विगत फरवरी माह में जगदीशपुर थाने में केस दर्ज करवाया था।

### धनीदास केटोला गांव में फरार आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** खवासपुर थाना क्षेत्र के धनीदास के टोला में 25/2024 के फरार आरोपी राहुल कुमार यादव के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। वह राम बदन यादव का पुत्र है। उस पर 4 दिसम्बर 2024 को भारतीय न्याय संहिता धार 109 समेत अन्य दर्ज है। एफआईआर के बाद वह फरार चल रहा है। खवासपुर पुलिस टीम द्वारा माईक से आत्म समर्पण करने के लिए प्रचार प्रसार किया गया। लेकिन उसपर पुलिस व कानून का कोई असर नहीः थानाध्यक्ष चंदन भगत ने विधिसम्मत प्रक्रिया के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध इश्तेहार चस्पा दिया गया।

### मंडल कारा में व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंडल कारा समस्तीपुर के बापू सभागार में आशा सेवा संस्थान समस्तीपुर द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण अंतर्गत पुरुष बंदियों के बीच खल्ली चैक एवं पी ओ पी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।अधीक्षक प्रशांत कुमार ओझा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार वर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद सभी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।जिसका उपयोग यहां से निकलने पर ये अपने आजीविका के लिए कर सकते है। प्रशिक्षक भोला साह ने कहा कि इसके निर्माण में बहुत कम लागत लगता है और मुनाफा ज्यादा आता है। मौके पर ईडन वेलफ़ेयर ट्रस्ट के चेयरमैन ब्रजेश कुमार मौजूद थे। आगत अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन सहायक अधीक्षक रवि कुमार झा ने किया।

### गीधा पहुचें पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस

**कोईलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस कोइलवर प्रखंड के गीधा गांव रविवार को पहुचे। वे दूधनाथ पासवान के परिजन से मिलें। पशुपति पारस ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कोइलवर अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी से दूरभाष पर बात कर जल्द से जल्द मृत के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान उनके साथ दलित सेना के जिला अध्यक्ष डॉ मिथिलेश पासवान, लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, सहित अन्य दर्जनो जनप्रतिनिधि शामिल रहे। गौरतलब हो कि पिछले मंगलवार की रात दूधनाथ पासवान के झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई थी। जिसमें दूधनाथ पासवान झुलस गये। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इसके साथ ही आधा दर्जन पशु समेत झोपड़ी में रखे सारा सामान जलकर राख हो गया था।

### 11 अपैल को पटना में महारैली को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गाधीं मैदान मे 11 अपैल को महारैली सफल बनाने के लिए जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के लाखनटोला गाँव में जनसुराज पार्टी द्वारा जनसभा के माध्यम से आवाहन किया गया। वही जनसुराज नेताओं द्वारा जनता के बीच श्री प्रशांत किशोर के 5 संकल्पों को विस्तार करते हुए। पक्ष विपक्ष पर निशाना साधते हुए यूवा नेता नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वैसाखी के सहारे सरकार चल रही है, नही बस जाती धर्म परिवार वाद की राजनीति बच गई है। पुरे बिहार में आवास सर्वे में गरीबों से दो हजार और पास आवास दिलवाने में पचीस हजार की वसुली की जा रही है।

# जीविका दीदियों ने किया सामजिक परिवर्तन : डीडीसी

## जीविका दीदियों ने रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का किया आयोजन, जीविका दीदियों ने उपलब्ध कराए रोजगार के अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** जिले के केसरिया प्रखंड में जीविका परियोजना के तत्वावधान में स्थानीय राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में देश भर के प्रसिद्ध कंपनियों में शिवशक्ति बायोटेक, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, होप केयर, आईसेक्ट, क्वेस्कॉर्प एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सहित कुल 13 कंपनियों ने भाग लिया। इस मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा, उप विकास आयुक्त शम्भू शरण पाण्डेय, जीविका जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान, एलएसबीए के जिला समन्वयक गौतम कुमार एवं जीविका संकुल के दीदियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मेले में केसरिया के अलावा संग्रामपुर, कल्याणपुर एवं चकिया प्रखंड के बेरोजगार युवक-युवतियां उपस्थित होकर रोजगार एवं प्रशिक्षण हेतु विभिन्न कंपनियों में आवेदन किया। मेले के दौरान जिले के केसरिया विधायिका शालिनी मिश्रा ने कहा कि जीविका दीदियों ने जो अपने प्रदेश में विकास की नयी मिसाल कायम करते हुए जो सामजिक परिवर्तन की है वो जीविका परियोजना के बिना असंभव था साथ ही जीविका परियोजना जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा जीविका जीविकोपार्जन के सभी क्षेत्रों में भी अहम योगदान कर रहा है साथ ही प्रदेश के जीविका दीदियों के परिवार के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के लिए किए जा रहे इन प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शम्भू शरण पाण्डेय ने उपस्थित युवाओ का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। साथ ही जीविका के इस रोजगार सह मार्गदर्शन मेले के आयोजन के लिए जीविका एवं जीविका दीदियों का आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनायें दीद्य जीविका जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान ने कहा कि इस क्षेत्र में भी ग्रामीण जीविका दीदियों द्वारा किया गया विभिन्न जीविकोपार्जन संबंधी कार्य या समाज से जुड़े हुए सामाजिक कार्य किया जा रहा वह काफी सराहनीय है। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार एवं प्रशिक्षण उपरांत स्वरोजगार हेतु विशेष मार्गदर्शन भी दिया गयाद्य जीविका रोजगार प्रबंधक अभिषेक आनंद के द्वारा बताया गया कि इस रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में कुल 756 बेरोजगार युवक-युवतियों ने अपना पंजीकरण कराया। इस मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 188 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के अगले चरण के लिए चयन किया गया। मेले में उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक के द्वारा 33 अभ्यर्थियों को चयनित कर नियुक्ति पत्र प्रदान किय गया। मंच का संचालन स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधक रमन कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जीविका बीपीएम केसरिया मो. साहेब द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं प्रखंड स्तर के कई अधिकारी सहित केसरिया प्रखंड के क्षेत्रीय समन्वयक, सामुदायिक समन्वयक राकेश कुमार, विजय कुमार, प्रियंका कुमारी, रणजीत कुमार,अमित कुमार, बुद्धप्रिय प्रशांत सहित सैकड़ों जीविका दीदी एवं कैडर उपस्थित थे।

# कार में मिला युवक का शव हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय जेएलएनएम कॉलेज के पीछे बारझूला रोड पर सड़क किनारे खड़ी एक आई-20 कार से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। शव बीच की सीट पर खून से लथपथ पड़ा था, जबकि वाहन एक पेड़ से टकराई हुई थी। मृतक की पहचान संजीव सहनी (35), निवासी मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। प्राथमिक जांच में युवक के सिर पर धारदार हथियार से हमले के निशान मिले हैं, जिससे पुलिस हत्या की आशंका जता रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना शुक्रवार देर रात की है, लेकिन पुलिस को शव शनिवार सुबह मिला। जांच में सामने आया कि कार रामबाबू सिंह, निवासी शिवहर के नाम पर पंजीकृत है। गाड़ी मालिक ने बताया कि संजीव सहनी उनकी कार का ड्राइवर था, जो शुक्रवार शाम शिवहर से मुजफ्फरपुर के लिए निकला था। प्रारंभिक जांच में पुलिस को संदेह है कि हत्या कहीं और कर शव को दुर्घटना का रूप देने के लिए इस स्थान पर छोड़ा गया। मामले की गहराई से जांच के लिए फॉरेंसिक टीम और टेक्निकल सेल को लगाया गया है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। मौके पर पहुंचे सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार ने कहा कि हत्या के पीछे की वजह का पता लगाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच जारी है।

# दो दिनों में तीन घरों में भीषण चोरी, दहशत में ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के बड़कागांव निवासी शिक्षक विजय कुमार सिंह के घर में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित विजय कुमार सिंह ने बताया कि वे बिहार दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर अनुमंडल से लौटे थे, लेकिन किसी आवश्यक कार्यवश रात में मोतिहारी चले गए। घर सूना देख अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरों के ताले तोड़कर सामान बिखेर दिया। चोरों ने गोल्ड लॉकर्स को गिराकर तोड़ दिया और उसमें रखे डेढ़ लाख रुपये नगद, महत्वपूर्ण दस्तावेज और लगभग 10 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। चोर जाते समय पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही विजय कुमार सिंह ने 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। उन्होंने बताया कि थाना अध्यक्ष को भी मोबाइल पर सूचना दी गई। घटना का पता तब चला जब स्थानीय लोगों ने फोन कर दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। जब वे मोतिहारी से घर लौटे तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो दिन पहले गांव में रामनरेश शर्मा और टुनटुन सिंह के घरों में भी चोरी हुई थी। यह तीसरी बड़ी चोरी है, जिससे गांव में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से अपराध पर रोक लगाने के लिए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। इस संबंध में इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि चोरी की सूचना मिली है और जांच जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# चंपारण सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** चंपारण सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स की बैठक आज एमएस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, मोतिहारी के मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में कक्षा 11 के छात्रों की उपस्थिति के महत्वपूर्ण मुद्दे को विशेष रूप से उठाया गया। सभी सदस्य विद्यालयों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि यदि किसी छात्र की उपस्थिति निर्धारित मानक से कम होगी, तो उसे वार्षिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, यह भी तय किया गया कि 11 मई 2025 को एमकेडी पब्लिक स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम एवं जनरल बॉडी बैठक आयोजित की जाएगी।

# 'टीवी न्यूज का प्रभाव और चुनौतियां' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा रविवार को 'टीवी न्यूज का प्रभाव और चुनौतियां' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह संगोष्ठी विश्वविद्यालय के बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार, बनकट में दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होगी। संगोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक विवि के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव होंगे। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ टीवी पत्रकार राजीव रंजन, नई दिल्ली उपस्थित रहेंगे। जबकी विशिष्ट वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार ब्रज मोहन सिंह अपने विचार साझा करेंगे।
स्वागत उद्बोधन मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा करेंगे, जबकि संगोष्ठी संयोजक डॉ. परमात्मा कुमार मिश्रा, सहायक प्रोफेसर, मीडिया अध्ययन विभाग धन्यवाद ज्ञापन करेंगे। कार्यक्रम में मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र और पूर्व शोधार्थी सह लेखक डॉ. शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा लिखित पुस्तक 'जनमाध्यम के विविध आयाम' का विमोचन होगा। यह संगोष्ठी वर्तमान समय में टीवी समाचार की भूमिका, इसके प्रभाव तथा आने वाली चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। मीडिया और पत्रकारिता में रुचि रखने वाले शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा संचार विशेषज्ञों के लिए यह एक विशेष अवसर होगा।संगोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक विवि के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव होंगे। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में राजीव रंजन उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ट वक्ता के रूप में ब्रज मोहन सिंह अपने विचार साझा करेंगे।
स्वागत उद्बोधन मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा करेंगे, जबकि संगोष्ठी संयोजक डॉ. परमात्मा कुमार मिश्रा, सहायक प्रोफ़ेसर, मीडिया अध्ययन विभाग धन्यवाद ज्ञापन करेंगे। कार्यक्रम में मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र और पूर्व शोधार्थी सह लेखक डॉ. शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा लिखित पुस्तक 'जनमाध्यम के विविध आयाम' का विमोचन होगा। यह संगोष्ठी वर्तमान समय में टीवी समाचार की भूमिका, इसके प्रभाव तथा आने वाली चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। मीडिया और पत्रकारिता में रुचि रखने वाले शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा संचार विशेषज्ञों के लिए यह एक विशेष अवसर होगा।

# आर्य समाज ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज (पटना)।** नगर बाजार स्थित आर्य समाज पुस्तकालय में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज विकास एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र खत्री ने की, जबकि संचालन सचिव डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने किया। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत परंपरागत दैनिक हवन यज्ञ और पुष्पांजलि अर्पित कर हुई, जहां उपस्थित जनों ने वीर शहीदों को नमन किया। सभा को संबोधित करते हुए समिति के लेखा निरीक्षक महेंद्र पासवान ने कहा कि सरदार भगत सिंह एक महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। वे महात्मा गांधी के अहिंसक आंदोलन से असहमत थे और लाला लाजपत राय की हत्या का बदला लेने के लिए ब्रिटिश पुलिस अधिकारी सैंडर्स को गोली मारी थी। उनके पूर्वज आर्य समाजी थे, लेकिन वे स्वयं नास्तिक विचारधारा के समर्थक बने। भगत सिंह ने मार्क्स और लेनिन के विचारों का गहन अध्ययन किया और उन्होंने ही इंकलाब जिंदाबाद और साम्राज्यवाद मुर्दाबाद का नारा दिया। पुस्तकालय अध्यक्ष राज किशोर सिंह ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का योगदान आज भी प्रासंगिक है। वे देशी और विदेशी पूंजीपतियों के वर्चस्व को समाप्त कर किसानों और मजदूरों की समृद्धि चाहते थे। उन्होंने सेंट्रल असेंबली हॉल में बम फेंककर गिरफ्तारी दी और लाहौर जेल में बंद रहने के दौरान हंसते-हंसते फांसी को चूम लिया। राज किशोर सिंह ने सरकार से इन वीर शहीदों को राष्ट्रीय नायक घोषित करने और शहीद दिवस (23 मार्च) को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की। सभा को उपाध्यक्ष विमल प्रकाश साहू, सचिव विजय प्रसाद, जितेंद्र पासवान, कृष्णा प्रसाद, अमन कुमार, सरोज खत्री, सुरेश पंडित, मनोज कुमार, सुनील वर्मा, आशा पासवान, सुग्रीव पंडित और सिकंदर ठाकुर सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। अंत में पुस्तकालय अध्यक्ष राज किशोर सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डीएम ने बच्चों के परिभ्रमण को ले हरी झंडी दिखा रथ किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च से 24 मार्च तक निर्धारित शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम में आज स्कूली बच्चों का वाल्मिकीनगर वन्य जीव अभ्यारण्य, पश्चिमी चंपारण परिभ्रमण का कार्यक्रम रखा गया है। बच्चों को परिभ्रमण के लिए दो बस से भेजा गया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी श्वेता भारती और जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया द्य इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थेद्यउक्त शैक्षणिक परिभ्रमण में बाल्मीकि टाइगर रिजर्व के साथ बाल्मीकि आश्रम, रोप ब्रिज, ट्री हाउस, व्यू पॉइंट, मदना माई मंदिर, नरदेव मंदिर एवं अन्य जगहों का परिभ्रमण कराते हुए मोतिहारी वापस लौटना निर्धारित है। उक्त शैक्षिक परिभ्रमण के सफल संचालन हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

## जमीन कब्जा करने का विरोध करने पर जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीपराकोठी(पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में एक व्यक्ति के निजी जमीन में लगे पेड़ व कंटीले तार पोल की घेराबंदी को नुकसान पहूंचाते हुए जबरन मड़ई बना कब्जा जमाने का विरोध करने पर जानलेवा हमला किया गया। इस सम्बंध में उक्त गांव के रंजीत कुमार दुबे के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें उसने गांव के गायत्री देवी, गोलू भगत व बासुदेव भगत की पत्नी सहीत तीन लोगों को आरोपित किया है। बताया है कि उसके घर से कुछ दुरी पर एक जमीन है, जिसमें लगे एक सौ सेमल के पेड़ को काट लिया, और कंटीले तार पोल से की गई घेराबंदी को क्षतिग्रस्त कर उक्त लोगों ने कब्जा जमाने के लिए जबरन मोड़ई बना रहे थे। जिसका विरोध करने पर गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर सभी लाठी डंडा से हमला कर घायल कर दिया। तब उसने 112 नम्बर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहूंची पुलिस के संरक्षण में जान बची।

# संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** ज्ञान बाबू चौक स्थित भवानी मंडप में संत निरंकारी मिशन, मोतिहारी ब्रांच द्वारा, रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उप मेयर लालाबाबू प्रसाद एवं साथ ही मिशन के स्थानीय मुखी महात्मा गणेश प्रसाद और संयोजक सह ज्ञान प्रचारक महात्मा जवाहर प्रसाद ने की। इस दौरान संयोजक महात्मा ने कहा कि जब इंसान समय के पूर्ण सतगुरु की शरण में आकर ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति करता है तो उसे अपने मूल व परम तत्व का एहसास हो जाता है। उन्होंने सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की वो बात याद दिलाई की 'रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं'। सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने यह भी कहा है कि रक्तदान करके हम कोई एहसान नहीं करते बल्कि यह तो मानव होने के नाते यह पहला मानवीय धर्म है। सन 1986 से अब तक निरंतर संत निरंकारी मिशन के श्रद्धालु भगत लगभग 14 लाख यूनिट रक्तदान कर चुके हैं। आज रक्तदान शिविर में लगभग 80 श्रद्धालुओं ने अपना रक्तदान किया। इसमें हमारे शहर के सदर हॉस्पिटल मोतिहारी के चिकित्सक पदाधिकारी डॉ. गंगाधर तिवारी, डॉ. नीरज कुमार, लैब टेक्नीशियन तबरेज अख्तर, कृष्ण कुमार, नवीन कुमार, अरविंद कुमार, एवं साथ में प्रभात कुमार, अमृता कुमारी, जयलाल साहनी, रामबाबू कुमार का भी भरपूर सहयोग रहा। इस मौके पर सेवा दल अधिकारी महात्मा ललन सोनी जी, बहन राखी जी एवं मिशन के 500 से अधिक महात्मा एवं बहनें उपस्थित थे

# ढाई लाख नेपाली रुपए के साथ दो युवक हिरासत में




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** भारत-नेपाल सीमा के झरोखर बॉर्डर के समीप एसएसबी 71वीं बटालियन, जमुनिया ने एक बाइक सवार दो युवकों के पास से ढाई लाख नेपाली रुपए बरामद किए हैं। पकड़े गए युवकों की पहचान उमाकांत कुमार और शिवपूजन कुमार, दोनों निवासी जटवलिया, कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र, के रूप में हुई है। एसएसबी ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के बाद दोनों युवकों को झरोखर थाना पुलिस को सौंप दिया। जब्त राशि के संबंध में युवकों के परिजनों का कहना है कि शादी-विवाह के कारण वे नेपाल से रुपए लेकर आ रहे थे, जिसे एसएसबी ने जब्त कर लिया।

# फरार कुख्यात ड्रग्स तस्कर अखिलेश गुप्ता गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात के सख्त निर्देश पर सीमावर्ती शहर से प्रतिबंधित नशीली दवा के नेपाल तस्करी करने वाले कुख्यात फरार तस्कर अखिलेश गुप्ता पिता सुरेश गुप्ता,घर नागा रोड निवासी को हरैया पुलिस ने थानाध्यक्ष किशन पासवान के नेतृत्व व रामगढ़वा पुलिस के सहयोग से रामगढ़वा के पीपरपाती गांव से छापेमारी करके गिरफ्तार किया।
इसकी जानकारी थानाध्यक्ष श्री पासवान ने दी। उन्होंने बताया कि फरार अपराधी एक घर में छुपा हुआ था। गुप्त सूचना व वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते पुलिस दल स्थल पर पहुंची व उक्त घर की घेराबंदी कर तलाश करके उसे दबोच लिया। हरैया पुलिस लम्बे समय से फरार ड्रग्स तस्कर की खोज कर रही थी। गिरफ्तार ड्रग्स धंधेबाज पर प्रतिबंधित नशीली कफ सिरफ एनडीपीएस एक्ट एंव कांड संख्या 200/24 दिनांक 09/06/2024 धारा 414 आईपीसी व 21(सी) / 23 (सी ) /29 एनडीपीएस एक्ट ) का अभियुक्त बताया जा रहा है। उक्त मामले में पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी को मोतिहारी न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# अशोक के पौधों का हुआ रोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जानपुल व्यवसायी संघ, मोतिहारी एवं ग्रीन एंड क्लीन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार जानपुल चौक के समीप संजय सिनेप्लेक्स के प्रांगण में बिहार दिवस के अवसर पर अशोक का पौधा का वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जानपुल व्यावसायी संघ के संयोजक संजीव कुमार उर्फ़ मुन्ना, संघ अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, सचिव भरत कुमार गुप्ता, सहसचिव जयप्रकाश प्रसाद गुप्ता एवं ग्रीन एंड क्लीन संस्था के संस्थापक अमरेंद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष हरीश कुमार, संजय कुमार उर्फ टुन्ना, मुरली मनोहर गुप्ता, केशव कृष्णा, बृजमोहन गुप्ता, बृज किशोर पांडे इत्यादि लोग मौजूद थे।

# दावत-ए-इफ्तार का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 11 कुंअवा गांव में दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में रोजेदार, जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय लोग शरीक हुए। इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति, सौहार्द, अमन व चैन की दुआ मांगी। बताया जाता है कि जो रमजान के महीने में रोजेदार को इफ्तार कराता है। उसके गुनाहों की मगफिरत की जाती है। साथ ही रोजेदार के बराबर ही इफ्तार कराने वाले को शबाब मिलता है। रमजान का महीना लोगों के लिए काफी अजीम है। मौके पर मो मकसूद आलम अंसारी, प्रो मो रिजवान, बबलू, मो सद्दाम, मो आरिफ,मो कमालुद्दीन, तारिक हसन, मो इमरान, मो अख्तर, हाजी सोहराब आलम,मो असरफ अली, मो मुशाहिद सहित अन्य लोग थे।

# महिलाओं के लिए नई योजनाएं लाएंगे, जनता से समर्थन की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। लालू यादव कल्याणपुर के राजद विधायक मनोज यादव के पैतृक गांव जमुनीया में आयोजित कॉमरेड यमुना यादव की 11वीं पुण्यतिथि समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिहार के लोगों से तेजस्वी यादव को समर्थन देने की अपील की। लालू यादव ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि 'माई बहन योजना' जैसी नई योजनाएं लाई जाएंगी, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। कार्यक्रम में लालू यादव ने कल्याणपुर विधायक मनोज यादव को लेकर बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगर तेजस्वी यादव की सरकार बनी तो मनोज यादव को मंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने याद किया कि मनोज यादव के पिता यमुना यादव ने उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान कई योजनाओं की मांग की थी, जिसे उन्होंने पूरा किया था। इस मौके पर लालू प्रसाद यादव ने कॉमरेड यमुना यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और बताया कि 2014 में उन्होंने खुद इस प्रतिमा का अनावरण किया था। सभा को संबोधित करते हुए लालू यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव बिहार के भविष्य हैं और वे युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए नई योजनाएं लेकर आएंगे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने ह्लराजद जिंदाबादङ्क के नारे लगाए। लालू यादव ने जनता से वर्तमान सरकार के खिलाफ एकजुट होने और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में नई शुरुआत करने की अपील की। सभा को पूर्व मंत्री भाग नारायण यादव, पूर्व मंत्री डॉ. समीम अहमद, विधायक प्रेम शंकर यादव, विधायक इंजीनियर शशि भूषण सिंह, संगठन जिला महासचिव सुरेश सहनी, पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव, फैसल रहमान, राजेंद्र राम, सहदेव पासवान, अच्छेलाल यादव, रामबाबू यादव, सुरेश यादव, नागेंद्र राम, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, बच्चा प्रसाद यादव, अरुण यादव, नूर आलम खान, नूरुल होंदा अंसारी, पूनम देवी और संजय निराला ने भी संबोधित किया।

# नेहरू युवा केंद्र ने जल संरक्षण पर जताई चिंता, बैठक में जागरुकता पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** नेहरू युवा केंद्र, मोतिहारी की ओर से स्थानीय राम-जानकी मंदिर, श्यामपुर बाजार के प्रांगण में विश्व जल संरक्षण दिवस के अवसर पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरक्षण की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया और लोगों को जल बचाने के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में नेहरू युवा केंद्र की पूर्व सेवाकर्मी मोनिका कुमारी ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल जीवन का अभिन्न अंग है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, जल उन संसाधनों में से एक है, जिस पर मानव जीवन पूरी तरह निर्भर है। लेकिन हम अपने भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के लिए इस बहुमूल्य संसाधन को संरक्षित करने में विफल हो रहे हैं। इसी कारण जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए विश्व जल दिवस मनाया जाता है। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भाग लिया। इस दौरान कई लोगों ने अपने गांवों में जल संकट की समस्या को उजागर किया। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि बीते दिन से उनके इलाके में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे लोगों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

# प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र की प्रवेश परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी स्थित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के शीतकालीन सत्र-2024 के लिए नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। केंद्र के निदेशक प्रो. मृगेंद्र कुमार ने बताया कि यह केंद्र बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग द्वारा संचालित और बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा वित्तपोषित है। यहां यूपीएससी, बीपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, पुलिस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी करवाई जाती है।
इस परीक्षा में यूपीएससी/बीपीएससी बैच (60 सीटें) के लिए 91 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। एसएससी/रेलवे/बैंकिंग/पुलिस बैच (60 सीटें) के लिए 137 परीक्षार्थियों ने भाग लिया।
केंद्र के समन्वयक अमरजीत कुमार चौबे ने बताया कि एसएससी/रेलवे/बैंकिंग/पुलिस बैच के लिए साक्षात्कार 24 मार्च 2025 को होगा। यूपीएससी/बीपीएससी बैच के लिए साक्षात्कार 25 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। प्रो. मृगेंद्र कुमार ने बताया कि केंद्र में योग्य शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है, जिससे कई छात्र-छात्राओं को पहले भी लाभ मिला है। यहां वाई-फाई और पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। संचालन में आलोक कुमार, सुधीर कुमार, मुन्ना कुमार, विकास कुमार, लालू कुमार चौधरी, संतोष कुमार और संजीव कुमार का सहयोग रहा। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

CMYK

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने की 200 मिलियन टन से अधिक माल लोडिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) ने माल परिवहन के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, रेलवे ने अब तक 204 मिलियन टन माल लोड कर लिया है, जिससे यह भारतीय रेलवे के माल ढुलाई क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया है। रेलवे की इस शानदार उपलब्धि में दक्षिण पूर्व रेलवे के चारों मंडलों ने अहम भूमिका निभाई है। चक्रधरपुर मंडल ने 148.6 मिलियन टन, आद्रा मंडल ने 27.7 मिलियन टन, खड़गपुर



मंडल ने 24.3 मिलियन टन और रांची मंडल ने 3.3 मिलियन टन माल लदान किया है। इस अवधि में माल ढुलाई से 18,359.38 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है, जो रेलवे की कुशल संचालन व्यवस्था और बढ़ती मांग को दर्शाता है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस सफलता के पीछे सुनियोजित लॉजिस्टिक्स, आधुनिक तकनीक का उपयोग और प्रभावी माल प्रबंधन की रणनीति है। रेलवे ने कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक और अन्य औद्योगिक सामग्रियों की ढुलाई में लगातार वृद्धि दर्ज की है। दक्षिण पूर्व रेलवे की इस उपलब्धि से भारतीय रेलवे की माल ढुलाई क्षमताओं को मजबूती मिलेगी और आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में यह आंकड़ा और बढ़ सकता है।

# विद्यार्थी परिषद ने मनाया शहीद दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रफीगंज इकाई के द्वारा नगर सह मंत्री सनी कुमार के नेतृत्व में भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। उपस्थित लोगो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। हार्दिक सिंह राजपूत ने बताया कि भगत सिंह का जन्म 28 सितम्बर 1907 वीरगति 23 मार्च 1931 हुआ था। भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस कर ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया। पहले लाहौर में बर्नी सैंडर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली के केन्द्रीय संसद में बम-विस्फोट




करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की। अंग्रेज सरकार ने इन्हें 23 मार्च 1931 को इनके दो अन्य साथी राजगुरु तथा सुखदेव के साथ फाँसी पर लटका दिया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रांशु सिंह राजपूत, नगर सह मंत्री उज्जवल मिश्रा, रोहन गुप्ता, सत्यम कुमार, अभिषेक कुमार, मोहित कुमार उपस्थित रहा।

## एक नजर

### बकायेदारों की कटेगी बिजली

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिजली विभाग द्वारा मार्च के महीने में बकाया बिजली बिल वसूली अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान टीम बनाकर बकायेदार उपभोक्ताओं पर नकेल वसूली के लिए चलाया जा रहा है। इसकी जानकारी विभाग के जेई ने दी है। उन्होंने कहा मार्च महीने में वसूली का शत-प्रतिशत लक्ष्य रखा गया है। जेई प्रकाश कुमार ने प्रखंड के तमाम ग्रामीणों से बकाया वसूली में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बिल वसूली के साथ बिल में गड़बड़ी को भी सुधार का काम किया जा रहा है।

### चार लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बन्देया पुलिस ने थाना क्षेत्र के गंगटी मोड़ के समीप से 24 लीटर शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। साथ ही मौके से एक हीरो होंडा बाइक भी जब्त किया गया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गंगटी मोड़ के रास्ते शराब तस्कर बाइक पर शराब लेकर जा रहा है, जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब के साथ तस्कर ओबरा थाना क्षेत्र के चकपर निवासी रंजय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों से मिले सांसद

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड के हरिहरगंज के अररूआ मोड़ पर सड़क दुर्घटना में बीते दिनों रविकांत कुमार की मौत हो गई थी । घटना की सूचना पर आज सांसद अभय कुशवाहा पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर , उन्हें सांत्वना दी। वहीं सांसद ने आपदा कोष से मिलने वाले मुआवजा दिलाने के लिए झारखंड सरकार से बात की तथा यथा संभव मदद का आवश्वान दिया। उन्होंने कहा कि मृतक की पत्नी और बच्चों के परिवरिश में सहायता के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने का हर संभव प्रयास करूंगा। मृतक रविकांत कुमार कंट्रशन का काम देख कर डाल्टेनगंज से अपने घर शिवगंज लौट रहे था तभी लापरवाही और तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार रविकांत कुमार वर्मा और सुनील कुमार को कुचल दिया जिसमें दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस परिवार के साथ हमेशा साथ खड़े रहेंगे। इस मौके पर राजद के जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा , जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेश कुमार यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष संजय यादव, जिला परिषद सदस्य शंकर यादव, जनता दल यूनाइटेड के जिला उपाध्यक्ष बलिंदर मेहता, राजद के वरिष्ठ नेता कुंदन वर्मा, राजद नेता व पूर्व मुखिया लंबू यादव उपस्थित थे।

### चरकुप्पा गांव मे नीलेश पासवान के निधन पर श्रद्धांजली सभा

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज के चरकुप्पा गांव में समाजसेवि नीलेश पासवान के निधन पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। आये लोगो ने नीलेश पासवान के चित्रपर माल्यार्पण कर श्रद्धाजलि अर्पित किया और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ दो मिनट का मौन रखकर आत्मा के शांति के लिए प्राथना किया गया। इस अवसर पर जिला पार्षद विकास कुमार, मुखिया संजय कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, कूटूबा प्रखंड के डूमरा पंचायत के मुखिया अर्जुन पासवान, धर्मेंद्र पासवान, सुरेंद्र पासवान, अर्जुन पासवान, एससीएसटी प्रखंड अध्यक्ष सुबोध पासवान, उपसरपंच मुर्शीद खान, सदस्य चंन्द्रेश्वर, जितू कुमार, अंकित, अर्पित राज, राम विलास पासवान, डा उपेंद्र पासवान सहित अन्य लोग शामिल थे।

### पुनपुन में क्रिकेट खेलने के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन के जाहिद्पुर खेल मैदान के पास क्रिकेट खेलने के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जहां कई लोग जख्मी हुए हैं इसके बाद एक पक्ष के द्वारा हवाई फायरिंग की भी सूचना है। दरअसल पकडी व जाहिद्पुर के लडको के बीच मारपीट हुई है। पकडी के लडके कुछ लोगो को बुलाकर मारपीट किये इसके बाद जाहिद्पुर के युवक घर मे घुसकर मार पिट की जहाँ दो महिला जख्मी है, पकडी निवासी अजय पासवान समेत तीन लोग को पुलिस हिरासत मे ली है। पकडी के तरफ से दो राऊंड फायरिंग कि भी सूचना है।

# 'वर्तमान समय की चुनौतियां और भगत सिंह' विषय पर सेमिनार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कुशल युवा कार्यक्रम के सभागार में जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद के तत्वावधान में 'वर्तमान समय की चुनौतियां और भगत सिंह' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. श्रीनिवास मंडल ने की, जबकि संचालन साहित्यकार व पत्रकार शंभू शरण सत्यार्थी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात विषय प्रवेश करते हुए जलेस के जिला सचिव अलखदेव प्रसाद 'अचल'ने कहा कि अंग्रेजों की हुकूमत में जो समस्याएं थीं।जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था, आज भी उसी तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इसलिए हमारे सामने चुनौतियां तो हैं। अखिल हिन्द फारवर्ड ब्लाक क्रांतिकारी के महासचिव बालगोविंद सिंह ने कहा कि भगत सिंह ने जो समाजवाद का सपना देखा था, साम्प्रदायिकता को मिटाना चाहते थे उनके सपनों को साकार करने की चुनौती हमारे सामने खड़ा है क्योंकि आज हमारा देश साम्प्रदायिकता की आग में जल रहा है। डॉ. गजेन्द्र शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में भी यहां असंख्य लोग भगत सिंह को अपना आदर्श मान रहे हैं। भगत सिंह की विचारधारा पर चले बिना न समस्याओं का समाधान है, न समाजवाद संभव है। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है। डॉ रविनंदन, चंद्रेश पटेल, गोपेन्द्र कुमार सिन्हा गौतम, कामाख्या नारायण सिंह, डा राजेश कुमार विचारक, अंबुज कुमार, समुन्दर सिंह, शमशाद आलम आदि थे।

# शिक्षा के साथ आध्यात्मिक ज्ञान दे रहा प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान

## वार्षिकोत्सव में मातृ-पितृ गुरुपूजन एवं श्री राम कथा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान शांति नगर (परसावां) विगत दो दशकों से अधिक समय से बच्चों को शिक्षा के साथ आध्यात्मिक ज्ञान और सनातनी संस्कारों से सींच रहा है। हमारा समाज अपने गौरवशाली संस्कारों को भूलकर पाश्चात्य शैली को अपना रहा है। ऐसे समय में बच्चों को सनातन संस्कार से जोड़े रखना संस्थान के संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी का अनुकरणीय कदम है। उक्त बातें अतिथियों ने रविवार को शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव के अवसर पर कही। पुलिस उपाधीक्षक औरंगाबाद वी.के. सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर कुमार, पंचदेव धाम चपरा के संस्थापक अशोक कुमार सिंह तथा काशी के राष्ट्रवादी कथावाचक सच्चिदानंद



त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का उद्घाटन किया। फूल माला में मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। पुलिस उपाधीक्षक ने समारोह में मातृ-पितृ, गुरुपूजन कार्यक्रम तथा संगीतमय श्री राम कथा (प्रवचन) जैसे आध्यात्मिक आयोजन के लिए संस्थान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों में हम अपना भविष्य देखते हैं। वर्तमान परिस्थिति में संस्कार युक्त शिक्षा इस संस्थान को सभी संस्थानों से अलग बनाता है। उन्होंने बच्चों के समक्ष अपने शैक्षिक जीवन काल से जुड़ी यादों को साझा किया। वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि रविवार को मातृ-पितृ, गुरुपूजन तथा शाम पांच बजे से संगीत में श्री राम कथा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। वहीं सोमवार को निबंध, चित्रकला, सुलेख, रंगोली, प्रश्नमंच, कबड्डी, खो-खो, रिले रेस तथा मंगलवार को शाम चार बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कथावाचक सच्चिदानंद त्रिपाठी ने बताया कि मंत्रोच्चारण से अंतःकरण शुद्ध होता है। ईश्वर को कहीं ढूंढने की जरूरत नहीं है हमारे मातृ-पितृ और आचार्य ही देवता का स्वरूप है। हमें अपने सनातन संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और उन्हें अपने जीवन में अपनाना होना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी शशि, निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता, दिनेश कुमार कश्यप, संजय कुमार मेहता, धनेश कुमार विद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# विस चुनाव में प्रजापति समाज दिखाएगा वोट की ताकत, मई में होगी प्रजापति हुंकार रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के शाहपुर स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में रविवार को बिहार कुम्हार प्रजापति सम्न्वय समिति के तत्वधान में 9 वां अधिवेशन सह प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष ललन प्रसाद प्रजापति, जिला सचिव गया प्रजापति एवं जिला कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री पिंटू प्रजापति ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रजापति समाज शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है। आने वाले चुनाव में यदि किसी भी राजनीति पार्टी ने प्रजापति समाज को अनदेखा किया तो नुकसान का सामना करना पड़ेगा। आज प्रजापति समाज का राजनीतिक भागीदारी नगण्य हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी मई माह में पटना के मिलर हाई स्कूल में प्रजापति हुंकार रैली किया जाएगा जिसमें प्रदेश भर से समाज के लोग जुटेंगे और राजनीतिक हिस्सेदारी की बात करेंगे। प्रजापति समाज को सदा ही राजनीतिक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिना राजनीति के समाज ना शिक्षा के क्षेत्र में और ना ही विकास के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकता हैं। यदि हमारी भागीदारी राजनीति में होगी तो हमारे समाज के लिए संविधान में जगह भी बनेगी। कार्यक्रम में सेवा निवृत कार्य पालक दंडाधिकारी अभय कुमार, विशिष्ट अतिथि अरविंद कुमार उर्फ़ प्रजापति, पिंटू गुरुजी , जिला युवा मंच के अध्यक्ष अमरेश कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष रामावतार प्रजापति, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार, शिव प्रजापति, जिला सचिव सासाराम मनोरंजन प्रजापति, रामजी प्रजापति, रंजीत प्रजापति, शिक्षक राम निवास प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, सूर्यदेव प्रजापति, रोहतास जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद पंडित, तिलौथू प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, चुनाव प्रभारी अशोक पंडित, शिव कुमार प्रजापति, शंकर पंडित, किशुन प्रजापति, देव नारायण प्रजापति सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# केशव उच्च विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बिहार दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारुण (औरंगाबाद)।** बिहार दिवस के अवसर पर केशव उच्च विद्यालय, सोन नगर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को रंगीन प्रकाश और फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया गया, जिससे उत्सव का माहौल बना रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बिहार दिवस के मौके पर आयोजित जिला स्तरीय ओलंपिक प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों की उपलब्धि नगर भवन, औरंगाबाद में आयोजित इस प्रतियोगिता में नवीं कक्षा की छात्रा ज्योति कुमारी को द्वितीय पुरस्कार



प्राप्त हुआ, जबकि इंटर की छात्रा अदिति शर्मा और खुशी कुमारी ने रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए विद्यालय स्तर पर भी सभी विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय में संगीत शिक्षक शमीशेखर के निर्देशन में बिहार गौरव गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और संगीत का भव्य आयोजन किया गया। संध्या के समय विद्यालय भवन को फूलों और रंगीन रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरे परिसर में एक उत्सवी माहौल बना रहा। बिहार दिवस के इस विशेष अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राज्य की गौरवशाली परंपरा को सम्मानित करने का संकल्प लिया।

# अम्बेडकर जयंती मनाने की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के निजी होटल मे आगामी 14 अप्रैल को प्रखंड परिसर मे डा भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाने को लेकर अम्बेडकर विचार मंच के द्वारा बैठक आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता हरेंद्र कुमार एवं संचालन लालदेव पासवान ने किया। जिला पार्षद सदस्य विकास कुमार, शिक्षक राजेन्द्र कुमार राकेश, सुरेंद्र पासवान, योगेन्द्र यादव, माहिद खां, सुनील दीप ने कहा कि हर वर्ष दर्जनो गांव से अम्बेडकर जयंती पर काफी संख्या में लोग झांकियां लेकर आते है। उन्होने उपस्थित लोगो को 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती के



अवसर पर प्रखंड परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे अधिक से अधिक लोगो को आने को कहा। और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये अलग-अलग जिम्मेवारियां दी गयी। अम्बेडकर प्रतिमा स्थल के पास सौन्दर्यीकरण कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही आये लोगो ने डा भीम राव अम्बेडकर एवं शहीद भगत सिंह, सुखदेव सिह व राजगुरू के जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही विचार मंच के साथियो को अपने अपने बैनर तले झांकी लेकर ब्लॉक परिसर अम्बेडकर प्रतिमा के पास पहुंचेंगे और माल्यार्पण कर वहां से जुलूस बाजार में घुमाया जाएगा। इस अवसर पर राजनंदन यादव, प्रभाव क्लब के संजय श्याम, सुदर्शन राम,डा डोमन, सुबोध कुमार, रामजीवन दास, रमेश कुमार उर्फ भीम, जितेन्द्र पासवान, शमीम अख्तर, अनवर अहमद, डा अखिलेश, अविनाश कुमार, नंदलाल सुमन, दिनेश कुमार रवि, महेश पासवान, पप्पू कुमार यादव, सुदर्शन अम्बेडकर, व्यास दास, दिनेश राम, अनील पासवान, अशोक दास, लालू कुमार, शिवनारायण राम, अखिलेश कुमार, भुपेश दास, गुलाम रसूल, सुधीर कुमार उर्फ लड्डू, विनय पासवान, लोजपा नेता उमेश पासवान, नंदलाल पासवान, सीता राम, नन्द किशोर मेहता, नंदलाल पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंतरजिला फुटबॉल मैच का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** प्रखंड के चरवाहा विद्यालय के मैदान में प्रभात क्लब करमा- करमी, तिवारी बिगहा, रफीगंज के बैनर तले शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का 94 वां संयुक्त शहादत दिवस पर अंतरजिला फुटबॉल मैच का आयोजन रविवार के शाम 4 बजे हुआ। वहीं एक सभा का भी आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता रामचंद्र सिंह व संचालन सहित कमेंट्री संजय श्याम ने किया। फाइनल फुटबॉल मैच रोहतास जिले के नोखा बनाम बोधगया के बीच आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद ने किया। रोमांचक मैच में मध्यांतर



तक बराबरी का रहा। उसके बाद बोधगया ने नोखा को 1-0 से हराया। मैच का रेफरी महेंद्र यादव रहे। मालूम हो कि आगामी 26 मार्च को शहीद- ए- आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का संयुक्त शहादत दिवस समारोह प्रभात क्लब के सौजन्य से करमी मेला पर सुनिश्चित किया गया है। जिसमें विचारगोष्ठी, पुस्तक मेला, नुक्कड़ नाटक, छात्रों के प्रतियोगिता सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। विजेता एवं उपविजेता टीम को कप देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि हरेंद्र दास, योगेंद्र यादव, राजनंदन यादव, पूर्व मुखिया रंजीत यादव, शत्रुध्न यादव, पूर्व मुखिया शहजादा शाही, माहीद खान, केराप पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव, कारु प्रसाद, डी के यादव, डॉ बबलू यादव, सुनील यादव प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार भगत, संतोष समाजसेवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रंगोली के माध्यम से पेड़ बचाओ, जल संरक्षण, मोबाइल दुष्प्रभाव का दिया गया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिहार दिवस सप्ताह के तहत विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कई तरह के कार्यक्रम किया जा रहे हैं। ऐसे में रविवार को मसौढ़ी के प्राथमिक उर्दू विद्यालय रहमतगंज में बिहार के मान सम्मान गौरव गाथा करते हुए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगोली के जरिए वृक्ष बचाओ, जल संरक्षण और बढ़ते मोबाइल दुष्प्रभाव से बचाव के संदेश देते नजर आए, प्रभारी मो। सद्दाब ने बताया कि



हरियाली बचाओ योजना के तहत पेड़ लगाने, दूषित जल को बचाव के लिए जल संरक्षण और घर-घर में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मोबाइल के बढ़ते हुए दुष्प्रभाव को देखते हुए कई तरह के मैसेज दिया गया है।

# संस्कृतमय वातावरण में संपन्न हुआ बिहार दिवस समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत बिहार दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित किया गया।

**संस्कृत भाषा के महत्व पर जोर**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना, ने कहा कि बिहार की ऐतिहासिक धरोहर और गौरवमयी परंपरा को सहेजने में संस्कृत भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

समारोह का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव एवं अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बिहार के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भूमि प्राचीन भारतीय संस्कृति, शिक्षा और ज्ञान-विज्ञान की धरोहर रही है।

**संस्कृत प्रचार में महिलाओं की भूमिका**

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रागिनी वर्मा, राष्ट्रीय संयोजिका, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान, ने संस्कृत के प्रचार-प्रसार में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया।

विशिष्ट अतिथि एवं संस्कृत गीतकार डॉ. अनिल कुमार चौबे के संस्कृत गीतों से समारोह का वातावरण संगीतमय हो गया।

**विद्वानों और संस्कृत प्रेमियों की सहभागिता**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्वानों, संस्कृत प्रेमियों, छात्रों एवं आम नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. लीना चौहान, सदानंद प्रसाद, ललन कुमार, डॉ. रंभा कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, उमेश कुमार, तारा विश्वकर्मा, विजेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रामनाथ पांडे, डॉ. अदिति दुबे, अदिति चोला सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने संस्कृत भाषा एवं संस्कृति पर अपने विचार प्रकट किए।

**संस्कृत के पुनरुत्थान का संकल्प**

इस अवसर पर बिहार दिवस को विशेष रूप से संस्कृतमय वातावरण में मनाते हुए समाज में संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान का संकल्प लिया गया।

# अखण्ड ज्योति कलश रथ का स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अखण्ड दीपक प्राकट्य शताब्दी एवं परमवन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा जी जन्मशताब्दी वर्ष 2026 ज्योति कलश रथ यात्रा के तत्वाधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर ज्योति कलश यात्रा का आगमन रफीगंज में हुआ। शहर के बडी दूर्गा देवि स्थान मे गायत्री परिवार के सुरेंद्र सिंह, महिला मंडल के प्रमुख प्रियंका गुप्ता, सुशील कुमार एवं श्रीराम बाल संस्कारशाला के बच्चे ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। स्वागत के साथ दीपयज्ञ, पूजन किया गया। गायत्री प्रज्ञा चेतना केंद्र के सदस्यो के साथ नगर भ्रमण हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार नवल किशोर प्रसाद, शंभू प्रसाद शौडिक, राजू कुमार, शंभू खत्री, जीतू कुमार, विश्वनाथ प्रसाद, हरि प्रसाद खत्री सहित अनय लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना स्थल पहुंचे डीएम, अधिकारियों को दिए निर्देश

**एनएचएआई के परियोजना निदेशक को एनएच-31 के सभी ब्लैंक स्पॉट को चिन्हित कर लाईन मार्किंग, रिफलेक्शन लाइट, ब्रेकर आदि कराने का निर्देश**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र के एनएच 31 खतोपुर के समीप रविवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना के बाद डीएम तुसार सिंगला ने स्थल का निरीक्षण किया। श्री सिंगला द्वारा उक्त स्थल पर लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए नैशनल हाईवे एवं नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थनों का स्थल भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा एनएचएआई के परियोजना निदेशक को एनएच 31 के सभी ब्लैंक स्पॉट को चिन्हित कर लाईन मार्किंग, रिफलेक्शन लाईट, रबड़ स्पीड ब्रेकर आदि कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही एनएच पर आवश्कता के अनुसार फूटओवर




ब्रिज बनाने हेतु भी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। ताकि भविष्य में होने वाले दुर्घटना की संभावना को कम किया जा सकें। जिला पदाधिकारी द्वारा एनएच किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण किये जा रहे भारी वाहनों, बालू लदी ट्रकों आदि पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं खनन पदाधिकारी को टीम बनाकर समय अंतराल पर सघन जाँच अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया।इसके बाद जिला पदाधिकारी ने जेल गेट, रेलवे गुमटी का भी निरीक्षण किया गया। जिसपर सघन आबादी वाले क्षेत्र में बैरिकेटिंग करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही लोहियानगर ओवरब्रिज के दोनों तरफ रबड़ स्पीड ब्रेकर बनाने को कहा गया, ताकि वाहनों के स्पीड को कम किया जा सकें। जिला पदाधिकारी द्वारा नगर निगम अंतर्गत चट्टी रोड का भी स्थल निरीक्षण किया गया, जहां दुकानदोरों के द्वारा अवैध रूप से दुकान को बढ़ा कर रास्ते को जाम करने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करते हुए अवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के क्रम मे महापौर नगर निगम पिंकी देवी, नगर आयुक्त नगर निगम, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अंचलाधिकारी सदर सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिहार दिवस पर कचरा प्रबंधन कर्मी मानदेय को डीएम ने दी स्वीकृति

**18 प्रखंडों के 176 ग्राम पंचायतों हेतु एक करोड़ अठहतर लाख रूपये की दी गई स्वीकृति**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन कार्य करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों को मानदेय भुगतान हेतु डीएम ने स्वीकृति दी है। जिले के सभी 18 प्रखंडों के 176 ग्राम पंचायतों हेतु 1,78,23,314 (एक करोड़ अठहतर लाख तईस हजार तीन सौ चौदह रूपये) की स्वीकृति दी गई है। बिहार सरकार द्वारा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं स्वच्छता कर्मियों को राज्य सरकार द्वारा राज्यांश मद से जनवरी से दिसंबर तक की मानदेय भुगतान हेतु निर्णय लिया गया है। जिसके तहत माह जनवरी एवं फरवरी का ग्राम पंचायतों से स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं स्वच्छता कर्मियों के द्वारा उपलब्ध कराये गये उपस्थिति विवरणी के अनुसार अधियाचना के आलोक में संबंधित ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध करा दी गई है।जिलाधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत के मुखिया एवं सचिव को अगले तीन दिनों के अंदर स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों का मानदेय भुगतान करने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को पंचायतों से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया है।बतातें चलें कि इन दिनों जिला पदाधिकारी द्वारा लगातार प्रखंडों एवं पंचायतों के भ्रमण के दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों द्वारा मानदेय भुगतान नहीं होने संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही थी।आयें दिन अखबरों के माध्यम से भी कर्मियों के मानदेय भुगतान संबंधित लगातार खबरें प्रकाशित हो ही थी। जिसके आलोक में राज्य कार्यालय से जिला को मानदेय भुगतान हेतु राशि प्राप्त होते ही अविलंब ग्राम पंचायतों को भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बिहार दिवस के मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं कर्मियों के भुगतान हेतु स्वीकृति मिलते ही कर्मियों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

# घायलों की मदद कर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पेश की मानवता की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के कड़ौना थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसडिहरा गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी समय लोजपा सुप्रीमों एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पटना से गया किसी कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे, जब उनकी नजर सड़क किनारे घायलों पर पड़ी तब मंत्री चिराग पासवान ने गाड़ी रुकवाकर घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया। बताया जाता है कि सड़क दुर्घटना में घायल युवकों पर नजर पड़ते ही केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिना देर किए तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। उनकी



इस त्वरित प्रतिक्रिया से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। घायलों की पहचान जहानाबाद थाना क्षेत्र के गोलखपुर निवासी शांतनु मिस्त्री और मांदे बिगहा निवासी अखिलेश ठाकुर के रूप में हुई है। चिराग पासवान की इस मानवीय पहल को स्थानीय लोगों के साथ साथ घायल युवकों के परिजनों ने सराहना करते हुए उन्हें इसके लिए आभार जताया। उनके इस कार्य ने नेताओं की समाज के प्रति जिम्मेदारी का एक आदर्श उदाहरण पेश किया।

# पेड़-पौधों को संरक्षित करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी : न्यायाधीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 199वें वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन न्यायाधीश आवास जहानाबाद में किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जहानाबाद में पदस्थापित एडीशनल जज पुष्पांजलि कुमारी एवं उनके पति अभिषेक कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। एडिशनल जज ने कहा कि पेड़ हमारे लिए प्रकृति के उदार उपहार की तरह हैं। वे जीवन को गति देने और यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ करते हैं कि सब कुछ संतुलन में रहे। हमारे लिए यह जानना वास्तव में महत्वपूर्ण है कि पेड़ कितने मायने रखते हैं। कम से



कम पेड़ होने की समस्या के साथ-साथ इसके साथ आने वाली अन्य सभी चुनौतियों को ठीक करने के लिए हम क्या कर सकते हैं। पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने में मदद करते हैं। वे खराब हवा को अंदर लेते हैं और उसे स्वच्छ बनाकर प्राणवायु के रुप में हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इसके अलावा वे हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन और कागज जैसी चीजें देते हैं वे चीजें जो हम हर दिन उपयोग करते हैं। साथ ही,बहुत से जानवर एवं पशु पक्षी पेड़ों पर अपना घर बनाकर रहते हैं। लेकिन वनों की कटाई एक बड़ी समस्या है,जहाँ हम बहुत सारे पेड़ काटते हैं। इससे जलवायु परिवर्तन जैसे बड़े समस्याएं पैदा हो रहे हैं और बहुत सारे पौधे और जानवर हमेशा के लिए गायब हो रहे हैं।अब समय आ गया है कि हम इसके बारे में कुछ करें। हमें पृथ्वी की देखभाल करने की ज़रूरत है, जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि हम अपने ग्रह को फिर से हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। गायत्री परिवार के द्वारा चलाये जा रहे नियमित वृक्षारोपण अभियान बड़ा ही अद्‌भुत एवं शानदार कार्यक्रम है।इन लोगों के द्वारा जिले को हरा भरा बनाने के लिए भागीरथी प्रयास किया जा रहा है। जो आने वाले समय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला प्रभारी रंगेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, व्यवस्थापक कौशल कुमार, जिला समन्वयक हरीजी, सहायक ट्रस्टी अखिलेश कुमार, कुमार श्रीकांत, धर्मेंद्र कुमार, शिशुपाल कुमार, नीतीश कुमार, खैरा नर्सरी के संचालक सुमन कुमार उपस्थित थे।

# हत्या में प्रयुक्त हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में डेढ़ माह पूर्व हुए दोहरे हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार को पुलिस ने बरामद कर लिया है। नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के सिपहा गांव स्थित एक खंडहरनुमा मकान में छिपाकर रखे गए इस देसी कट्टे को तीन जिंदा कारतूस के साथ जब्त किया गया। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी सोनू को भी गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि करीब डेढ़ माह पूर्व ऑनलाइन लेन-देन के विवाद को लेकर नगरनौसा थाना क्षेत्र के सौरभ कुमार और उसके बेतिया निवासी मित्र आनंद कुमार की बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी और उनकी बाइक भी लूट ली थी। पुलिस घटना की गुत्थी सुलझाने के बाद से ही हत्या में प्रयुक्त हथियार की तलाश कर रही



थी। शाहजहांपुर थानाध्यक्ष मुन्ना दास ने बताया कि नालंदा पुलिस से गुप्त सूचना मिली थी कि इस मामले में इस्तेमाल किया गया हथियार दीपनगर के एक गांव में छिपाकर रखा गया है। इसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर हथियार को जब्त कर लिया और आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## शराब के साथ महिला धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** पुलिस ने छापेमारी कर दनारा मुसहरी से अवैध देसी शराब के कारोबार में लिप्त एक महिला को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला की पहचान विजय मांझी की पत्नी रेणु देवी के रूप में हुई है।



दनियावां थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में महिला को उसके घर से देसी शराब बनाते हुए पकड़ा गया। मौके से बड़ी मात्रा में शराब और उसे बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि क्षेत्र में शराब माफियाओं पर लगाम लगाई जा सके।

## चकिया थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बीहट।** चकिया थाना में बेगूसराय के आरक्षी अधीक्षक ( एसपी) अपने अधीनस्थ आरक्षी उपाधीक्षक, सदर -2, के साथ चकिया थाना पहुंचकर थाना के संघारित पंजियो, अभिलेखों, संचिकाओं, का बिधिबत उप- थापन, थाना सिरिस्ता कक्ष के सामानों का रखरखाव, सहित पदाधिकारियों के कार्यो की समीक्षा, कांडो का निष्पादन व अपराध नियंत्रण से संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आला कमान के निरीक्षण के दौरान थाना के पदाधिकारी एवं जवान सतर्क दिखे। इस अवसर सदर दो भास्कर रंजन,जीरो माइल सर्किल, इंस्पेक्टर राजेश कुमार, थाना अध्यक्ष नीरज कुमार सहित सभी पदाधिकारी गंज एवं जवान उपस्थित रहे।

# जहानाबाद पुलिस थाने में जब्त वाहन से चोरी हो गए पार्ट्स

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पुलिस के द्वारा जब्त सामान भी अब सुरक्षित नहीं रहा। बताया जाता है कि नगर थाने में जब्त ऑटो रिक्शा का सभी पार्टस गायब पाया गया।

मामले का खुलासा तब हुआ,जब गाड़ी मालिक अपने गाड़ी मुक्त कराने थाना आया तो देखा कि टेम्पो से बैटरी, चक्का, स्टेरिंग सहित अन्य समान गायब हैं। बताया जाता है कि बीते दस माह पूर्व नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बभना से अज्ञात चोरों द्वारा टेम्पो की चोरी कर अरवल की ओर भाग रहा था। इस दौरान अरवल जिले के करपी थाना की पुलिस जहानाबाद से वापस करपी लौट रही थी। पुलिस की गाड़ी देख चोर ऑटो छोड़ फरार हो गया। करपी पुलिस को शक होने पर ऑटो को करपी थाना लेकर चली



गई।

वही ऑटो चोरी की घटना का लिखित आवेदन ऑटो मालिक द्वारा नगर थाना में दर्ज कराई गई थी।जब ऑटो मालिक को यह जानकारी मिली की करपी थाना में ऑटो जब्त है, तो नगर थाना की पुलिस ने करपी थाना से रिसिव कर ऑटो को नगर थाना ले आई।

वहीं गाड़ी मालिक नगर थाना क्षेत्र निवासी उदय यादव ने बताया कि जब कोर्ट से निर्गत रिलीज आदेश लेकर नगर थाना में आया और ऑटो को रिलीज कराने पर देखा कि ऑटो का सारा पार्टस गायब है। वाहन मालिक ने बताया कि जब थाना से ही समान की चोरी की घटना घट सकती है, तो और जगह पर जान माल कितना सुरक्षित रह सकता है।

**एक नजर**

## वाहनों की जांच कर वसूला जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** डीएसपी नेहा कुमारी के नेतृत्व में शुक्रवार एवं शनिवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 155 वाहनों के कागजात की जांच की गई। जिससे 41500 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर शुक्रवार को 70 वाहनों के कागज़ की जांच की गई। जिसमें 5 वाहनों के कागजात में त्रुटी एवं हेलमेट नहीं रहने के कारण 13 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। वहीं शनिवार को हुए वाहन चेकिंग अभियान में 85 वाहनों का जांच किया गया। जिसमें 25 वाहनों के कागज में त्रुटी रहने के कारण 28 हजार 500 रूपए जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने बताया कि बगैर हेलमेट, ड्राईविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस नहीं रहने के कारण चालान काटा गया है।

## आरोपित गिरफ्तार

**बलिया।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एक आरोपित को खगड़िया जिला अंतर्गत गोगरी से गिरफ्तार किया। प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी ने बताया कि कांड संख्या 301/23 दंगा मामले का फरार आरोपित खगड़िया जिला के गोगरी निवासी अशोक साह के पुत्र अनुज कुमार उर्फ रौशन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जिसे शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के सहुरी गांव से रविवार को गुप्त सुचना के आधार पर वीरपुर पुलिस ने छापेमारी कर एक शराब कारोबारी को करीब दस लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया है कि गिरफ्तार शराब कारोबारी का पहचान सहूरी गांव वार्ड संख्या सात निवासी प्रेम सागर पासवान के पुत्र रामाधार पासवान के रूप में की गई है। अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायलय भेज दिया गया है।

## बिहार दिवस पर निबंध प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में आदर्श मध्य विद्यालय पहसारा बभनगामा के अष्टम वर्ग की छात्रा तान्या रश्मि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रीकृष्ण इंडोर स्टेडियम में यह परीक्षा आयोजित थी। जिलाधिकारी ने शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम सुजान सिंह, महेशवाड़ा के पूर्व मुखिया शैलेन्द्र सिंह सहित विद्यालय के शिक्षकों ने तान्या रश्मि को बधाई दी है।

## विश्वबंधु पुस्तकालय में प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बखरी।** बिहार दिवस के मौके पर रविवार को अनुमंडल प्रशासन की ओर से बखरी श्री विश्व बंधु पुस्तकालय परिसर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ गढ़पुरा विकास कुमार, गढ़पुरा के एमओ गोविंद कुमार, पुस्तकालय के सचिव प्रिंस सिंह परमार, उपाध्यक्ष पवन कुमार सुमन और अधिवक्ता गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया और बिहार की ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर पर आधारित अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रतियोगिता में छात्रों ने अत्यधिक प्रेरणादायक और रचनात्मक भाषण दिए। जिससे श्रोताओं को बिहार के गौरव और इतिहास को पुनः जानने का अवसर मिला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साबिर आलम ने किया। उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं दोपहर में अनुमंडल प्रशासन की ओर से शकरपुरा उच्च विद्यालय में चित्रांकन वो लिखित क्वीज प्रतियोगिता आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भाग लिया।इस दौरान एसडीएम सन्नी कुमार सौरव, बीपीआरओ समीक्षा झा, अधिवक्ता गौरव कुमार, शिक्षक प्रेम किशन मन्नु, पवन कुमार सुमन, कृष्ण कुमार चौधरी, शुभांकर कुमार, बसंत कुमार, विकास मिश्रा, रजनीश कुमार गुप्ता, गोपेश आचार्य आदि मौजूद थे।

# रेड क्रॉस अस्पताल भवन जल्द बनकर होगा सुसज्जित : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** रेड क्रॉस सोसायटी मनियप्पा में जीर्ण शीर्ण भवन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को लेकर प्रकाशित खबर का हुआ असर। रविवार को जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की पहल से मनिअप्पा ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 2 में स्थित रेड क्रॉस मनिअप्पा भवन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के नए भवन के निर्माण के साथ चाहरदीवारी निर्माण किया जायेगा। इसके लिए जिला प्रशासन एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, बरौनी के बीच समाहरणालय में द्विपक्षीय समझौता किया गया है। जिसके द्वारा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, बरौनी सीएसआर फंड से 9765500(सनतानवें लाख पैंसठ हजार पांच सौ रूपये) की लागत से परियोजना का सूत्रीकरण किया जायेगा। ज्ञात हो कि जिला पदाधिकारी द्वारा




कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, बरौनी को पत्र लिखकर सीएसआर निधि से कराने की बात कहीं गई थी। जिसके तहत उक्त कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर कार्यापालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण क्षेत्र- 1 द्वारा प्राक्कलन तैयार किया गया। जिसमें रेड क्रॉस सोसाईटी मनिअप्पा में चहारदिवारी निर्माण हेतु 4265501 रूपया एवं हेल्प वेलनेस सेंटर के जीर्णोद्धार हेतु 5500000 लाख की प्राक्कलन तैयार की गई है। वर्षो से रेड क्रॉस मनिअप्पा में हेल्थ वेलनेस सेंटर के जीर्णोद्धार की मांग आम लोगों द्वारा की जा रही थी। मनिअप्पा में ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उक्त रेड क्रॉस भवन, मनिअप्पा लगभग 15 वर्षो से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। जिसको लेकर कई बार क्षेत्र के लोगों द्वारा जीर्णोद्धार की मांग की जा रही थी। जिला पदाधिकारी के पहल से इस क्षेत्र में लोगों में काफी हर्ष है। रेड क्रॉस मनिअप्पा में हेल्थ एवंवेलनेस सेंटर खुलने से पूरे जिले वासियों को इसका काफी लाभ होगा। खासकर आस-पास के मटिहानी प्रखंड के मनिअप्पा, सैदपुर ऐमा पंचायत, सदर प्रखंड के धबौली, लाखो पंचायत एवं नगर निगम के वार्ड नंबर 45 के लोगों को इसका काफी लाभ मिलेगा। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा सिमरिया में भी रेड क्रॉस सोसाईटी के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध करा दी गई है। सिमरिया क्षेत्र में रेड क्रॉस सोसाइटी के खुल जाने से सिमरिया मे आने वाले सभी लोगों को इसका लाभ मिलेगा। लोगों को रेड क्रॉस की सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी जो लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। लोगों को आपदा मे राहत सुविधा के साथ साथ हेल्थ कैम्प आदि की भी सुविधा मिलेगी।

## शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड के विष्णुपुर में रविवार को एकदिवसीय शिव गुरू परिचर्चा का आयोजन किया गया।शिव परिचर्चा में प्रखंड से हजारों गुरु भाई बहनों ने भाग लिया। नौगछिया से पधारे वरिष्ट कार्यकर्ता रामजीवन यादव ने कहा कि शिव के स्मरण मात्र से सभी कष्टों से प्राणी मुक्त हो जाता है। फिर उनके शिष्य बनने के बाद तो उद्दार होना निश्चित है।शिव द्वारा सुझाये गये धर्म अध्यात्म के मार्ग पर लोगों को चलने की प्रेरणा देती है।उन्होंने कहा की देवाधिदेव महादेव को अपना गुरू मान उनके द्वारा संचालित सृष्टि के नियमों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। संबोधित करते हुए कहा कि वरेण्य गुरु भ्राता साहब हरीन्द्रानंद जी ने हम लोगों को बताया है कि शिव जगत गुरु है अर्थात संसार के जितने भी लोग हैं सभी उनके शिष्य हैं। हम सदियों से उनका भगवान भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। यदि हम उन्हें गुरु भाव से याचना पूर्वक दया मांगे तो हमारा कल्याण निश्चित होगा।

## समाजिक कार्यकर्ता रामईश्वर चौधरी का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** बलिया नगर परिषद क्षेत्र छोटी बलिया बाजार के व्योवृद्ध समाजिक कार्यकर्ता राम ईश्वर चौधरी का निधन हो गया। वे 96 वर्ष के थे। जिनका सरोकार समाजिक व धार्मिक कार्य से रहा। वे अपने पीछे तीन पुत्रो में राजू चौधरी, पुत्री मंजू, सुनीता, अविनाश छोटू, आर्यन गोलू, शीतल चौधरी, लालमोहन चौधरी, रामप्रताप चौधरी, रामबाबू चौधरी, चितरंजन चौधरी, रंजीत चौधरी, जयंत चौधरी, मून्ना, अनुराग, प्रशांत, सोनू, मोनू, पूर्व नगर वार्ड पार्षद मंजूला देवी, नाती-पोता सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## सेंट पॉल स्कूल में रहा उत्सवी माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल, बखरी में 113वीं बिहार दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रार्थना सभा में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा बिहार का अतीत महान है।यही भारत की पहचान है।भारत का है जो कंठहार, उसको कहते हैं बिहार। जैसे दर्जनों नारों के प्रदर्शन एवं उद्‌बोधन से बिहार दिवस के अवसर पर स्कूल परिसर में एक उत्सवी माहौल बना दिया। वहीं डॉ सुनील जोगी के द्वारा बिहार की गौरवमयी इतिहास एवं उपलब्धियां पर गाये गए गीत जय बिहार जय बिहार बोलिए को बच्चों ने लय में लय मिलाकर गाकर प्रार्थना सभा को काफी स्पेशल बना दिया। इस मौके पर स्कूल निदेशक दानेश्वर यादव ने बच्चों के बीच बिहार की गौरवशाली इतिहास और वर्तमान की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार को ज्ञान और संस्कृति की भूमि कहा जाता है। इसकी इतिहास अत्यंत गौरवशाली है परंतु अभी भी हमें और आगे बढ़ना है, हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम अपने प्रदेश को और समृद्ध बनाएंगे, शिक्षा और स्वच्छता पर ध्यान देंगे और समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देंगे। प्राचार्य ओपी चौधरी, शिक्षक अशरफ अली खान एवं छात्र शुभम कुमार, आस्था कुमारी, सत्यम कुमार आदि ने अपने-अपने भाषण में बिहार की गौरवशाली इतिहास एवं उपलब्धियां को उजागर किया। मौके पर अजीत कुमार, सुनील कुमार, गिरीश झा, विवेक कुमार, मोहिनी रस्तोगी, गीतांजलि कुमारी, अल्पना कुमारी, गीतांजलि राय, अमरजीत कुमार, नेहा छेत्री, दीपक कुमार पाठक, रौशन कुमार झा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर में सम्मानित हुए कमलनाथ तिवारी के पौत्र

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर जयपुर (राजस्थान ) में आयोजित शहीद दिवस क्रांतिकारी सम्मान के तहत 1857 से 1947 तक के शहीदों और क्रांतिकारियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। उस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए जिले के महान स्वतंत्रता सेनानी और भगत सिंह के साथ कार्य कर चुके पूर्व



सांसद कमलनाथ तिवारी के पौत्र अमिताभ रंजन को क्रांतिकारी स्व कमलनाथ तिवारी के वंशज के रूप में आमंत्रित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उपस्थिति में अमिताभ रंजन , उनकी पत्नी अनुपमा तिवारी और बेटी मृणाल तिवारी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजस्थान के पूर्व एडवोकेट जनरल गिरधारी सिंह बापना और वाटर मैन राजेंद्र सिंह ने सौपा।

### दो वारंटी धराये

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने सगरौवा गांव से दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि शेख अजीम और मो. इलियास को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के द्वारा उक्त दोनों के खिलाफ वारंट जारी था। जिसके आलोक में कारवाई की गई है।

### चार बच्चों को बाहर भेजेगा स्वास्थ्य विभाग

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडलीय अस्पताल के द्वारा क्षेत्र के चार बच्चों को इलाज के लिए बाहर भेजा जाएगा। वहां उनका इलाज निःशुल्क होगा। साथ ही उनके रहने खाने की व्यवस्था भी स्वास्थ्य विभाग के देख रेख में होगी। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय बाल सुरक्षा योजना के तहत चार बच्चों को इलाज के लिए चयनित किया गया है। चयनित बच्चों में तीन के जन्म से ही होठ कटे हुए है। वहीं एक बच्चे के दिल में छेद है। होठ कटे हुए बच्चों में से एक बच्चे अंजुवा गाव निवासी गामा राम का पुत्र आदर्श कुमार को रविवार को जीएमसीएच बेतिया भेजा गया है। वहां से उसे पूर्वी चंपारण के रक्सौल स्थित डंकन हॉस्पिटल में भेज दिया गया है। वही पोखरिया के जियाउल एवं भेड़ीहरवा के मृत्युंजय नामक दो अन्य बच्चों के भी होठ कटे हुए हैं। उन्हें भी इलाज के लिए शीघ्र भेजा जाएगा। उपाधीक्षक ने बताया कि पुरैनिया निवासी सुनील राम के पुत्र कार्तिक कुमार के दिल में छेद है और उसे सोमवार को जीएमसीएच बेतिया भेजा जाएगा। वहां मेदांता हॉस्पिटल से आए हार्ट सर्जन द्वारा उसकी जांच की जाएगी।

### सेविका व सहायिकाओं ने पटना चलने का किया आह्वान

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया बाल विकास परियोजना परिसर में रविवार को आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं की एक बैठक सेविका अंजुम आरा के अध्यक्षता में कई गई। इस बैठक में तमाम सेविका, सहायिका व उनके अभिभावक गण उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता परियोजना अध्यक्ष कुमारी सुधा सचिव नीलम देवी द्वारा आवाज बुलंद करते हुए कहा गया कि एफआरएस हेतु जब तक उचित प्रशिक्षण के साथ नया मोबाइल उपलब्ध नही कराया जाता है। तब तक पिछले व्यवस्था के अनुसार टीएचआर आदि किया जाएगा। संघ के मुख्य संरक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के विभिन्न समस्याओं के साथ एफआरएस पर विभाग की मनमानी रवैया पर विरोध जताया। साथ ही सभी सेविका, सहायिकाओं तथा उनके अभिभावकों को 27 मार्च को पटना में विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए आह्वान किया। वही एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए जोर दिया गया। संघ के संरक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे संघ के लोगो को चार मांगे हैं।मौके पर सुन्दरम देवी, शारदा देवी, राजश्री देवी, प्रभा देवी, बबिता, गुल आरा,खुश्बू कुमारी, कुसुम कुमारी, सीमा देवी, नाजिया प्रवीण, विनय कुमार, रामनारायण गुप्ता, दिनेश प्रसाद, धनंजय कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### बिहार सरकार में महिला असुरक्षित : विधायक

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आश्रय बालिका गृह भैंसाखाल कांड के बारे में जैसे ही जिरादेई के स्थानीय विधायक अमरजीत कुशवाहा को सूचना मिली तो वह अपने पार्टी के वरीय नेता सह पूर्व विधायक अमरनाथ यादव के साथ घटना स्थल पर घटना के जायजा लेने पहुंचे जहां प्रशासन द्वारा उन्हें जांच का हवाला देकर आश्रय गृह में प्रवेश नहीं दिया गया जिसको लेकर माले विधायक द्वारा आश्रय गृह के गेट पर धरना पर बैठना पड़ा लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया जिसके बाद विधायक ने कहा इस सरकार में महिला असुरक्षित है सिर्फ गाल बजाने का कार्य कर रही है सरकार अगर मामला का सही तरीका से जांच नहीं होगा तो अंजाम बुरा होगा।

### महिला का शोषण करना नीतीश के फितरत में शामिल : राजद

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आश्रय गृह कांड के बाद राजनीति तापमान भी हाई हो गया उधर विधायक ने सरकार पर धावा बोला तो आज रविवार को राजद के जिला सचिव श्रीकांत यादव व राजद के युवा नेता दीपक यादव और शंभूराम के नेतृत्व में सरकार ओर प्रशासन का कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि महिलाओं का शोषण करना नीतीश कुमार के फितरत में शामिल है मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड में नीतीश सरकार के मंत्री का हाथ था तब सरकार द्वारा कोई ठोस कदम उठाया ही नहीं गया इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि महिला इस सरकार में असुरक्षित है।

### डॉ बीआर अंबेडकर की जयंती मनाने को ले बैठक

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत हसनपुरा स्थित राजकीय माध्यमिक उच्च विद्यालय हसनपुरा के प्रांगण में रविवार को संविधान निमार्ता डॉ बीआर अंबेडकर की जयंती मनाने को ले एक बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक बहुजन एकता मंच के तत्वावधान में आहूत की गयी। जहां सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 16 अप्रैल को डॉ बीआर अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। जयंती को सफलतापूर्वक संचालन को एक कमेटी की गठन की गयी। मौके पर विजय कुमार दास, त्रिलोकी राम,भोला राम, सत्येन्द्र कुमार, नंदलाल राम, जितेन्द्र मांझी, संजीत कुमार, शिव कुमार, कन्हैया, उमेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार व श्याम लाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### गोखुला मुखिया ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के गोखुला पंचायत की मुखिया संगीता देवी के पहल से रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत के विभिन्न गांव से करीब तीन सौ मुस्लिम समुदाय के रोजेदार शामिल हुए। इफ्तार पार्टी के दौरान रोजा खोलने से पहले रोजेदारों ने मुखिया के आवास पर हीं नमाज पढ़ी। इसके बाद उन्होंने रोजा खोला। मुखिया प्रतिनिधि रौशन ब्याहुत ने बताया कि पंचायत में हिंदू मुस्लिम एकता को बढ़ावा मिले, इसी उद्देश्य से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

# प्रशासन की आपति के बावजूद शुरू हुआ लोक आंदोलन न्यास का अनशन

**बेतिया/गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भीतिहरवा गांधी आश्रम के मुख्य द्वार के समक्ष लोक आंदोलन न्यास के बैनर तले कार्याध्यक्ष कल्पना इनामदार ने चटाई पर बैठकर अनशन की शुरूआत की। अनशन का शुभारंभ करने के पूर्व लोक आंदोलन न्यास के कार्यकताओं सहित कल्पना इनामदार ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित की। अनशन का शुभारंभ करते हुए कल्पना इनामदार ने कहा कि जब तक हमारी सभी आठो मांगे केंद्र व बिहार सरकार नहीं मानेगी तबतक हमारी अनशन जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में व्यवस्था परिवर्तन के लिए लोक आंदोलन न्यास के संस्थापक अध्यक्ष अन्ना हजारे के निर्देश पर भीतिहरवा गांधी आश्रम से अनशन का शुभारंभ किया गया है। केंद्र सरकार पर चर्चा करते हुए कल्पना इनामदार ने कहा कि




प्रधानमंत्री के पर्यवेक्षण में बिहार विकास मिशन समिति का गठन किया जाना चाहिए, ताकि बिहार से पलायन को रोका जा सके तथा बच्चों से लेकर युवाओं को एलकेजी से पीजी तक की मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा बेरोजगारी को दूर करने के लिए पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। इसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों को उचित सहयोग प्रदान करना होगा। उनका यह भी कहना था कि जब तक सभी सरकारी स्कूलों की व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो जाती है तब तक प्राइवेट स्कूलों के बच्चों की फीस सरकार वहन करें। उनकी 8 सूत्री मांगों में बिहार से पलायन को रोकने, सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार करने, बिहार के विकास हेतु बिहार मिशन समिति का गठन प्रधानमंत्री के पर्यवेक्षण में करने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार कृषि उत्पादों पर 50 फीसदी न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करें, मनरेगा योजना को कृषि से जोड़ा जाए, भारत जैसे कल्याणकारी देश में केजी से पीजी तक मुक्त शिक्षा एवं मुफ्त इलाज बिना किसी शर्त के उपलब्ध कराई जाए तथा अखंड भारत के निर्माण हेतु सभी धर्मों में एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार कड़े कानून बनाएं। जम्मू कश्मीर से आए लोक आंदोलन न्यास के तरुण उप्पल ने कहा कि इस लोक आंदोलन को अगर जनता का समर्थन मिला तो इस आंदोलन को संपूर्ण क्रांति के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। लोक आंदोलन न्यास के बैनर तले धरना पर बैठने वालों में राजस्थान के सुखदेव सिंह विर्क, हरियाणा से मनजीत सिंह, पंजाब से निर्मल सिंह विर्क, राजस्थान से दशरथ कुमार, उत्तर प्रदेश से फागु गुप्ता, प्रेमनाथ गुप्ता, महाराष्ट्र से दत्ता प्रयावरी, नन हवारी, अंसार शेख, तरुण उप्पल, हरियाणा से मलूक सिंह, बलकार सिंह, मोर सिंह, राष्ट्रीय किसान समन्वय समूह के दशरथ कुमार आदि शामिल थे। लोक आंदोलन न्यास के कार्यकताओं के साथ अनिरुद्ध चौरसिया ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना सभा में भाग ली। शहीद दिवस के अवसर पर सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कल्पना इनामदार, तरुण उप्पल सहित लोक आंदोलन न्यास के कार्यकताओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।

# ब्रिटिश सरकार की पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार वीरेंद्र सिंह का हुआ भव्य स्वागत

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय प्रखंड के सिकंदरपुर निवासी डॉ वीरेंद्र सिंह को लंदन से लौटने पर महाराजगंज में भव्य स्वागत किया गया. वीरेंद्र बाबू उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए लंदन गए थे. अपनी उच्च शिक्षा प्राप्ति के बाद उन्होंने कई महाविद्यालय में अपनी सेवाएं भी दी थी. वीरेंद्र बाबू अपने जीवन साथी भी ब्रिटिश लड़की को बनाया. अपना सुखी जीवन लंदन में हीं रहकर व्यतीत करते



है . स्वागत समारोह में बिरेंद्र बाबू को श्रद्धालुओं ने उनके सम्मान में अंग वस्त्र देकर फूल मालाओं से लाद दिया. जन्मभूमि पर अपना सम्मान पाकर डॉक्टर वीरेंद्र बाबू ने कहा कि जब भी भारत के मिट्टी की सुगंध हमें याद आती है मैं अपने घर लौट कर इसका भरपूर आनंद लेटा हूं. अपने गुरुजन, काका, काकी, चाची ,भाई-बहन, भतीजा-भतीजी से मिलकर उनके साथ अपना आनंद शेयर करता हूं . पूर्व प्रधानाध्यापक मुंशी सिंह ने कहा कि वीरेंद्र बाबू आपने मिट्टी से इतना प्यार करते हैं कि यहां आने पर लाचारी गरीब लोगों का सेवा करना अपना महत्वपूर्ण कार्य समझते है. उन्होंने उपस्थित प्रत्येक लोगों से कहां कि ऊंचाइयों को छूने के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता उन्होंने सभी लोगों से अपने बच्चों को शिक्षा देने की बात बैठक में शिक्षक मुंशी सिंह समाजसेवी अरविंद कुमार गुप्ता, दयाशंकर बाबा, अधिवक्ता रविंद्र सिंह के अलावा सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग शामिल थे.

# आश्रय गृह से भागी बालिकाओं में एक मिली 8 संपर्क में जबकि 4 अभी भी लापता

**जीरादेई/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिरादेई प्रखण्ड के भैंसाखाल आश्रय गृह से 19 मार्च की रात से 13 लड़कियों के गायब होने का मामला उजागर होते ही सनसनी फैल गई। इस घटना के बाद प्रशासन अलर्ट मुड में नजर आई और जगह - जगह छापेमारी करने लगी 48 घंटों बाद प्रशासन को 13 भागी हुई बालिकाओं में से 1 बालिका हाथ लगी । जिसके बाद सीवान जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार ने इस घटना पर खुल कर बताया कि 19 मार्च को आश्रय बालिका गृह से 13 लड़की लापता हो गई थी जिसको लेकर प्रशासन द्वारा धावा दल का गठन कर लगातार छापेमारी किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप 13 भागी हुई लड़कियों में से एक बरामद हुई 8 लड़की अपने परिजनों के संपर्क में है जबकि 4 लड़कियों के बारे में अभी कोई सूचना नहीं मिल पा रही है प्रशासन लगातार लापता बालिकाओं का तलाश करने में लगी हुई। बरामद बालिका से पूछताछ हो रही है अभी घटना में में करवाई करते हुए ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड को जहां तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है वहीं जबकि संयुक्त जांच दल से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर ड्यूटी पर तैनात श्रीमती सुनीता देवी,प्रभारी केयरटेकर, बाल गृह (बालिका) एवं श्रीमती कुमारी शिवानी जायसवाल





प्रभारी (ढड), बाल गृह (बालिका) यूनिट-01 वृहद आश्रय गृह, सिवान को उनकी लापरवाही को देखते हुए कार्य मुक्त कर दिया गया है। घटना का बेहतर जांच के लिए सदर एसडीओ व डीएसपी नियुक्त कर दिया गया इनके देख रेख में लगातार छापेमारी जारी है आगे श्री मुकुल कुमार ने बताया कि आगे इस घटना में जो भी संलिप्त है उन्हें किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जायेगा ।

# 60 लीटर चुलाई शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शराब कारोबारी पर निकेल कसते हुए शनिवार की रात पुलिस ने चनपटिया थाना के नोनियावा टोला निवासी धुरेंद्र महतो वह ओकील महतो को 60 लीटर चूलाई शराब के साथ धर दबोचने में सफलता हासिल की है। थाना अध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली कि चनपटिया थाना के नोनियावा टोला से कुछ शराब तस्कर शिकरहना नदी पार कर जंगल के रास्ते शराब की बड़ी खेप लेकर जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गठित की गई जिसमें थाना अध्यक्ष के साथ पीएसआई नीतीश कुमार पुअनी चंद्रशेखर कुमार जमादार शैलेंद्र सिंह सहित पुलिस बल शामिल हुए। थाना अध्यक्ष सतर्कता के साथ शिकरहना नदी के किनारे जंगल के रास्ते पैदल पहुंचे। जब नोनिअवा टोला जाने वाली कच्ची सड़क पर पहुंचे तो देखा कि कुछ लोग डब्बा में सामान लेकर जा रहे हैं जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर रुकने को कहा गया। अंधेरा का लाभ उठाकर कुछ तो भागने में सफल रहे लेकिन चार पिला डब्बा में चूलाई शराब के साथ नोनिअवा टोला निवासी धीरेन्द्र महतो व ओकील महतो को धर दबोचा गया। उनके पास से लगभग 60 लीटर चुलाई शराब बरामद हुआ जिसे प्राथमिक दर्ज करते हुए रविवार को जेल भेज दिया गया।

# बगहा में 24 घंटे के भीतर 26 गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा पुलिस जिला के विभिन्न थानो की पुलिस ने 24 घण्टे में 26 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है वहीं पुलिस ने 20 वारंटों का निष्पादन किया है। इसकी जानकारी बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान वारंटो के निष्पादन अभियुक्त की गिरफ्तारी के साथ-साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। एसपी ने बताया शनिवार को वहान जांच को लेकर चलाए गए अभियान में विभिन्न थानों की पुलिस ने में 1. 62 लाख का जुमार्ना लगाया है। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि इस अभियान के तहत नौरंगिया थाना द्वारा 01 अभियुक्त,बथवरिया थाना द्वारा 03 अभियुक्तों, वाल्मीकीनगर थाना द्वारा 02 अभियुक्तों, भितहां थाना द्वारा 04 अभियुक्तों,चौतरवा थाना द्वारा 02 अभियुक्तों, धनहां थाना द्वारा 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। लौकरिया थाना द्वारा शराब के काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस ने 26 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की है। रामनगर थाना द्वारा शराब के काण्ड में 02 तथा वारंट में 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है तो बगहा थाना ने 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए गए वाहन जांच में कुल 1.62 लाख का जुमार्ना लगाया है ।

# सीडीपीओ ने विवादित मामलों को समय से निबटाने का दिया निर्देश

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय अनुमंडल के एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्षों के साथ बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और उनका त्वरित



समाधान किया जाए. एसडीपीओ ने अधिकारियों से स्थानीय निवासियों के साथ संवाद बढ़ाने और विश्वास बनाने पर जोर दिया, ताकि लोग बेझिझक अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रख सकें. दिवा, संध्या एवं रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया . एसडीपीओ ने कहा कि जो पदाधिकारी तय समय सीमा के अंदर लंबित कांडों निष्पादन नहीं करेगें, ऐसे अनुसंधानकर्ता पर कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को लिखा जाएगा. लंबित कांडों की समीक्षा के दौरान कई पुलिसकर्मियों से जवाब तलब किया. पुलिसकर्मियों को अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया. न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया. एसडीपीओ ने छापेमारी अभियान चलाकर क्षेत्र में शराब धंधेबाजों और शराबियों पर कार्रवाई करने को कहा.

# रंगारंग कार्यक्रम के बीच नंदनगढ़ महोत्सव का आगाज

**बेतिया/लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के साहु जैन स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रमों के बीच नंदनगढ़ महोत्सव का आगाज किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, एसपी डा. शौर्य सुमन, बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज, विधान पार्षदसौरभ कुमार, भीष्म सहनी, विधायक विनय बिहारी, बेतिया नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया, प्रखंड प्रमुख शंभु तिवारी, लौरिया नप की मुख्य पार्षद सीता देवी, नरकटियागंज की सभापति रीना देवी ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आगत अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।आगत अतिथियों का स्वागत नरकटियागंज एसडीएम सूर्यनारायण



गुप्ता ने किया। जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत बिहार गान से किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के अलावे प्रदेश स्तर से लोक कलाकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

### बंद घर का ताला तोड़ कर चोरों ने लाखों की संपत्ति चुरायी

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एम एच नगर थाना के सुरुहुरीडीह निवासी लालू साह के बंद मकान में चोरों ने बीती रात 10 हजार नगद सहित लाखों की चोरी कर ली। गृहस्वामी लालू साह बाहर रहते हैं। उनकी पत्नी और पुत्री दोनों अपने रिश्तेदार के यहाँ शोक संवेदना व्यक्त करने गयी थी। इस दौरान चोरों ने घर में चोरी की घटना का अंजाम दिया। ग्रामीणों ने सुबह घर का ताला टूटा देख कर गृहस्वामी की पत्नी को सूचना दी। मां बेटी जब घर आकर देखी तो हैरान रह गयी। चोरों ने तिजोरी का ताला तोड़कर करीब 10 हजार रुपये नगद और चार तोला सोने-चाँदी के गहने साथ मे कपडे भी चुरा ली। घर में अगले महीने शादी थी, जिसकी तैयारियां चल रही थी। चोरी की घटना के बाद लोगों दहशत में हैं।

# मानवता की सेवा का प्रर्याय बनी गया रेडक्रॉस सोसायटी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेड क्रॉस दुनिया का सबसे बड़ा मानवतावादी स्वयंसेवी संगठन है। रेड क्रॉस मानवता की सेवा का पर्याय है। कोई भी संगठन अपने सदस्यों एवं स्वयंसेवकों से पहचाना जाता है। जिला रेड क्रॉस ने अपने मानवीय कार्यो एवं गतिविधियों से सेवा क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। यह सब आप सक्रिय सदस्यों और स्वयंसेवकों की सेवा भावना तथा सहयोग से ही संभव हुआ है। उक्त बातें मुख्य अतिथि बिहार सरकार की पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी सह स्थानीय विधायक ने रेड क्रॉस भवन, बेतिया में आयोजित सदस्यता प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। उन्होंने सदस्यों से यह भी कहा कि आप सभी मानवता कार्य के इस अभियान की ऊर्जा को बनाए रखें तथा इसे और आगे ले जाएं। कार्यक्रम के अध्यक्ष शाखा के वाईस चेयरमैन विश्वनाथ झुनझुनवाला, सचिव डॉ. जगमोहन कुमार, संयुक्त सचिव जगदेव प्रसाद, प्रबंध समिति सदस्य सैयद अब्दुल मजीद व सैयद शकील अहमद, आजीवन सदस्य इंदु कुमारी ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ से मुख्य अतिथि का स्वागत सम्मान किया। संचालन डॉ. जगमोहन कुमार, धन्यवाद ज्ञापन जगदेव प्रसाद ने किया। वहीं प्रबंध समिति सदस्य लालबाबू प्रसाद व रेमी पीटर हेनरी, सदस्य इंदु कुमारी ने रेड क्रॉस के कार्यक्रम, गतिविधियों व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 04 दर्जन से अधिक महिला-पुरुष सदस्यों को सदस्यता प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। मौके पर प्रबंध समिति सदस्य श्याम राज, आजीवन सदस्य संदीप कुमार, अमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ. राजीव नयन, डॉ .राकेश रंजन, बिहारी लाल प्रसाद, अर्चना कुशवाहा, फ्रांसिस जेवियर, चंदन लकरा, दिनेश कुमार, जेम्स माइकल, सुंदरम देवी, सुनीता शर्मा, देवेन्द्र कुमार यादव, समीर खान, अवधेश कुमार, जितेन्द्र शर्मा, अंकित अग्रवाल, कृष्ण मोहन प्रसाद, आदित्य राज, प्रदीप केशान, रामबाबू साह, संदीप कुमार अग्रवाल, अंजनी कुमार सिन्हा, अरुण कुमार बरनवाल, स्वयंसेवक राम कुमार, इमरान कुरैशी व कर्मी मधुरेन्द्र चौबे आदि उपस्थित थे।

# भगत सिंह के स्मारक का होगा भव्य निर्माण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर स्थानीय तीन लालटेन स्थित भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विभिन्न संगठनों के लोगो ने श्रद्धांजलि दी। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने माल्यार्पण करने के बाद बताया कि अमर शहीद भगत सिंह के स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए तीन लालटेन चौक को भगत सिंह यादगार



स्मारक बनाने का प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड ने पारित किया है। इस स्मारक के सभी जर्जर दीवाल की जगह नया दीवाल निर्माण कराकर ग्रेनाइट का कवरिंग स्लैब, आउटर वॉल पर टाइल्स, ग्रेनाइट और टाइल्स की फ्लोरिंग, मूर्ति का ग्रेनाइड लगा स्टैंड और स्लोगन, आउटर दीवार पर दर्जनभर ग्लोब लैंप लगाए जाने की उनकी महत्वाकांक्षी योजना का कायार्देश एक सप्ताह के अंदर जारी कर कार्य शुरू करा दिया जायेगा। वहीं दूसरी ओर जनसुराज की ओर से ओम ठाकुर, के नेतृत्व में जनसुराज कार्यकताओं ने भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर धीरज तिवारी, जावेद अहमद, डा.अर्चना बाला,रश्मि राव आदि मौजूद रहे। वहीं भाकपा माले की ओर से भी शहीद भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी।

# विश्व यक्ष्मा दिवस : टीबी चैंपियन रिया टीबी मुक्त अभियान को दे रही है उड़ान

**निजी डॉक्टरों के पास इलाज में अधिक पैसे खर्च होने के बाद परेशान थे परिवार के लोग**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक समय ऐसा लग रहा था कि मैं अब जिंदा नहीं बचूंगी। क्योंकि खांसते- खांसते दम फूलने लगता था कि जिंदा रहने से बेहतर मर जाना ही अच्छा होता। कुछ इसी तरह की कहानी शहर के फलमंडी स्थित अर्जुन प्रसाद और सीमा देवी की 21 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी की है.रिया मार्च 2021 में सूखा खांसी, बुखार और सीने में दर्द की शिकायत से परेशान होने के कारण लगभग 4 से 5 निजी डॉक्टरों से उपचार करा चुकी थी.लेकिन ठीक नहीं होने से खुद के साथ घर परिवार के लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था. साथ ही आर्थिक रूप से काफी बोझ भी सहना पड़ा था. हालांकि थक हार कर अंत में सरकारी अस्पताल में जाने का मौका का मिला.जिसके बाद हर तरह की जांच और दवाएं दी गई.लगभग 9 महीने सुचारू रूप से दवा का सेवन के साथ-साथ पोषण युक्त आहार खाने से अब पूरी तरह से ठीक हो चुकी हूं.

**जिला यक्ष्मा केंद्र में रिया का हुआ निःशुल्क इलाज**

रिया की मां सीमा देवी ने बताया कि अपनी बेटी को रिक्शा में किसी तरह से बैठाकर सदर अस्पताल लेकर गई. क्योंकि उस समय लगभग 30 किलो वजन था. काफी दुबली पतली होने से चलने फिरने या खड़ा होने के लिए किसी का सहारा लेना पड़ता था. हमलोगों को लगा कि बीमारी अब ठीक होने वाला नहीं है. लेकिन सदर अस्पताल



में बलगम, एक्सरे, एच आई वी, उच्च गुणवत्ता और मधुमेह की जांच की गई. उसके बाद पता चला कि फेफड़े में टीबी हुई है. इतना सुनते ही हमलोगों को चिंता सताने लगी कि इतना महंगा इलाज हमलोग कैसे कराएंगे.क्योंकि शहर के निजी चिकित्सकों से इलाज कराने में काफी पैसा लग गया था. क्योंकि परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है. हालांकि यक्ष्मा विभाग के तत्कालीन जिला टीबी एड्स समन्वयक दिलीप कुमार और वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक राम सागर राम ने हमलोगों को काफी समझाया और ढांढस बढ़ाया. दवा के साथ ही हमलोगों ने बेटी को पोषण युक्त आहार खाने के लिए हरी साग सब्जी, फल, अंडा, चना, गुड़, दूध सहित पौष्टिक भोजन खिलाई गई.जिस कारण बहुत ही जल्द ठीक हो गई.

**टीबी बीमारी को मात देकर टीबी मरीजों को जागरूक कर रही है रिया**

टीबी जैसी बीमारी को मात देकर पूरी तरह से ऊबर चुकी रिया कुमारी का कहना है कि नगर परिषद क्षेत्र के लगभग तीन सौ से अधिक टीबी मरीजों को जागरूक करते हुए दवा, जांच और समुदायिक स्तर पर सभी लोगों को यक्ष्मा जैसी बीमारी से बचाव, लक्षण और उचित उपचार के साथ ही पोषण युक्त आहार खाने के लिए प्रेरित और सलाह देने का काम करती हूं. हालांकि विभागीय स्तर पर कार्य करने के लिए यक्ष्मा विभाग को डॉट प्रोवाइडर के रूप में सहयोग करने वाली रीच इंडिया के द्वारा दिसंबर 2023 में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई थी. जिसमें यक्ष्मा विभाग द्वारा मेरे नाम का चयन कर भेजा गया था.दो दिनों का प्रशिक्षण लेने के बाद टीबी मरीजों को हर तरह से सहयोग कर रही हूं. जिसका नतीजा यह हो रहा है कि शहर में किसी को भी हल्की सी खांसी या किसी तरह की शिकायत होती है तो हमारे पास सूचना या जानकारी मिल जाती है.टीबी बीमारी के अलावा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एच आई वी, बलगम, एक्सरे, सीबीसी और आरबीसी जांच करा कर उचित इलाज और दवा उपलब्ध कराया जाता है. प्रत्येक मरीजों को दवा देने के बाद दो महीने और छह महीने के अंतराल पर बलगम और एक्सरे जांच कराते हुए उसका फॉलोअप भी मेरे द्वारा कराया जाता है.

# सदर अस्पताल में मरीजों को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

## औरंगाबाद के अलावा अन्य जिलों के मरीज भी हो रहे लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसी के तहत औरंगाबाद के सदर अस्पताल का कायाकल्प भी हो रहा है। एक समय था जब सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने से लोग हिचकिचाते थे, लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। अब सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है और औरंगाबाद सदर अस्पताल इस बदलाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल का दर्जा प्राप्त है और इसे और भी बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं। इस अस्पताल में प्रसव से लेकर एसएनसीयू (विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई) तक की बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे जिले के लोग बहुत लाभान्वित हो रहे हैं। मातृ शिशु अस्पताल के निर्माण के साथ यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मां और बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं मिले। अस्पताल के




उपाधीक्षक सुरेंद्र सिंह के अनुसार एक आम धारणा बनकर रह गयी थी कि सरकारी जगहों पर अव्यवस्थाएं होंगी, अनियमितता देखने को मिलेगा और किसी प्रकार की सुविधाएं नही मिलेंगी, लेकिन औरंगाबाद सदर अस्पताल ने इस मिथक को तोड़ा है। यहां पहले की अपेक्षा स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सुधार के इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव नजर आ रहा है, जिससे यह आशा की जा सकती है कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार की उन्नत सुविधाएं और अन्य स्थानों पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। उपाधीक्षक ने कहा कि औरंगाबाद के लोग अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं और यह अस्पताल इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और भी कई सुविधाएं जिला के सदर अस्पताल में बहाल की जाएगी। जो किसी निजी सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में लोगों को मिलती है। जांच से लेकर इलाज और ऑपरेशन की हर सुविधा सदर अस्पताल में लोगों को मिल रही है।

**अस्पताल में मौजूद सुविधाएं :**

सदर अस्पताल में अत्याधुनिक लैब में जांच के साथ-साथ सीटी स्कैन, एक्स-रे, डायलिसिस, फिजियोथैरेपी की सुविधा लोगों को मिल रही है। इसके अलावा यहां का चाइल्ड केयर यूनिट भी देखने लायक है।

# संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना हमारा मुख्य उद्देश्य : सुरेश कुमार गुप्ता




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** संस्कार विद्या, नालेज सिटी, दाउदनगर में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। परिणाम दिवस के अवसर पर कुल 490 छात्र/ छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ अपने रिपोर्ट कार्ड को प्राप्त किया। प्रत्येक क्लास के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/ छात्राओं को मोमेंटो, सर्टिफिकेट एवं रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया एवं अन्य स्थान प्राप्त करने वालों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना हमारा मुख्य उद्देश्य है, ताकि बच्चे भावी जीवन की चुनौतियों का सामना कर सके। सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि परिणाम दिवस बच्चों के लिए काफी अनोखा दिवस होता है, जिसका बच्चों को काफी बेसब्री से इंतजार रहता है। पूरे साल शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों का मूल्यांकन परिणाम दिवस के दिन घोषित किया जाता है। डिप्टी सीईओ विद्या सागर ने कहा कि आज के बच्चे देश के भावी कर्णधार हैं इन्हें समयानुसार विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से तैयार किया जाता है। संस्कार विद्या के प्राचार्य ए के मिश्रा, उप प्राचार्य संतोष पाण्डेय एवं अन्य शिक्षकों ने परिणाम दिवस को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई।

# यक्ष्मा उन्मूलन की दिशा में बड़ी उपलब्धि, डॉ. रवि रंजन होंगे सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले में यक्ष्मा (टीबी) उन्मूलन के लिए किए गए प्रभावी और कारगर प्रयासों के फलस्वरूप जिले की कई पंचायतें पूरी तरह से यक्ष्मा मुक्त घोषित की गई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को देखते हुए औरंगाबाद के अपर उपाधीक्षक सह सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत केंद्रीय यक्ष्मा प्रभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें विश्व यक्ष्मा दिवस समारोह के दौरान सोमवार को नई दिल्ली में प्रदान किया जाएगा। औरंगाबाद जिले में स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयासों से कई पंचायतों को यक्ष्मा मुक्त घोषित किया गया है।



इनमें प्रमुख रूप से औरंगाबाद सदर प्रखंड की परसदीह पंचायत, देव की हसौली पंचायत, नबीनगर की जयहिंद तेंदुआ पंचायत तथा ओबरा सदर पंचायत शामिल हैं। केंद्रीय टीबी डिवीजन ने इन पंचायतों की स्थिति की पुष्टि करते हुए उन्हें यक्ष्मा मुक्त घोषित किया है। यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले की प्रगति को दर्शाती है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक मिसाल पेश करती है। औरंगाबाद जिले में यक्ष्मा उन्मूलन के इस मिशन को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा पदाधिकारी और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर काम किया। डॉ. रवि रंजन के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने न केवल रोगियों की पहचान की, बल्कि उन्हें समुचित चिकित्सा सहायता और परामर्श भी प्रदान किया। इसके अलावा, समुदाय में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को टीबी के लक्षण, रोकथाम और उपचार के प्रति सचेत किया गया। डॉ. रवि रंजन को यह सम्मान मिलने की घोषणा के बाद औरंगाबाद जिले में खुशी का माहौल है। जिला नागरिक परिषद समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने डॉ. रवि रंजन को बधाई दी है। परिषद के सदस्यों ने कहा कि उनके प्रयासों से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिली है और टीबी के खिलाफ जंग में यह एक ऐतिहासिक सफलता है। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व यक्ष्मा दिवस समारोह में केंद्रीय यक्ष्मा प्रभाग द्वारा डॉ. रवि रंजन को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न राज्यों से आए चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। डॉ. रवि रंजन के प्रयासों से औरंगाबाद जिला देशभर में एक मिसाल बन गया है और यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान का प्रमाण है, बल्कि जिले के स्वास्थ्य तंत्र की सुदृढ़ता को भी दर्शाता है।

# पुलिस टीम ने प्रशासन एकादश को हराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार दिवस के अवसर पर फैंसी क्रिकेट का आयोजन किया गया जिसमें प्रशासनिक अधिकारी बनाम पुलिस अधिकारी के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। इस दौरान टॉस जीत कर प्रशासनिक अधिकारियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को 101 रनों का लक्ष्य दिया। इसमें सीनियर डिप्टी कलेक्टर मेराज जमील ने सर्वाधिक 54 रन बनाएं। साथ ही जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने 15 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी पुलिस पदाधिकारियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और मैच को अपने नाम किया। इस दौरान आखिरी ओवर में 34 रन की आवश्यकता थी जिसमें सार्जेंट विशाल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य हासिल किया और अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। खेल के अंत में सर्वाधिक रन बनाने वाले और विकेट लेने वाले खिलाड़ी सीनियर डिप्टी कलेक्टर मेराज जमील




को ट्राफी प्रदान की गई। वहीं मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सार्जेंट विशाल को नामित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से खिलाड़ी जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, सीनियर डिप्टी कलेक्टर मेराज जमील, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार, अपर योजना पदाधिकारी श्वेत सुमन, एडीएसएस अमृत ओझा एवं पुलिस पदाधिकारियों में मैच के खिलाड़ी पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, मदनपुर एसडीपीओ अमित कुमार, दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज, डीएसपी मुख्यालय, डीएसपी लाइन आकाश कुमार, सार्जेंट विशाल आदि शामिल थे।

# सड़क दुघर्टना में घायल दोनों बाइक चालकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड के राजापुर मोड़ के समीप हुए सड़क दुघर्टना में दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान बंदेया थाना क्षेत्र के भूसा व्यवसायी अंशु कुमार व हसपुरा थाना के सैदपुर निवासी शिक्षक इंद्रजीत कुमार के रूप में हुई है। वहीं सड़क दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल मृत शिक्षक की पत्नी सुनीता देवी की हालत नाजुक है। रविवार को जैसे ही दोनों मृतकों का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। वहीं दोनों गांवों में मातम पसरा हुआ है। विदित हो कि शनिवार को गोह थाना के राजापुर मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी जिसमें एक बाइक सवार युवक व एक दंपति गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। तीनों घायलों को गोह पीएचससी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई।

# एकाग्र कोचिंग में कोटा और दिल्ली की तर्ज पर होगी पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के एमजी रोड स्थित नागा बिगहा मोड़ के समीप रविवार को एकाग्र कोचिंग का उद्घाटन किया गया। इस कोचिंग में कोटा और दिल्ली की तरह पढ़ाई होगी। यहां छात्र-छात्राओं को नीट, जेई, फाउंडेशन, पारा मेडिकल और जीएनएम/ एएनएम आदि कोर्स कराए जाएंगे। वहीं सीबीएसई बोर्ड में क्लास 6 से 12 एवं बिहार बोर्ड में वर्ग 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए भी पढ़ाई का बेहतर माहौल है। कोचिंग उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, चिकित्सक डॉ राजीव रंजन आदि ने बताया कि औरंगाबाद शहर में इस तरह का कोचिंग संस्थान खुलने से यहां के छात्र-छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा। यहां पर उच्च तकनीकी सुविधाओं के साथ पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। वहीं अच्छे गुणवत्तापूर्ण शिक्षक बच्चों



को शिक्षा प्रदान करेंगे जो काफी सराहनीय है। एकाग्र संस्थान के निदेशक एवं एकेडमिक हेड डॉ आशुतोष ने बताया कि औरंगाबाद शहर में काफी समय से अच्छे शिक्षण संस्थान की जरूरत छात्र-छात्राओं के बीच काफी पहले से महसूस की जा रही थी, इसी को देखते हुए यहां पर यह संस्थान खोला गया है। उन्होंने बताया कि हमारे यहां हर विषय के अनुभवी शिक्षक हैं जो छात्र-छात्राओं को बड़े शहरों की तरह शिक्षा प्रदान करेंगे ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके और वे अपने जीवन में सफल हो। मौके पर मार्केटिंग हेड रंजय, मैनेजमेंट हेड पवन, हिंदी मीडियम बैच एकेडमिक हेड वीर आशुतोष आदि मौजूद रहे।

# विद्युत चोरी मामले में छह पर नामजद प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** विद्युत चोरी के खिलाफ विभाग द्वारा चलाए जा रहे छापेमारी अभियान में 6 लोगों को पकड़ा गया है और 60 हजार जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई मदनपुर थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में की गई। इस दौरान सोनवर्षा गौरा निवासी प्रियरंजन कुमार यादव के द्वारा बिना कनेक्शन लिए चोरी से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। वहीं महेन्द्र यादव का बिजली बिल बकाया रहने पर कनेक्शन काट दिया गया था। इसके वावजूद अवैध रुप से विद्युत उपयोग कर रहे थे। ग्रेवाल बिगहा निवासी सहेन्द्र यादव, पुरनंदु यादव, राजेश यादव एवं शिवगंज निवासी सिकंदर चौधरी का विद्युत बिल बकाया रहने के कारण कनेक्शन काट दिया गया। इसके बाद उसने अवैध रुप से विद्युत उपयोग करने पर जुर्माना लगाया गया है। वहीं मामले में इन सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापेमारी दल का नेतृत्व विद्युत सहायक अभियंता शिवरतन लाल ने किया। एफआईआर विद्युत कनीय अभियंता राकेश कुमार राम के बयान पर दर्ज किया गया है।

# पुस्तकालय का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के चौबड़ा पंचायत के नागरिक सुविधा केन्द्र में पुस्तकालय का उद्घाटन फीता काटकर एमएलसी दिलीप कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रदीप कुमार चौरसिया, मुखिया संजय कुमार, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, भोला वर्मा, कासमा मंडल भाजपा अध्यक्ष मनोज कुमार यादव एवं सिमरी व्यापार मंडल मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। आगत अतिथियों को गुलदस्ता, माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एमएलसी दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा संस्कारयुक्त होनी चाहिए। उन्होने कहा कि गांववासी आपस मे मिल-जुल कर रहे। सार्वजनिक जगहों का विकास होना चाहिए। इस मौके पर शिक्षक बसंत कुमार, कुन्दन मिश्र, रिंकी कुमारी, रंजू कुमारी,



राजेश कुमार, विकी कुमार, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, शंभू प्रसाद, दयानंद, चंन्द्रेश्वर मेहता, रामेश्वर यादव, मो मुर्शीद, मो रसीद, जयनंदन रजक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# करंट लगने से राजमिस्त्री झुलसा

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** शहर के डाक बंगला के समीप करंट की चपेट में आने से एक राजमिस्त्री जख्मी हो गया। घायल को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। घायल की पहचान रफीगंज के कियाखाप गांव निवासी रामाशीष पासवान के रूप में की गई है। रामाशीष कार्य के दौरान बगल से गुजरी हाई टेंशन तार की चपेट में आ गए। प्राथमिक उपचार कर रहे चिकित्स ने बताया कि जख्मी को प्राथमिक उपचार किया जा रहा है, मरीज खतरे से बाहर है।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने की छठ घाट की सफाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज एनएसएस यूनिट के विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों की टीम पवई गांव स्थित बटाने नदी के सूर्य मंदिर पहुंची, जहां कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका और समन्वयक डॉ. संजीव रंजन के मार्गदर्शन में पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान कॉलेज की प्रगति और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। रविवार होने के कारण इस कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने छठ घाट की सफाई की जिसमें डॉ. निहारिका और डॉ. संजीव रंजन ने






भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसी क्रम में शहीद दिवस के अवसर पर एनएसएस यूनिट की ओर से एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें युवाओं ने देशभक्ति के नारे लगाए और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में स्वयंसेवकों ने बटाने नदी के किनारे स्थित विवाह मंडप में लिट्टी-चोखा पार्टी का आयोजन किया। इस आयोजन की खासियत यह रही कि सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर भोजन तैयार किया और एक पारिवारिक माहौल में सभी ने इसका आनंद लिया। इस पूरे आयोजन में रीना, श्रेया, प्रीति, पम्मी, चंदन, विशाल, सुशांत, सनोज, सचिन, प्रिंस, शुभम, ओमप्रकाश, रितिका सहित दर्जनों स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने एनएसएस यूनिट को बधाई देते हुए आगामी दो दिनों के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

# आरोपित गिरफ्तार

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज पुलिस ने पोगर गांव निवासी बच्चन साव के पुत्र बिशुनकुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि आरोपित थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिक को अपने साथ भगाकर ले गया था। इस मामले नाबालिक के पिता ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पुल निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के सिजुवाही व खुटीडीह गांव के सामने उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के नहर पर पुल नहीं बनने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। पुल नहीं रहने के कारण कई गांवों के लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों ने इसके लिए कोई प्रयास नहीं किया। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों, सांसद-विधायक से लेकर पंचायत के जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाई, पर उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि उनकी समस्या के समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं करते हैं। विदित हो कि इन दिनों उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के नहर जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा हैं। ग्रामीणों ने रविवार को पुल निर्माण की मांग को लेकर नहर पर ही बैठक की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पुल बन जाने से जमुनिया, चिलमी, कोयरी बिगहा, मैनपुर, पीतांबरा, खुटिडीह, जुड़ाही सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को लाभ होगा। इससे कई गांवों के बीच सीधा संपर्क स्थापित हो सकेगा। इसके साथ ही लोगों को आवागमन में सहूलियत व आसानी हो सकेगी। जबकि, प्रखंड क्षेत्र में जाने के कई रास्ते खुल जाएंगे। इससे कम समय लगेगा। ग्रामीणों ने कहा कि अगर पुल का निर्माण शीघ्र नहीं कराया गया, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन

**■ दी आंदोलन की चेतावनी**

करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन को होगी। बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र यादव, विजय कुमार उर्फ गोलू यादव, सुखदेव यादव, अर्जुन यादव, सतनारायण यादव, गिरजा मोहन यादव, अनिल यादव, जितेंद्र यादव, रामनारायण यादव, विकास कुमार, शैलेंद्र कुमार, ओमप्रकाश कुमार, मोहित कुमार, किट्टू कुमार, गोपाल शरण यादव, धनेश्वर यादव, महेश्वर यादव, रामचंद्र यादव, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, कमलेश यादव, पिंटू कुमार, मुन्ना कुमार, शीर्षक कुमार, आदर्श कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में कई घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड के चेंव मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर रविवार को एक ई रिक्शा पलट गई। इस घटना में पांच लोग घायल हो गए। घायल कासमा थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी डॉ. अयोध्या मिस्त्री के 39 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र मिस्त्री, मोहम्मद साबिर के 40 वर्षीय पत्नी जोहरा खातून, मिथिलेश दास के 40 वर्षीय पत्नी कौशल्या देवी को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया तथा दो अन्य घायलों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल सत्येंद्र मिस्त्री को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डॉ. धनंजय शर्मा के द्वारा औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# स्वच्छता घोटाले का आरोप, सामाजिक कार्यकर्ता ने बीडीओ के खिलाफ दायर किया परिवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (बिहार)।** सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश कुमार विकल ने ओबरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के खिलाफ परिवाद दायर करते हुए स्वच्छता योजनाओं में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न स्वच्छता योजनाओं पर भारी धनराशि खर्च किए जाने के बावजूद क्षेत्र में स्वच्छता की स्थिति दयनीय बनी हुई है। विकल ने अपने परिवाद में ग्राम पंचायत रतनपुर से महुआव ग्राम पंचायत तक नहर किनारे की सड़क का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां इतनी अधिक गंदगी और खुले में शौच की समस्या है कि पैदल चलना तो दूर, गाड़ी से यात्रा करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार हर घर में शौचालय बनाने के लिए 12 हजार रुपये दे रही है और पंचायत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित करने के लिए लाखों रुपये आवंटित किए जा रहे हैं, तो फिर यह समस्या क्यों बनी हुई है? उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि स्वच्छता कर्मियों की तैनाती और सफाई व्यवस्था के नाम पर बड़े पैमाने पर बंदरबांट की जा रही है, लेकिन समस्या जस-की- तस बनी हुई है। विकल ने प्रशासन से मांग की कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अपने परिवाद में आग्रह किया कि खुले में शौच की समस्या को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को स्वच्छ और साफ रास्ते मिल सके।